रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 26] नई दिल्ली, शनिवार, जून 29, 1974 (आषाढ़ 8, 1896)

No. 26] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 29, 1974 (ASADHA 8, 1896)

197

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 28 फरवरी 1973 तक प्रकाशित किए गए हैं--

The undermentioned Gazettes of India Extraordinary were published up to the 28th February 1973:—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject

----शून्य----

----Nil----

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां, प्रकाशन नियन्त्रक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र नियन्त्रक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the Gazettes Extraordinary mentioned above will be supplied on indent to the Controller of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Controller within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	609
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1025
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	719
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	1559
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	1633
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	243
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	3723
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	401
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	309
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस .	105
पूरक संख्या 26—	
22 जून, 1974 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट .	751
1 जून, 1974 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु-संबंधी आंकड़े	773

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	609
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	1025
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	—
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	719
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc., of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1559
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	163
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	243
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	3723
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	401
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners ..	
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	309
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	105
SUPPLEMENT NO. 26	
Weekly Epidemiological Reports for week ending 15th June 1974	751
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 1st June 1974	773

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 17 जून 1974

सं० 84-प्रेज/74—राष्ट्रपति निम्नलिखित सेनानियों को उनकी असाधारण कर्तव्यपरायणता अथवा साहसपूर्ण कार्यों के लिए "सेना मैडल"/"आर्मी मैडल" प्रदान करते हैं :—

1. लेफ्टिनेन्ट कर्नल एन्थोनी ब्राज़ सीग्रोल डी मेलो (आई० सी०-4912) सिख लाइट इन्फैन्ट्री ।

लेफ्टिनेंट कर्नल एन्थोनी ब्राज़ सीग्रोल डी मेलो 6 दिसम्बर, 1971 को एक बटालियन की कमान कर रहे थे, जिसे जैसूर क्षेत्र में दुर्गाबारकटी नामक बहुत महत्वपूर्ण और काफी रक्षित स्थान पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था। इनकी बटिालियन आक्रमण के लिए जैसे ही तैयार हो रही थी कि शत्रु ने तोपों और मशीनगनों से उस पर भारी गोलाबारी शुरु कर दी। इससे विचिलित हुए बिना इन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए और बडी वीरता दिखाते हुए अपनी बटालियन को लेकर स्वंय आगे बढ़े। इनके उत्साहवर्धक नेतृत्व में बटालियन नें उस स्थान पर कब्जा कर लिया और शत्रु की लगातार गोलाबारी के बावजूद वे उस स्थान पर जमे रहे और शत्रु को भारी नुकसान पहुंचाते हुए उस पर जवाबी हमला करते रहे। किसी हद तक दुर्गाबारकटी के पतन के ही कारण जैसूर में शत्रु की सुरक्षा व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो गयी।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेंट कर्नल एन्थोनी ब्राज़ सोग्रोल डी मेलो ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

2. लेफ्टिनेन्ट कर्नल हरीश चन्द्र सचदेव (आई सी-6848) मराठा लाइट इन्फैन्ट्री।

लेफ्टिनेन्ट कर्नल हरीश चन्द्र सचदेव, मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की उस बटालियन की कमान कर रहे थे, जिसने पश्चिमी क्षेत्र में बुर्ज चौकी पर पुनः कब्जा कर लिया था और उस पर अपना नियंत्रण रखे हुए थे। 9 दिसम्बर, 1971 को शत्रु ने उस क्षेत्र में एक के बाद दूसरा आक्रमण जारी रखा और तोपखाने की भारी गोलाबारी की सहायता से आगे बढ़ कर उसने वीरा और बुर्ज पर अपना अधिकार जमा लिया और फिर भिडी पुलाख में स्थित हमारी फौज को खतरा पैदा हो गया। ऐसे समय में लेफ्टिनेन्ट कर्नल सचदेव ने स्थिति का नियत्रण अपने हाथ में ले लिया और सर्वदा उपस्थित रहते हुए तथा अपने उत्साहवर्धक नेतृत्व से इन्होंने शीघ्र ही स्थिति को अपने अनुकूल बना लिया। इन्होंने शत्रु द्वारा बार-बार किये जाने वाले आक्रमणों को विफल किया और उसे भारी नुकसान पहुंचाया। शत्रु की बटालियन पूर्णतः छिन्न-भिन्न हो गई उसके सैनिक आंतकित होकर अपने पीछे अपने कमांडिग अफसर की जीप छोड़ कर भाग खड़े हुए।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट कर्नल हरीश चन्द्र सचदेव ने साहस, नेतृत्व और पहल-शक्ति का परिचय दिया।

3. मेजर विजय सिंह अबासाहेब मिसल (एस० एस०-19456)

मराठा लाइट इन्फैन्ट्री।

17 दिसम्बर, 1971 को मेजर विजय सिंह अबासाहेब मिसल अपनी बटालियन की उस कम्पनी की कमान कर रहे थे जिसे लीपा घाटी में 10,000 फुट से अधिक ऊंचाई पर स्थित एक ठिकाने पर कब्जा करने का काम सोंपा गया था ताकि उस क्षेत्र में शत्रु की संचार व्यवस्था को भंग किया जा सके। बहुत ऊंचाई पर खतरनाक और दुर्गम रास्तों को पार करते हुए मेजर मिसल ने कम्पनी के लिए एक सुरक्षित स्थान पर कब्जा कर लिया। शत्रु ने कम्पनी पर तोप और मोर्टार से भारी और सही गोला-बारी शुरू कर दी। इससे विचलित हुए बिना इन्होंने सफलतापूर्वक शत्रु के आक्रमणों को विफल कर दिया और काफी कठिनाइयों के बावजूद इन्होंने उस स्थान को 12 घन्टे से अधिक समय तक उपने कब्ज में रखा। परिणामस्वरूप यह स्थान युद्ध विराम हमारे कब्जे में रहा और सामूहिक दृष्टि से हमारे लिये काफी उपयोगी सिद्ध हुआ।

इस कार्रवाई में मेजर विजय सिंह अबासाहेब मिसल ने साहस, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

4. एविएटर मेजर कल्प नाथ राय (आई सी-20515) जाट रेजिमेंट।

7 दिसम्बर 1971 को मेजर कल्प नाथ राय एक बटालियन की उस कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसे कोमिला पर कब्जा करने का आदेश दिया गया। वह बटालियन 8 दिसम्बर को 0230 बजे कोमिला के दक्षिण में पहुंच गई और वह शत्रु के एक ऐसे मोर्चे के सामने आ गई जो पक्के मकानों और चारों ओर से सुरक्षित बंकरों से युक्त था। मेजर कल्पनाथ ने शत्रु के इस मोर्चे पर आक्रमण का नेतृत्व किया। जैसे ही इनकी कम्पनी ने आक्रमण

शुरु किया, शत्रु ने इन पर स्वचालित और अर्ध-स्वाचालित हथियारों से भारी गोलाबारी कर दी जिससे एक मिनट में ही तीन व्यक्ति वीरगति को प्राप्त हुए और पांच अन्य घायल हुए। इससे जरा भी विचलित हुए बिना उन्होंने अपने सैनिकों को उत्साहित करते हुए पुनः शत्रु पर भारी हमला बोल दिया। बायीं ओर से इन पर मझोली मशीनगन से भारी गोलाबारी की गई लेकिन इनके उत्साहजनक नेतृत्व में इनके सैनिक शत्रु की तोपें शांत करने में सफल हो गए, भले ही इसके लिए कई जाने देनी पड़ीं। लेकिन उसी समय कम्पनी पर बायीं ओर से मझोली मशीनगन से भारी गोलाबारी शुरू हो गई। जब इहोंन्ने देखा कि शत्रु के उस बंकर पर सामने से नहीं पहुंचा जा सकता तो ये अकेले ही एकदम दायीं ओर से रेंगते हुए उस बंकर की ओर बढ़े और बंकर के अन्दर से ग्रिनेड फेंक कर बाद में स्टेनगन से गोलियां चलाईं और शत्रु की मशीनगन को बंकर से बाहर खींच निकाला। इस साहसपूर्ण कार्रवाई में इनकी कम्पनी ने शत्रु के 23 सैनिक मार डाले और भारी मात्रा में राइफलें और गनें अपने कब्जे में कीं।

इस पूरी कार्यवाई में मेजर कल्प नाथ राय ने साहस, दृढ़ संकल्प और नेतृत्व का परिचय दिया।

5. मेजर शिवीन्द्र पाल सिंह (आई सी-16144) (मरणोपरान्त)
5 गोरखा राइफल्स

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध सक्रियाओं के दौरान मेजर शिविन्द्र पाल सिंह अपनी बटालियन की उस कम्पनी की कमान कर रहे थे जो कपोड़ा और राधानगर में शत्रु की स्वचालित गनों और तोपखाने की भारी गोलाबारी की चपेट में आ गई थी। लेकिन मेजर शिवीन्द्र पाल सिंह इससे विचलित न हुए और अपने सैनिकों को साथ ले अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते चले गए और शत्रु के बिलकुल पास पहुंच कर बंकरो में उनसे जूझ गए। जब उनका एक प्लाटून कमान्डर गम्भीर रूप से घायल हो गया तो उन्होंने उसकी मरहम-पट्टी करके उसे वहां से पीछ भेज कर पुनः फिर शत्रु पर आ टूटे। यद्यपि वे स्वंय भी गम्भीर रूप से घायल हो गए थे लेकिन फिर भी अपने घावों की चिन्ता न करते हुए वे अपने सैनिकों को उत्साहित करते रहे और उन्हें प्रेरणा देते रहे। उन्होंने शत्रु के पांच बंकरों का सफाया कर के और उसके लगभग 30 सैनिकों को धराशायी कर शानदार ढंग से अपना कार्य पूरा किया। शत्रु से जूझते हुए वे तब तक आगे बढ़ते रह जब तक कि घावों के कारण वीरगति को प्राप्त नहीं हो गए।

इस कार्रवाई में मेजर शिवीन्द्र पाल सिंह ने वीरता, नेतृत्व और दृढ़निश्चय का परिचय दिया।

6. मेजर प्रकाश सिंह राजपूत (आई सी -17822)
जाट रेजिमेंट।

मेजर प्रकाश सिंह राजपूत, चिटगांव की ओर बढ़ने वाली बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रह थे। 13 दिसम्बर 1971 को जब वह बटालियन कुमारीघाट की ओर बढ़ रही थी तो इन्हें यह आदेश मिला कि ये शत्रु का सामना करने के लिए रेल की पटरी के साथ साथ आगे बढ़े। जैसे ही इनकी कम्पनी एक सैनिटोरियम के पास पहुंची इनपर शत्रु ने 150 मीटर दूर एक बंकर से जो गोली से अवैध था, मझोली मशीनगन द्वारा गोलाबारी कर दी गई। इन्होंने अपनी बायी ओर से आगे बढ़ती हुई प्लाटून को यह आदेश दिया कि वे इन्हें आगे बढ़ते समय पीछ से रक्षा-आवरण दे, और उसके बाद इन्होंने अपने साथ दो प्लाटून लीं और शत्रु के बंकरों पर जा टूटे और फिर एक-एक कर उन्हें नष्ट करना शुरू कर दिया। उन्होंने स्वंय दो बंकर नष्ट किये और मुठ-भेड़ में शत्रु के एक सैनिक को मार गिराया। अपने मजबूत बंकरों को एक-एक करके नष्ट होते देख शत्रु भाग खड़ा हुआ। इस हमले में शत्रु के 13 सैनिक मारे गए और भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद हाथ लगा और इससे कुमारीघाट में शत्रु की स्थिति काफी कमजोर पड़ गई।

इस कार्रवाई में मेजर प्रकाश सिंह राजपूत ने साहस, दृढ़ निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

7. मेजर नरेन्द्र मोहन शर्मा (आई सी० 15082)
इंजीनियर्स।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान मेजर नरेन्द्र मोहन शर्मा, जयन्तीपुर सिलहट अक्ष की ओर बढ़ती हुई सेना की एक फील्ड कम्पनी की कमान कर रहे थे। शत्रु ने यह सोचा कि हमारी फौज उस अक्ष के साथ-साथ आगे बढ़ेगी इसलिए उसने 100 फुट से 400 फुट तक के चौड़े 8 बड़े पुलों को गिरा दिया, इससे हमारी फौज का आगे बढ़ना रुक गया, क्योंकि गिराए गए पुलों से फील्ड गनें नहीं गुजारी जा सकती थीं। आगे बढ़ते हुए सैनिकों के लिए सड़कें और नौकाएं तैयार करने के काम में मेजर शर्मा ने असाधारण उत्साह, कर्मठता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। दूसरी ओर जाने के लिए पहुंच मार्ग और 150 फुट पार करने के लिए एक नौका चार घन्टे के अन्दर तैयार हो गई और उसके बाद शेष सात जगहों पर 42 घन्टे में इसी प्रकार की व्यवस्था बना ली गई। ये बिना आराम किये लगातार काम करते रहे और अपेक्षित उपस्करों के उपलब्ध न होने के कारण इन्हें हर बार काम चलाऊ व्यवस्था करनी पड़ी। गिरे हुए पुलों की सही स्थिति जानने के लिए शत्रु की गोलाबारी के होते रहने के बावजूद भी ये बार-बार आगे गये। पुलों के गिराये जाने के बाद भी फौज की आगे बढ़ते रहने की द्रुत गति को बनाए रखने का श्रेय मुख्यतः मेजर शर्मा की नेतृत्व शक्ति, दूरदर्शिता और योजना कुशलता को ही है। इस तरह हमारी गनें और गाड़ियां आगे बढ़ती हुई इन्फैन्ट्री को पीछे से बराबर रक्षा आवरण दे सकी। 14 दिसम्बर, 1971 को खादिम नगर में जब शत्रु के सुदृढ़ मोर्चों से हमारी फौज का आगे बढ़ना रुक गया, तो मेजर नरेन्द्र मोहन शर्मा ने अपनी फील्ड कम्पनी की एक प्लाटून को लेकर एक ओर से शत्रु के ठिकाने पर कब्जा करने के लिए अपनी सेवाएं अर्पित की। इन्होंने स्वयं अपनी प्लाटून

का नेतृत्व किया और इन्फैन्ट्र कम्पनी के साथ शत्रु पर हमला कर दिया। इस प्रकार खादिम नगर पर कब्जा करने में इन्होंने काफी बड़ा योगदान दिया।

आद्योपान्त मेजर नरेन्द्र मोहन शर्मा ने साहस, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

8. मेजर सुरिन्द्र प्रकाश मरवाह (आई०सी०-15918)
ब्रिगेड आफ गार्डस

8 दिसम्बर, 1971 को मेजर सुरिन्द्र प्रकाश मरवाह को, जो एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, जिसे गौरनगर क्षेत्र में एक हैलीपैड बनाने और रसूलपुर और गौसाईपुर में पगला नदी पर उपयुक्त नौका स्थलों की टोह लगाने का काम सौंपा गया था। अपनी कम्पनी का नेतृत्व करते हुए इन्होंने 18 घन्टों में 50 किलोमीटर रास्ता तय किया और अपना कार्य पूरा किया। लेकिन तब तक योजनाएं बदल चुकी थी, क्योंकि शत्रु पीछे हट चका था और इन्हें आशुगंज की ओर कूच करने के आदेश मिले। मेजर सुरिन्द्र प्रकाश मरवाह जब अपनी कम्पनी को पुन: ग्रुपों में बांट रहे थे तो शत्रु ने इनकी कम्पनी को चारो ओर से घेर लिया। इन्होंने निर्भीकता से शत्रु पर धावा बोला और उनमें से तीन को मृत्यु के घाट उतार कर घेरे को तोड़ डाला और एक मझौली मशीनगन, एक मशीनगन और कई राइफलें कब्जे में कर ली। एक और मौके पर इन्होंने शत्रु के ठिकाने पर आक्रमण किया। शत्रु के हल्के हथियारों और मोर्टार फायर की चिन्ता न करते हुए इन्होंने बड़ी निर्भीकता से उस आक्रमण का संचालन किया और उस ठिकाने को अपने कब्जे में ले लिया।

मेजर सुरिन्द्र प्रकाश मरवाह ने प्रशंसनीय, साहस, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

9. मेजर बहादुर सिंह भट्टी (आई सी-22548)
जाट रेजिमेंट

13 दिसम्बर 1971 की रात्री को मेजर बहादुर सिंह भट्टी जिस कम्पनी का नेतृत्व कर रहे थे तो उसे यह आदेश मिला कि वह उस बटालियन की रक्षा व्यवस्था में खाली जगहों की रक्षार्थ जो लालभाई हिल क्षेत्र में हमला करने से पूर्व अपने सैनिकों का पुन: नियोजित कर रही थी। उस खाली जगह में जब ये लोग पहंच ही रहे थे कि शत्रु ने दुसरी ओर से इन पर छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी की। 18 व्यक्तियों के हताहत होने के पश्चात भी मेजर भट्टी बड़ी निर्भीकता से खुली जगह में अपने सैनिकों का नेतृत्व करते रहे और अपनी वीरता और व्यक्तिगत उदाहरण पेश कर इन्होंने केवल भारी रुकावटों के बावजूद उस स्थान पर अपना कब्जा किया अपितु शत्रु के काफी सैनिको को हताहत करने और उसके चार बंकरों को नष्ट करने में सफलता प्राप्त की।

इस कार्रवाई में मेजर बहादुर सिंह भट्टी ने साहस, दृढ़-निश्चय और प्रेरणापद नेतृत्व का परिचय दिया।

10. मेजर बिक्रम सिंह (आई० सी-14632)
मराठा लाइट इन्फैन्ट्री।

1 दिसम्बर 1971 को जब मेजर बिक्रम सिंह, मराठा लाइट इन्फैट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे, उस समय उसे अरपाड़ा के निकट सुरक्षात्मक मोर्चाबन्द शत्रु की एक प्लाटून से उसका सामना हो गया। शत्रु की प्लाटून के चारों ओर सुरक्षात्मक सुरंगे बिछी हुई थी। जब शत्रु ने गोला-बारी शुरू की और हमारे काफी सैनिक हताहत होने लगे तो ये बड़ी कुशलता से आगे बढ़ते रहे और शत्रु को अपने मोर्चे से हटाते हुए अरपाड़ा में शत्रु की फौज के पास आ पहुंचे। ये जब इस स्थिति में मोर्चाबन्दी कर रहे थे तो इनकी प्लाटून पर तोपों और मशीनगनों से भारी गोलाबारी होने लगी और हमारे लगभग 10 सैनिक हताहत हो गए। इस नाजुक स्थिति को देखते हुए, ये अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए एक खाई से दूसरी खाई में जा-जा कर अपने सैनिकों में साहस और आत्म विश्वास की भावना बढ़ाते रहे। शत्रु की भीषण गोलाबारी के होते हुए भी ये चलते रहे और अपनी कम्पनी को संगठित और उत्साहित करते रहे और अपने व्यक्तिगत उदाहरण पेश कर बहुत जटिल परिस्थितियों में एक सुरक्षित स्थिति लेने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में मेजर बिक्रम सिंह ने अनुकरणीय साहस, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

11. मेजर अखोड़ी अनिल शेखर सिन्हा (आई सी-16553)
कुमाऊं रेजिमेंट।

मेजर अखोड़ी अनिल शेखर सिन्हा कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन की उस कम्पनी की कमान कर रहे थे, जो बंगलादेश में दाऊद कंडी पर कब्जा करने वाली टास्क फोर्स का एक अंग थी। 7 दिसम्बर 1971 को 1700 बजे के लगभग जब यह टुकड़ी एक पुल के पास पहुंची तो सड़क के साथ-साथ बने बंकरों में से शत्रु ने इस पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलाबारी की। सड़क के दोनों ओर बने नालों और इमारती इलाके के कारण टैंक आगे न बढ़ सके और रोशनी के मद्धम पड़ने से बंकरों पर भी सही निशाना लगाना कठिन हो गया था। स्थिति की पूरी टोह न लगने के कारण उस मद्धम रोशनी में मेजर सिन्हा टैंक से नीचे उतरे और शत्रु के बंकरों पर तुरंत आक्रमण करने के लिए अपनी कम्पनी को आग ले गए। इन्होंने कृत-संकल्प और निर्भीक होकर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपनी कम्पनी की कमान संभाले रखी और बड़ी संख्या में अपने सैनिकों के हताहत होने के बावजूद भी इन्होंने शत्रु को वहाँ से पीछे खदेड़ दिया। 8 दिसम्बर 1971 को पुन: जब एक जीर्ण पुल और नालों की वजह से टैंकों का आगे बढ़ना रूक गया तो इन्होंने हर ऐसी इमारत से शत्रु को मार भगाया, जहा से कि वह गोली बरसा रहा था। वहा की जनता जब इनकी कम्पनी का स्वागत करने के लिए इकट्ठी हुई तो शत्रु ने उन पर जबर्दस्त हमला बोल दिया, परन्तु

मेजर सिन्हा ने हिम्मत और धैर्य से काम लिया और घर-घर जाकर शत्रु का पीछा किया और टैंकों से उन्हें रोंद डाला शत्रु पक्ष को काफी नुकसान उठाना पड़ा। 12 दिसम्बर 1971 को जब इन्हें पीछे हटती हुई शत्रु सेना की एक टुकड़ी को घेरने और उन्हें आत्म-समर्पण के लिए मजबूर करने के लिए आदेश मिला तो मेजर सिन्हा शत्रु की तीन बटालियन और कुछ अर्ध-सैनिकों को देख कर दंग रह गए। लेकिन ये इससे जरा भी नहीं घबराए और निश्चत मन से अपने कुछ ही सैनकों की सहायता से शत्रु की पूरी टुकड़ी निरस्त्र करने में सफल हुए।

आथोपान्त मेजर अखौड़ी अनिल शेखर सिन्हा ने साहस, पहलशक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

12. मेजर यूस्टास विलियम फर्नांडिस (आई० सी०-12335) आर्टिलरी।

मेजर यूस्टास विलियम फर्नांडिस बंगलादेश में दो अलग छोरों पर संक्रियारत इन्फैन्ट्री यूनिटों को पीछे से सहायता देने के लिए एक माऊंटन बेटर की कमान कर रहे थे। 7 दिसम्बर, 1971 को उनकी एक टुकड़ी को जयन्तीपुर-सिलहट क्षेत्र में इन्फैन्ट्री की सहायता के लिए आग बढ़ने का आदेश मिला। इसके लिए इन्हें गनों गोला-बारुद और गाड़ियों को एक बड़ी नदी के दूसरी ओर पचाहुंना था जिस पर न कोई पुल था और न नदी पार करने के लिए कोई साधन ही। इन्होंने बड़ी कुशाग्र बुद्धि का परिचय देकर एक काम चलाऊ नौका बनाई और रात ही रात में सभी गनों और गाड़ियों को निर्दिष्ट स्थान पर पहुंचा दिया और शत्रु की दूर मार करने वाली गनों से बरसते गोलों के बावजूद भी इन्होंने अपनी गनों को "गन क्षेत्र" में उपयुक्त स्थानों में लगा दिया। 12 दिसम्बर 1971 को शत्रु के स्वचालित हथियारों और मोर्टार गनों की भारी गोलाबारी होते रहने पर भी इन्होंने बालीपाड़ा में शत्रु के एक मजबूत ठिकाने पर गोलाबारी की और पिस्तोल निकाल एर शत्रु के बंकरों पर सीधा निशाना लगाया। इससे शत्रु का मनोबल टूट गया और वह उस मोर्चे को छोड़ कर जल्दी पीछे हो गया। पुनः खादिमपुर पर आक्रमण के दौरान इन्होने आगे बढ़ती हुई सेना को पीछे से लगातार और प्रभावी तोपखाना सहायता देते रहे और सिहलट में शत्रु के महत्वपूर्ण ठिकानों पर भी गोले बरसाते रहे। इस कार्रवाई में उस क्षेत्र में शत्रु के आत्म समर्पण में अधिक योग मिला।

इन सभी संक्रियाओं के दौरान मेजर यूस्टास विलियम फर्नांडिस ने साहस, नेतृत्व और कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

13. मेजर हरीश चन्द्र शर्मा (आई० सी०-14766) पंजाब रेजिमेंट।

18 दिसम्बर, 1971 को पांच मझौली मशीनगनों के साथ पाकिस्तानी सैनिकों की एक प्लाटून ने हमारी सीमा में घुसपैठ कर ममदोत बुलगे में युद्ध विराम का गम्भीर उल्लंघन किया। 10 जवानों के साथ गश्ती ड्यूटी पर निकले मेजर हरीश चन्द्र शर्मा की नजर शत्रु की उस प्लाटून पर पड़ी जो कि तब तक अपने लिए सुरक्षित स्थिति बना चुकी थी। ये शीघ्र ही शत्रु के ठिकाने के पीछे चले गए और उसे यह विश्वास दिलाने के लिए कि वह चारों ओर से काफी बड़ी फौज से घिर चुका है, इन्होंने काल्पनिक सब-यूनिटों को आदेश दिया और तोपखाने को फायर करने के लिए आवाज लगाई शत्रु ने मझौली मशीनगन से गोलियां बरसानी शुरु कर दी यद्यपि मेजर शर्मा के सैनिकों की संख्या शत्रु की सैनिकों की संख्या से बहुत कम थी फिर भी इन्होंने शत्रु पर संगीनों से आक्रमण कर दिया। उनकी इस वीरोचित कार्रवाई से ग्रस्त शत्रु के कुछ सैनिकों के अपने हथियार गिरा दिये और बाकी बच निकलने का प्रयास करने लगे लेकिन मेजर शर्मा और उनके सैनकों ने उन का पीछा किया और उन पर हावी हो गए। इन्होंने 26 शत्रु के सैनिक, उनकी सभी पांचों मझौली मशीनगनो और अन्य हथियार तथा गोलाबारुद पकड़ा।

इस मुठभेड़ के तुरन्त बाद इन्हें शत्रु के एक अधिक शक्तिशाली दल का सोमना करना पड़ा और इस बार भी इन्होंने आक्रमक एवं निर्भिक कदम उठाकर शत्रु के उद्देश्य को नाकाम कर दिया।

इस कार्रवाई में मेजर हरीश चन्द्र शर्मा ने साहस, पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

14. कैप्टेन मुक्तीरा अय्यैपा करियप्पा (आई०सी० 14600) पैरा रेजिमेंट।

कैप्टन मुक्तीरा अय्यपा करियप्पा मुनब्बर तवी के पार सुख ताउ नाले की सुरक्षा करने वाले कमांड ग्रुप को एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 5 दिसम्बर 1971 को शत्रु ने इन ठिकाने पर दो बार हमला किया और इनकी प्लाटून की आगे की कुछ खाईयों को कब्जे में कर लिया। लेकिन कैप्टन करियप्पा इससे जरा भी विचलित नहीं हुए और इन्होंने थोड़े से सैनिको को साथ लेकर शत्रु पर जबाबी हमला कर दिया और खोये हुए ठिकानों को वापस ले लिया। यद्यपि वे स्वंय घायल हो चुके थे, फिर भी ये तब तक अपने सैनिको को अपने-अपने ठिकानों पर डटे रहने के लिए उत्साहित करते रहे, जब तक कि शत्रु का आक्रमण विफल नहीं कर दिया गया।

इस कार्रवाई में कैप्टन मुक्तीरा अय्यैपा करियप्पा ने साहस, दृढ़-निश्चय और नेतृत्व का परिचय दिया।

15. कैप्टन बालकर सिंह (एस० एम०-21201) इंजिनियर्स।

13 दिसम्बर 1971 को जब जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में शत्रु की सुरंगों के कारण, हमारी एक इन्फैन्ट्री ब्रिगेड का आगे बढ़ना रुक गया तो कैप्टन बालकर सिंह को सुरंग क्षेत्र की टोह लेने के लिए नियुक्त किया गया। इन्होंने शत्रु की भारी गोलाबारी के होते रहने के बावजूद 200 गज तक के क्षेत्र की जांच टोह ली। चूंकि यह क्षेत्र शत्रु की

नजर में था और जहां भारी गोलाबारी हो रही थी, इसलिए दिन की रोशनी में वहां सुरंगों का पता लगाना लगभग असंभव था। लेकिन चूंकि उस सुरंगक्षेत्र से पार होने के लिए तुरंत ही एक रास्ता बनाना आवश्यक था इसलिए ये दिन में ही सुरंग साफ करने के लिए आगे बढ़े और अपने दल को सुरंग-क्षेत्र में ले गए। शत्रु द्वारा उस क्षेत्र में गोलियां बरसाने के बावजूद भी इन्होंने दिन की रोशनी में ही सुरंगों को तोड़ने में लगे रहे और स्वयं भी इन्होंने कई कार्मिक-रोधी और टैंक-भेदी सुरंगों को बाहर निकाल कर निष्क्रिय किया। यद्यपि बहुत बड़ा खतरा होने के कारण इन्हें केवल 2 फुट चौड़ा रास्ता साफ करने के लिए कहा गया था ताकि जवान उससे निष्कंटक होकर बढ़ सकें, लेकिन इन्होंने गाड़ियों के गुजरने के लिए रास्ता साफ करने का प्रयास किया और 400 गज और 24 फुट चौड़ा रास्ते से सुरंग हटाने में सफलता प्राप्त की। ये 24 घण्टे तक सुरंग सफा करने के काम पर लगे रहे और जब ये घायल हो गए तो इन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

कैप्टन बालकर सिंह सराहनीय साहस, दृढ़निश्चिय और नेतृत्व का परिचय दिया।

16. कैप्टन राजिन्द्र सिंह जमवाल (आई० सी०–19390) इंजीनियर्स।

दिसम्बर 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान गंगा नगर क्षेत्र में चल रही लड़ाई के दौरान कैप्टन राजिन्द्र सिंह जमवाल 4 पैरा में थे। कैप्टन जमवाल को इन्फैन्ट्री और गाड़ियों के लिए शत्रु के सुरंग-क्षेत्रों में से सुरक्षित मार्ग निकालना था। शत्रु के तोपखाने और मशीनी गन से इन पर की जा रही भारी गोला-बारी के बावजूद, इन्होंने इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। इससे प्रहार करने वाली यूनिटों को समय पर सामान और गोला-बारूद मिल सका। अपने निर्धारित कार्य से बाहर और निजी रूप से खतरा मोल लेकर, इन्होंने शत्रु की अनेक रुकावटों के बावजूद सुरंग-क्षेत्रों में घायल पड़े हुए अपनी बटालियन के सैनिकों को बाहर निकालने का भी काम किया।

इस कार्रवाई में कैप्टन राजिन्द्र सिंह जमवाल ने साहस, दृढ़ निश्चय और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

17. कैप्टन दिब्येन्दू कुमार सेनगुप्ता (एम० आर०–2909) आर्म मेडिकल कोर।

कैप्टन दिब्येन्दू कुमार सेनगुप्ता पूर्व क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान उस क्षेत्र में तैनात बटालियन में थे। इन सारी संक्रियाओं में शत्रु की मशीनगन और तोपों की भीषण गोलाबारी के होते रहने के बावजूद इन्होंने हताहतों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने और उनका उपचार करने में उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। इनका काम काफी कठिन था क्योंकि हताहतों की संख्या काफी अधिक थी और वे काफी विस्तृत क्षेत्र में बिखरे पड़े थे और साथ ही उन्हें वहां से निकालने के लिए पर्याप्त साधन भी तत्काल उपलब्ध नहीं थे।

आद्योपान्त कैप्टन दिब्येन्दू कुमार सेनगुप्ता ने साहस और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

18. कैप्टन हरगोपाल मुखोपाध्याय (एम० आर०–2632) आर्मी मेडिकल कोर।

दिसम्बर 1971 में संक्रियाओं के दौरान कैप्टन हर गोपाल मुखोपाध्याय बंगला देश में अपनी बटालियन में थे। 2/3 दिसम्बर 1971 की रात्रि को एक आक्रमण के दौरान, शत्रु द्वारा की जा रही तोप और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बावजूद ये प्रहार करने वाली अपनी फौजी टुकड़ियों के बिल्कुल पीछे घायलों की देखभाल कर रहे थे। पुनः 15 दिसम्बर 1971 को जब इनकी बटालियन ने पीछे हटते हुए शत्रु के लिए घात लगाई हुई थी तो लड़ाई के दौरान ये हताहतों की देखभाल में लगे रहे।

आद्योपान्त कैप्टन हर गोपाल मुखोपाध्याय ने साहस और कर्तव्य परायणता का परिचय दिया।

19. कैप्टन सुव्रत राय (एस० एस०–22471) आर्टिलरी।

दिसम्बर 1971 में संक्रियाओं के दौरान कैप्टन सुव्रत राय बंगलादेश में दाऊद कंडि क्षेत्र में एक आर्टिलरी रेजीमेंट में थे। 12 दिसम्बर 1971 को उनके सैनिकों को गोलाबारूद सहित हेलीकाप्टर से विद्या बाजार के निकट उतारा गया। तीनो गनों और गोलाबारूद को 42 किलोमीटर के फैले हुए इलाके में जगह-जगह उतारा गया जहां कि शत्रु अभी भी अपना अधिकार जमाए हुए था। इन्होंने कृत संकल्प होकर अपनी पहल-शक्ति और कर्तव्य-निष्ठा की भावना से इन गनों को इकट्ठा किया और उन्हें उपयुक्त स्थान पर लगाया। छः घन्टे से भी कम समय के भीतर इन्होंने अपने सैनिकों को और गोला-बारूद को एक स्थान पर एकत्रित किया और बाद में की जाने वाली संक्रियात्मक कार्रवाई के लिए उन्हें जगह-जगह तैनात किया।

इस कार्रवाई में कैप्टन सुव्रत राय ने साहस, पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

20. कैप्टन पालघट सुब्रहमण्यम सुरेन्द्रनाथ (एम० आर०–2691) आर्मी मेडिकल कोर।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान कैप्टन पालघट सुब्रहमण्यम सुरेन्द्रनाथ बंगलादेश में खुलना क्षेत्र में तैनात थे। इन्हें 13 और 15 दिसम्बर 1971 को 26 मद्रास बटालियन की दो आक्रमणों के दौरान डाक्टरी सहायता देने के लिए उस बटालियन के साथ लगा दिया गया था। दोनों अवसरों पर इन्होंने शत्रु द्वारा की जा रही गोलाबारी के बावजूद काफी अग्रिम क्षेत्र में डाक्टरी सहायता केन्द्र स्थापित किया जिससे कि हताहतों को तत्काल डाक्टरी सहायता उपलब्ध की जा सके। भारी और छोटे हथियारों से की जाने वाली लगातार गोलाबारी के बावजूद इन्होंने दोनों आक्रमणों के दौरान अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए लगभग 100 हताहतों का उपचार किया।

इन कार्रवाइयों में कैप्टन पालघट सुब्रहमण्यम सुरेन्द्रनाथ ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

21. कैप्टन हरदेव सिंह क्लेयर (एस० एस०-2032 4) 3 गोरखा राइफल्स।

कैप्टन हरदेव सिंह क्लेयर, पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में एक मोर्टार प्लाटून कमांडर के रूप में तैनात थे। सक्रियाओं के पहले दौर में इन्हें 4.2 मोर्टार दी गई, जब कि इनके सैनिक उन्हें चलाने में पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं थे। इन्होंने अपने सैनिकों को उन्हें चलाना सिखाया और बाद की संक्रियाओं में इन्होंने उनसे बड़ी कुशलता से काम लिया। ये अक्सर अपनी मोर्टार प्लाटून को शत्रु की गोलाबारी की चिन्ता न करते हुए पेड़ों के ऊपर से होते हुए शत्रु की काफी अग्रिम खाइयों पर गोलाबारी करने को कहते। 15 दिसम्बर 1971 को अवतरण पोत टैंकों में उखिया बीच पर उतरने के बाद इन्हें काक्स बाजार तक जाने वाले एक गश्ती दल का नेतृत्व करना था। घटिया किस्म की रस्सियों का उत्तम ढंग से प्रयोग करते हुए इन्होंने तेज धारा में से अपने सैनिकों को किनारे पहुंचाया और जगह जगह नदी, नालों को पार करते हुए पहाड़ों और जंगलों के बीच से गुजरते हुए शत्रु के 28 मील इलाके को पार कर ये निर्धारित समय से पूर्व ही काक्स बाजार पहुंच गए।

इस कार्रवाई में कैप्टन हरदेव सिंह क्लेयर ने साहस, पहल-शक्ति और दृढ़ता का परिचय दिया।

22. कैप्टन शिव राम पाठक (आई० सी०-21591) आर्टिलरी।

कैप्टन शिवराम पाठक, पूर्व क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान वहाँ तैनात थे। इन्हें कुमाऊं रेजीमेंट की एक बटालियन के साथ अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी के रूप में सम्बन्धित किया गया था। 14 दिसम्बर 1971 को जब ये अपनी कम्पनी के साथ जा रहे थे तो इन पर शत्रु ने तोप, मशीनगन और छोटे हथियारों से गोलाबारी कर दी। जिससे इनका आगे बढ़ना रुक गया। अपनी जान को जोखिम में डालते हुए ये शत्रु द्वारा की जाने वाली भारी गोलाबारी में बिना किसी उपर्युक्त रक्षा साधन के एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाते रहे जिससे कि वे अपनी गन से शत्रु के हथियारों पर सीधा निशाना ले सके। इन्होंने बड़ी कुशलता से यह सब कर दिया। और शत्रु की कई मशीनगनों को निष्क्रिय कर डाला।

इन कार्रवाइयों में कैप्टन शिवराम पाठक ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

23. कैप्टन जगदीश चन्द्र शर्मा (एस० एस०-19458) आर्टिलरी।

कैप्टन जगदीश चन्द्र शर्मा पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान एक माउंटेन रेजीमेंट में तैनात थे। इन्हें एसी मोर्टार फायर कम्पनी में अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी के रूप में लगाया गया था जिसे करबा नगर पर आक्रमण करना था। आक्रमण करने वाला दल अभी कुछ ही आगे बढ़ा था कि शत्रु ने इस पर छोटे हथियारों और तोपों से गोलाबारी शुरू कर दी। कैप्टन शर्मा ने भारी गोलीबारी के बीच घिरे होने पर भी अपनी गनों को इस प्रकार कारगर ढंग से चलवाया कि शत्रु शांत हो गया और इनकी कम्पनी अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो गई। पुनः एक आक्रमण के दौरान एक इन्फैन्ट्री बटालियन की एक कम्पनी में अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी के रूप में इन्होंने शत्रु को शांत किया और उस कार्रवाई में कम्पनी कमांडर के मारे जाने और उप-कमान अफसर के कम्पनी से अलग-थलग पड़ जाने पर इन्होंने आक्रमण का संचालन बड़े कारगर ढंग से किया।

इन कार्रवायियों में कैप्टन जगदीश चन्द्र शर्मा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

24. कैप्टन कुट्टन महादेवन (एस० एस०-20538) आर्टिलरी।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान कैप्टन कुट्टन महादेवन पूर्वी क्षेत्र में एक माउंटेन रेजीमेंट में तैनात थे। 3 दिसम्बर 1971 को डोगरा रेजीमेंट की एक बटालियन की प्रहार-कम्पनियों में एक में अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए वे घायल हो गए थे। घाव के बावजूद ये अपनी कम्पनी का साथ देते रहे और शत्रु के ठिकाने पर गोले बरसाते रहे और अन्ततः कम्पनी को उस ठिकाने पर कब्जा करने में सहायक सिद्ध हुए।

इस कार्रवाई में कैप्टन कुट्टन महादेवन ने साहस और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

25. कैप्टन पालाइहोदियिल मोहम्मद हमीद (आई० सी०-23401) आर्टिलरी।

कैप्टन पालाइहोदियिल मोहम्मद हमीद पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान लगभग दो कम्पनियों के एक मिले जुले दल की कमान कर रहे थे। इस दल का कार्य भेद प्राप्त करना और शत्रु को काबू में करने के लिए घात लगाना और उसके पीछे से सड़क पर रुकावट खड़ी करना था। इस दल के अर्द्ध प्रशिक्षित दल होने के कारण कैप्टन हमीद ने व्यक्तिगत उदाहरण स्थापित करने के लिए जानबूझ कर अपने आप को खतरे में डाला और इस प्रकार अपने साथियों को प्रेरित किया और इस प्रकार संक्रियात्मक योजनाओं की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस प्रकार कैप्टन पालाइहोदियिल मोहम्मद हमीद ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

26. कैप्टन सुभाष चन्द्र कालरा (एस० एस०-21546) आर्टिलरी।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान कैप्टन सुभाष चन्द्र कालरा पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में तैनात थे। 11 दिसम्बर 1971 को एक नदी के पार दिन के समय आक्रमण के दौरान कैप्टन कालरा एक अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी थे और अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए शत्रु के ठिकाने के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए ये आगे बढ़ते चले गए। ऐसा करते हुए ये और इनके दल का एक सदस्य घायल हो गया था। उस घायल सैनिक का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात्, अपने घावों की चिन्ता न करते हुए, ये अपनी गन से शत्रु पर गोलाबारी करते रहे जिससे शत्रु को मजबूर

होकर पीछे हटना पड़ा और इनकी कम्पनी ने उसके ठिकाने पर कब्जा कर लिया।

इस कार्रवाई में कैप्टन सुभाष चन्द्र कालरा ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

27. कैप्टन धोगले अरविन्द वासुदेव (एस० एस०–21162) आर्टिलरी।

कैप्टन धोगले अरविन्द वासुदेव पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में एक अग्रिम प्रेषण अधिकारी के रूप में लड़ रहे थे। शत्रु के साथ एक भुठभेड में आमने-सामने की लड़ाई हो रही थी जिससे कम्पनी कमांडर, प्लाटून कमांडर और प्लाटून हवलदार मारे गए। कैप्टन वासुदेव ने बाकी प्लाटून को संगठित किया और बहादुरी से अपने चारों ओर सुरक्षात्मक गोलाबारी की और गोलियों की बौछार से युक्त एक खुले क्षेत्र में शत्रु से जूझते रहे।

इस कार्रवाई में कैप्टन धोगले अरविन्द वासुदेव ने साहस, पहलशक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

28. कैप्टन अवतार सिंह (आई० सी०–16120) आर्टिलरी।

कैप्टन अवतार सिंह पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान एक माउंटेन रेजीमेंट में तैनात थे। इन्हें शत्रु की पंक्तियों के पीछे घुसपैठ करने और शत्रु को यथा सम्भव अधिक से अधिक हानि पहुंचाने का काम सौंपा गया था। शत्रु के पीछे पांच दिन तक रह कर इन्होंने इस काम को सफलतापूर्वक पूरा किया। इन्होंने शत्रु के गोदाम तोपें, रेल-डिब्बों और एक इंजन तथा कई गाड़ियों को नष्ट किया। इसके अतिरिक्त इन्होंने शत्रु सैनिकों को भी हताहत किया।

कैप्टन अवतार सिंह ने इन संक्रियाओं के दौरान असाधारण साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

29. कैप्टन हरीश चन्द्र सेठ (आई० सी०–19966) आर्टिलरी।

कैप्टन हरीश चन्द्र सेठ पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान एक माउंटेन रेजीमेंट में तैनात थे। ये एक कम्पनी में अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे थे। 5/6 नवम्बर 1971 की रात्रि को जब कम्पनी शत्रु के पीछे एक गोलाकार ब्लाक में पहुंची तो शत्रु ने जवाबी हमला कर दिया और उसके पश्चात् गोले बरसाने शुरू किए। इस भारी गोली-बारी और विकट स्थिति को देखते हुए इनके सैनिक पीछे हटने लगे, लेकिन कैप्टन सेठ ने स्वयं उन्हें एकत्र करके पुनः संगठित किया। इन्होंने इस और इसके बाद के कई आक्रमणों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और शत्रु अपने पीछे अपने मृत और घायल सैनिकों और हथियारों तथा गोलाबारूद को छोड़ कर भाग गया।

इस कार्रवाई में कैप्टन हरीश चन्द्र सेठ ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए अद्वितीय साहस, और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

30. कैप्टन इन्द्र पाल शर्मा (आई० सी०–20632) आर्टिलरी।

कैप्टन इन्द्र पाल शर्मा दिसम्बर 1971 में पश्चिमी क्षेत्र में संक्रियाओं के दौरान एक मीडियम रेजीमेंट में तैनात थे। राजा-मोहताम की सीमा चौकी पर पुनः कब्जा करने के लिए इन्हें सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन में अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी के रूप में सम्बन्धित किया गया था। 6/7 दिसम्बर 1971 की रात्रि को 0330 बजे जब आक्रमण किया जा रहा था तो शत्रु ने हमारी फौज पर मशीनगन से गोलियां बरसा दीं जिससे हमारी फौज आगे न बढ़ सकी। अपने सैनिकों को वहां से निकालने के लिए कैप्टन शर्मा ने शत्रु पर तोपों से गोले बरसाने शुरू किए। इसके बाद जब एक अन्य दिशा से आक्रमण किया गया परन्तु इन्हें पुनः आगे नहीं बढ़ने दिया गया। इस पर कैप्टन शर्मा एक ओर गए और वहां से शत्रु पर गोले बरसाने लगे और शत्रु को शांत कर डाला और फिर हमारे सैनिक शत्रु के ठिकाने पर कब्जा करने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में कैप्टन इन्द्र पाल शर्मा ने साहस, सूझबूझ और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

31. लेफ्टिनेन्ट शिव शंकर कुन्दु (आई० सी०–24551) इंजीनियर्स।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान लेफ्टिनेन्ट शिव शंकर कुन्दु पश्चिमी क्षेत्र में हुसैनीवाला में एक इंजीनियर प्लांट कम्पनी में तैनात थे। 8 दिसम्बर 1971 की रात्रि को ये उन दो दलों के साथ गए जिन्हें हुसैनीवाला हेडवर्क्स की नहर के दरवाजे खोलने का काम दिया गया था। वह दूर एक छोर में था जिस पर शत्रु का कारगर नियंत्रण था। जैसे ही इनका दल नहर के दरवाजे के निकट पहुंचा कि शत्रु ने इन पर भारी गोलीबारी कर दी लेकिन फिर भी इन्होंने बड़े धैर्य और दृढ़ता से निर्धारित कार्य को शत्रु के छोटे हथियारों एवं तोपखाने की भारी गोलीबारी के बावजूद शानदार ढंग से पूरा कर डाला। इस कार्य को करते हुए, ये गम्भीर रूप से घायल हो गए थे।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट शिव शंकर ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

32. लेफ्टिनेन्ट अखिलेश कुमार दुबे (आई० सी०–24409) 63 कैवलरी।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान लेफ्टिनेन्ट अखिलेश कुमार दुबे पूर्वी क्षेत्र में एक आरमर्ड कोर यूनिट में तैनात थे। 7 दिसम्बर 1971 को जैसूर एयर फील्ड की ओर बढ़ते टैंकों के ट्रूप कमांडर थे। घने जंगलों में शत्रु की गनों की मौजूदगी और अंधा धुंध रूप से बिछी सुरंगों के बावजूद इन्होंने बहादुरी से अपनी टुकड़ी का नेतृत्व किया। राकेट लांचर की सहायता से शत्रु के एक बंकर का पता लगने पर इन्होंने उसे तुरंत नष्ट कर दिया और शत्रु की अग्रिम रक्षात्मक पंक्तियों पर मशीनगन से गोलियों की बौछार की। इस तरह इन्होंने शत्रु को आतंकित कर दिया।

इस कार्रवाई में लेफ्टिनेन्ट अखिलेश कुमार दुबे ने साहस, पहलशक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

33. 2/लिफ्टिनेन्ट जयपाल सिंह सिसोदिया (आई० सी०—24017)
जाट रेजीमेंट।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान 2/लिफ्टिनेन्ट जयपाल सिंह सिसोदिया पुंछ क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में तैनात थे। 4 दिसम्बर 1971 को इनकी प्लाटून ने हमारी एक चौकी को ठीक समय पर कुमुक दी जिससे शत्रु के आक्रमण को विफल करने में सहायता मिली। उसी रात को शत्रु ने चौकियों पर पुनः तीन बार आक्रमण किया और 2/लिफ्टिनेन्ट सिसोदिया की कमान में उनकी प्लाटून ने शत्रु को काफी नुकसान पहुंचाया। इनकी प्लाटून को पुनः उस क्षेत्र पर कब्जा करने का आदेश दिया था, जहां शत्रु हमारी चौकियों को अलग-थलग पड़ जाने के लिए प्रयास कर रहा था। इन्होंने बड़ी तीव्रता से कार्रवाई की और शत्रु को अपनी जगह छोड़ने के लिए बाध्य किया।

इस कार्रवाई में 2/लिफ्टिनेन्ट जयपाल सिंह सिसोदिया ने साहस, पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया।

34. 2/लिफ्टिनेन्ट रोशन लाल मान (आई० सी०—24385)
ब्रिगेड आफ गार्डस्।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान 2/लिफ्टिनेन्ट रोशन लाल मान सियालकोट क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में तैनात थे। 14 दिसम्बर 1971 को जब ये एक प्लाटून की कमान कर रहे थे, तो इन्हें एक दूसरी प्लाटून में जाने का आदेश दिया गया था, जो शत्रु की मशीनगन की गोलाबारी में घिरी पड़ी थी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए केवल दो अन्य जवानों के साथ इन्होंने शत्रु की एक चौकी पर यकायक आक्रमण कर अदम्य साहस का परिचय दिया। इनकी कार्रवाई को देखकर इनकी प्लाटून को बड़ी प्रेरणा मिली और उन्होंने शत्रु की मझौली मशीनगनों पर प्रहार कर शत्रु के कई सैनिकों को मार गिराया और उसकी तीन मशीन गनों को अपने कब्जे में ले लिया। इस साहसपूर्ण कार्रवाई से शत्रु की सुरक्षित चौकी से मझौली मशीन गन से हो रही गोलीबारी की चपेट से हमारी एक और प्लाटून को मुक्त कराया जा सका।

इस कार्रवाई 2/लिफ्टिनेन्ट रोशन लाल मान ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

35. 2/लिफ्टिनेन्ट पुषपिन्दर (आई० सी०—24378)
सिख रेजीमेंट।

2/लिफ्टिनेन्ट पुषपिन्दर ने 6/7 दिसम्बर 1971 की रात्रि को पश्चिमी क्षेत्र में कैयान पर कब्जा करने के बाद वहां पर अपनी स्थिति मजबूत की और शत्रु के एक जबरदस्त हमले को नाकाम किया। पुनः 15/16 दिसम्बर 1971 की रात्रि को इन्होंने नौकोट पर शत्रु की एक चौकी पर हमला बोल दिया। इस हमले में इन्होंने अपनी प्लाटून का बड़े साहसपूर्ण ढंग से नेतृत्व किया और उस चौकी पर अपना कब्जा कर दिखाया।

इन कार्रवाइयों में 2/लिफ्टिनेन्ट पुषपिन्दर ने साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

36. 2/लिफ्टिनेन्ट विक्रम चन्द राणा (आई० सी०—23677)
डोगरा रेजीमेंट।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं में 2/लिफ्टिनेन्ट विक्रम चन्द राणा, फरीदकोट क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में तैनात थे। उक्त क्षेत्र में इनकी बटालियन द्वारा महत्वपूर्ण चौकियों पर कब्जा करने में इनका मुख्य योगदान था। प्रारम्भिक स्थितियों में इन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए शत्रु के निकट जाकर और उसकी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखते हुए उपयोगी जानकारी हासिल की। आक्रमण के दौरान इनका कम्पनी कमांडर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। इन्होंने स्वयं कमान संभाली और बड़ी निर्भीकता और साहसपूर्ण कार्रवाई से अपने साथियों को प्रेरित कर शत्रु के ठिकाने पर कब्जा करने में सफलता प्राप्त की। एक बार इन्होंने के बल अपने ही निजी प्रयास से शत्रु की एक टैंक रोधी सुरंग-क्षेत्र के बारे में उपयोगी जानकारी हासिल की, लेकिन उस क्षेत्र से वापस लौटते हुए सुरंग के फट जाने से इनके बाएं पैर पर घाव हो गया। अपने इस घाव की चिन्ता न करते हुए ये तब तक अपने अन्य घायल साथियों का प्राथमिक उपचार करते रहे जब तक कि इनके स्थान पर दूसरा दल न पहुंच गया।

आद्योपान्त 2/लिफ्टिनेन्ट विक्रम चन्द राणा ने साहस, पहल-शक्ति और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

37. 2/लिफ्टिनेन्ट क्लेटन सोलोमन (एस० एस०—24345)
ब्रिगेड आफ गार्डस्।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान 2/लिफ्टिनेन्ट क्लेटन सोलोमन पूर्वी क्षेत्र में ब्रिगेड आफ गार्डस् की एक बटालियन की एक कम्पनी की कमान कर रहे थे। 3/4 दिसम्बर 1971 की रात्रि को इन्हें शत्रु की तीन पूर्ण सुरक्षित चौकियों का सफाया करने का आदेश मिला। हल्की मशीन गन की प्रभावी गोलाबारी होने पर भी 2/लिफ्टिनेन्ट सोलोमन अपनी प्लाटून के साथ एक बंकर से दूसरे बंकर तक रेंगकर गए और उन्हें निष्क्रिय किया। इन गनों में से दो को इन्होंने स्वयं नष्ट किया। इस कार्रवाई से इनकी कम्पनी ने बड़ी आसानी से अपना लक्ष्य पूरा कर दिया।

इस कार्यवाही में 2/लिफ्टिनेन्ट क्लेटन सोलोमन ने साहस, दृढ़ता और नेतृत्व का परिचय दिया।

38. 2/लिफ्टिनेन्ट समीर राममोहन चन्दावरकर (एस० एस०—23578) (मरणोपरान्त)
45 कैवलरी।

दिसम्बर 1972 की संक्रियाओं में 2/लिफ्टिनेन्ट समीर राममोहन चन्दावरकर, राजपूत रेजीमेंट की एक बटालियन में तैनात सैनिकों की कमान कर रहे थे। इन्हें पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के एक पूर्ण सुरक्षित ठिकाने पर आक्रमण करने का काम सौंपा गया था। निर्धारित लक्ष्य के निकट पहुंचने पर इनका टैंक शत्रु का निशाना बन गया और उसमें आग लग गई। आग और भारी गोलाबारी की चिन्ता न करते हुए इन्होंने अपने साथियों को टैंक से बाहर निकालने में सहायता दी। इसके पश्चात् ये अपने साथियों को शत्रु के ठिकाने की ओर ले गए और उस पर कब्जा कर लिया गया। इस कार्रवाई में वे घातक रूप से घायल हो गए।

इस कार्रवाई में 2/लेफ्टिनेन्ट समीर राममोहन चन्दावरकर ने साहस, दृढ़ता और नेतृत्व का परिचय दिया।

39. 2/लेफ्टिनेन्ट बलबीर सिंह (आई० सी०-24401) डोगरा रेजीमेंट।

1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध संक्रियाओं के दौरान 2/लेफ्टिनेन्ट बलबीर सिंह कोमिला क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। इनकी कम्पनी को शत्रु के सैनिकों के पीछे से एक सड़क अवरोध खड़ा करने का काम दिया गया था। ये इस कार्रवाई में सबसे आग रहे और सड़क अवरोध खड़ा करने में इनका सबसे बड़ा योग था। यद्यपि इन पर शत्रु ने काफी बड़ी संख्या में हमला किया, लेकिन इन्होंने शत्रु के हमले को नाकाम कर दिया और अपने सैनिकों का हौसला बढ़ाने तथा शत्रु पर प्रहार करने के लिए दिशा निर्देशन देने के लिए ये एक खाई से दूसरी खाई में जाते रहे। इस कार्रवाई के दौरान ये घायल हो गए लेकिन जब तक शत्रु का आक्रमण विफल नहीं हो गया, ये अपने काम पर डटे रहे।

इस कार्रवाई में 2/लेफ्टिनेन्ट बलबीर सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

40. 2/लेफ्टिनेन्ट बोट्टालंदा मेकइया मुथापा (एस० एस०-22909) इंजीनियर।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान 2/लेफ्टिनेन्ट बोट्टालंदा मेकइया मुथापा एक इंजीनियर रेजीमेंट में तैनात थे। 4 दिसम्बर 1971 को 7वीं कैवलरी पूर्वी क्षेत्र में मियां बाजार में शत्रु के साथ उलझी हुई थी क्योंकि उनके दो टैंक शत्रु के सुरंग-क्षेत्र में फंस गए थे 12/लेफ्टिनेन्ट मुथापा को उन सुरंगों को हटा कर टैंकों के लिए मार्ग बनाने के लिए आदेश दिया गया था। उन टैंकों में से एक टैंक सुरंग युक्त धान के खेत में जल रहा था और उसके बिलकुल निकट एक व्यक्ति पड़ा हुआ था। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए ये सुरंग-क्षेत्र में दाखिल हो गए और सुरंगों को हटाते हुए उस घायल व्यक्ति तक जा पहुंचे और उसे एक सुरक्षित स्थान पर ले आए। इन्होंने बिना पूरे औजारों और दल के सुरंगों को हटाने का काम किया जब कि दूसरी ओर टैंक में रखे गोलाबारूद के फटने का खतरा बराबर मौजूद था। घायल व्यक्ति निकाल लाने के तत्पश्चात ही टैंक में विस्फोट हो गया।

इस कार्रवाई में 2/लेफ्टिनेन्ट बोट्टालंदा मेकइया मुथापा ने साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

41. 2/लेफ्टिनेन्ट विष्णुकांत चतुर्वेदी (आई० सी०-25135 आर्टिलरी।

2/लेफ्टिनेन्ट विष्णुकांत चतुर्वेदी एक इन्फैन्ट्री बटालियन में एक अग्रिम प्रेक्षण अधिकारी के रूप में तैनात थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान सिलहट क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ठिकाने से शत्रुओं को खदेड़ने का काम सौंपा गया था। आक्रमण के दौरान इन्होंने शत्रु द्वारा की गई भारी गोलाबारी की चिन्ता न करते हुए खुले स्थान में आकर अपनी तोपों से शत्रु पर बहुत जोरों से प्रहार किया। जब आक्रमण के अन्त में कम्पनी का कम्पनी कमांडर मारा गया तो इन्होंने कमान संभाल ली और अपने प्रेरणादायक नेतृत्व से शत्रु को उसके ठिकानों से खदेड़ने में सफलता प्राप्त की

इस कार्रवाई में 2/लेफ्टिनेन्ट विष्णुकांत चतुर्वेदी ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

42. 2/लेफ्टिनेन्ट जोहन टरेस डी सौजा (आई० सी०-23758)
7 कैवलरी।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं के दौरान 2/ लैफ्टिनेंट जोहन टैरेस डी सौजा पूर्वी क्षेत्र में एक ईडिपेंडेंट आरमर्ड स्क्वाड्रन में तैनात थे। 4 दिसम्बर 1971 को जब ये मियां बाजार में शत्रु की ओर बढ रहे थे तो इन्होंने देखा कि इनके साथी का टैंक शत्रु की गोली का शिकार हो गया है। शत्रु द्वारा की जाने वाली भारी गोलाबारी के होते रहने के बावजूद अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिन्ता न करते हुए इन्होंने उक्त अधिकारी और उनके टैंक के कर्मीदल को वहां से निकाला। जब ये वापिस हो रहे थे तो शत्रु ने इनका टैंक भी उड़ा दिया। शत्रु की गोली बारी बिचलित हुए बिना और गम्भीर रुप से घायल होने के बावजूद इन्होंने एक और अफसर को वहां से उठाया और उसे सुरक्षित स्थान पर लाए।

इस कारवाई में 2/ लेफ्टनेन्ट जोहन टैरस डी सोजा ने साहस दृढता और नेतृत्व का परिचय दिया।

43. 2/लिफ्टिनेन्ट अशोक वासुदेव तस्कर (आई० सी०-25280) पैराशूट रेजिमेन्ट।

दिसम्बर, 1971 की संक्रियाओं के दौरान 2/लिफ्टिनेन्ट अशोक वासुदेव तस्कर पुंछ क्षेत्र में तैनात थे। 3/4 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को शत्रु के सैनिकों ने इतनी अधिक ऊंचाई पर कब्जा कर लिया था जहां से कि नीचे नागली साहिब सामने दिखाई देता था। हमारे सैनिक इससे कुछ कम ऊंचाई पर थे और शत्रु इस स्थिति में उन पर ऊपर से भारी गोलाबारी कर रहा था। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए 2/लिफ्टिनेन्ट तस्कर ने दृढ़ संकल्प होकर शत्रु पर शीघ्र के आक्रमण कर दिया। ऐसा करते हुए वे घायल हो गये लेकिन फिर भी इन्होंने आक्रमण जारी रखा और शत्रु को वहां से खदेड़ने में सफल हुए और भारी संख्या में शत्रु के सैनिक हताहत हुए तथा उनके काफी हथियार और उपस्कर हाथ लगे।

इस कार्रवाई में 2/लेफ्टिनेन्ट अशोक वासुदेव तस्कर ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

44. जे० सी० 36215 सूबेदार गंगे गुरुंग,
4 गोरखा राइफल्स।

दिसम्बर, 1971 की संक्रियाओं में सूबेदार गंगे गुरुंग पश्चिमी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में तैनात थे। 10 दिसम्बर, 1971 को जब इनकी कम्पनी डाढ़ क्रासिंग पर शत्रु पर प्रहार कर रही थी तो इन्हें बायीं ओर शत्रु की एक इन्फैन्ट्री टुकड़ी दिखाई दी। इन्होंने तत्काल अपने सैनिकों को वहां भिड़ा दिया। इस तत्काल कार्रवाई से शत्रु घबरा गया और पीछे हट गया। कम्पनी कमाण्डर के मारे जाने के पश्चात सूबेदार गुरुंग शत्रु से भिड़े रहे। जब शत्रु टैंकों ने इन्हें चारों ओर से घेर लिया तो इन्होंने बड़ी कुशलता और सूझबूझ से काम लेकर अपनी कम्पनी को वहां से निकाला। शत्रु द्वारा की जाने वाली हवाई गोलाबारी के बावजूद ये अपने सैनिकों को सुरक्षित स्थान पर लाने में सफल हुए।

इन कार्रवाइयों से सूबेदार गंगे गुरुंग ने साहस और दृढ़ता का परिचय दिया ।

45. जे० सी० 19772 सूबेदार अयुध बीर सिंह
पंजाब रेजिमेन्ट ।

दिसम्बर, 1971 की संक्रियायों के दौरान सूबेदार अयुधबीर सिंह पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन में तैनात थे । 7 दिसम्बर, 1971 को इनकी बटालियन सुलतानपुर के ब्राह्मण बाड़िया की ओर आगे बढ़ रही थी । वे सबसे आगे वाली प्लाटून की कमान कर रहे थे जिस पर अचानक शत्रु ने भारी गोलीबारी कर दी । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए और जबरदस्त गोलाबारी होने पर भी वे खुले स्थान में इधर-उधर चलते रहे और अपने सैनिकों को एक सुरक्षित स्थान पर ले गये, जहां बाद में शेष बटालियन भी आ गई थी ।

इस कार्रवाई में सूबेदार अयुधबीर सिंह ने साहस, संगठन, कुशलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

46. जे० सी० 19027, सूबेदार (सर्वेयर फिल्ड) अमरीक सिंह
जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स ।

दिसम्बर, 1971 की संक्रियाओं के दौरान सूबेदार अमरीक सिंह पूर्वी क्षेत्र में अगरतल्ला में एक निर्माण कम्पनी में तैनात थे । इनकी कम्पनी को अगरतल्ला हवाई अड्डे को बढ़ाने का काम दिया गया था । शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद सूबेदार अमरीक सिंह विचलित हुए बिना अपने साथियों के साथ अपने काम पर डटे रहे । उसी रात को जब हवाई अड्डे पर शत्रु ने पुनः गोले बरसाये तो स्वयं किसी सुरक्षित स्थान पर जाने से पूर्व इन्होंने पहले अपने साथियों की सुरक्षा की व्यवस्था की । इन्होंने रनवे को बढ़ाने का काम बिना विश्राम किए साठ घन्टे तक लगातार काम करके पूरा किया ।

यह इनके व्यक्तिगत उदाहरण का ही परिणाम था कि इनके अधीनस्थ कार्मिकों ने पूरे उत्साह से काम करके नियत समय के अन्दर ही काम को पूरा कर दिया । इस कार्य को करने में इन्होंने पहल-शक्ति, दृढ़ता और असाधारण कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

47. जे० सी० 31463 सूबेदार साधु सिंह हीरा (मरणोपरान्त)
सिख लाइट इन्फैन्ट्री ।

सूबेदार साधु सिंह हीरा 15 दिसम्बर, 1971 को पूर्वी क्षेत्र में अरपारा पर आक्रमण करने वाली सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की राइफल कम्पनी की सबसे आगे बढ़ने वाली प्लाटून की कमान कर रहे थे । शत्रु ने अपने ठिकाने से अपनी भारी मशीनगन से गोले बरसा कर आक्रमण को रोक दिया । यह जूनियर कमीशन्ड अफसर अपनी प्लाटून के साथ दबे पांव चलकर शत्रु की मशीनगन के निकट पहुंच ही रहे थे तो शत्रु की एक गोली इन पर आ लगी । लेकिन फिर भी ये आगे बढ़कर शत्रु की मशीनगन पर टूट पड़े । उस मशीनगन को नष्ट करने के पश्चात् ही ये घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

इस कार्रवाई में सूबेदार साधु सिंह हीरा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

48. जे० सी० 23817 सूबेदार विक्रमजीत सिंह,
पंजाब रेजिमेन्ट ।

सूबेदार विक्रमजीत सिंह 7 दिसम्बर, 1971 को पंजाब रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक प्लाटून की कमान कर रहे थे । इनकी कम्पनी जब एक मजबूत मोर्चा बना रही थी तो इन्हें शत्रु के बिल्कुल पास तक पहुंच जाने का आदेश मिला, जोकि छोटे हथियारों से भारी और प्रभावी गोलाबारी कर रहा था । अपनी प्लाटून का नेतृत्व करते हुए ये शत्रु के उस ठिकाने के निकट पहुंच गये, जहां से मशीनगन द्वारा लगातार गोलीबारी की जा रही थी । ये निर्भीक होकर अपने एक सेक्शन के साथ मशीनगन की ओर झपटे और उसे खामोश कर दिया । ऐसा करते हुए इन्होंने शत्रु को भारी हानि पहुंचाई लेकिन शत्रु की एक गोली से स्वयं भी घायल हो गये ।

इस कार्रवाई में सूबेदार विक्रमजीत सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

49. जे० सी० 44936 अजायब सिंह
सिख लाइट इन्फैन्ट्री ।

सूबेदार अजायब सिंह 6 दिसम्बर, 1971 को सिख लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी के द्वितीय कमान अफसर के रूप में पूर्वी क्षेत्र में दुर्गाबारकटी पर आक्रमण के समय बटालियन के बाँये बाजू का नेतृत्व कर रहे थे । शत्रु ने मशीनगन से जबरदस्त गोलीबारी करके इस आक्रमण को लगभग रोक ही दिया था । शत्रु की भारी गोलीबारी के बीच अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और अपने घाव की बिल्कुल परवाह करते हुए भाग कर मशीनगन वाले बंकर की ओर गए और उसमें एक ग्रिनेड फेंक कर शत्रु की मशीनगन को शांत कर दिया जिससे बटालियन को अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता मिली ।

इस कार्रवाई में सूबेदार अजायब सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

50. जे०सी० 20128 सूबेदार पकलापति जोज़ेफ डेविड सुन्दरा राजू
सिगनल ।

3 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को सूबेदार पकलापति जोज़ेफ डेविड सुन्दरा राजू को पुंछ बनावत क्षेत्र में, जिस पर कि शत्रु गोले बरसा रहा था, इन्फैन्ट्री बटालियन की संचार-व्यवस्था के पुनर्स्थापना का काम सौंपा गया था । शत्रु की भारी गोलीबारी से विचलित हुए बिना ये अपने दल को लेकर अपने काम पर आगे बढ़े और उसे पूरा किया और साथ ही संचार की नई लाइन बिछायी जो संचार-व्यवस्था के एक विकल्प के रूप में काफी उपयोगी सिद्ध हुई ।

दुर्गम भूभाग और शत्रु की जबरदस्त गोलाबारी होते हुए इस कार्य को पूरा करने में सूबेदार पकलापति जोज़ेफ डेविड सुन्दरा राजू ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

51. जे० सी० 59195 नायब सूबेदार करनैल सिंह (मरणोपरान्त)
कोर आफ इंजीनियर्स ।

8 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को नायब सूबेदार करनैल सिंह को, जो एक इंजीनियर दल की कमान कर रहे थे, सतलुज नदी में बाढ़ लाने के लिए हुसैनीवाला हैडवर्क्स की नहर के दरवाजे खोलने का आदेश दिया गया । जिस गैलरी से होकर इस दल को अपना काम करना था, वह काफी नष्ट हो चुकी थी और उस पर शत्रु द्वारा भारी गोलीबारी हो रही थी । लेकिन फिर भी अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए इन्होंने काम को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए अपने दल का नेतृत्व किया । वापस लौटते समय इन्हें शत्रु की तोप का एक गोला लगा उसी स्थान पर ये वीरगति को प्राप्त हो गए ।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार करनैल सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

52. जे० सी० 51857 नायब सूबेदार एन्थोनी हीरो (मरणोपरांत)
बिहार रेजिमेन्ट ।

9 दिसम्बर, 1971 को नायब सूबेदार एन्थोनी हीरो बिहार रेजिमेन्ट की एक बटालियन के एक मशीनगन सैक्शन की कमान कर रहे थे । पूर्वी क्षेत्र में सोहागपुर पर कब्जा करने के पश्चात् वहां पर बटालियन का पुनर्गठन किया गया । आक्रमण के दौरान हताहत सैनिकों को एक गांव में एक स्कूल की बिल्डिंग में छोड़ दिया गया था । चूंकि शत्रु इस गांव पर भारी गोलीबारी कर रहा था । अतः इन लोगों को एक सुरक्षित स्थान पर ले जाना आवश्यक हो गया था । शत्रु की गोलीबारी से विचलित हुए बिना स्वार्थ रहित कर्तव्यनिष्ठा से इन्होंने इन हताहतों को स्कूल बिल्डिंग से निकालने के काम का बीड़ा उठाया । ऐसा करते हुए शत्रु की मशीनगन की एक गोली इनकी छाती पर आ लगी और उसी स्थान पर ये वीरगति को प्राप्त हो गये ।

इस कार्यवाही में नायब सूबेदार एन्थोनी हीरो ने असाधारण साहस, मैत्री भावना निःस्वार्थ कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

53. 3943841 नायब सूबेदार रछपाल सिंह
डोगरा रेजिमेन्ट ।

16 दिसम्बर 1971 को नायब सूबेदार रछपाल सिंह पूर्वी क्षेत्र में सिरामणी पर आक्रमण के समय डोगरा रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी में प्लाटून कमाण्डर थे । आक्रमण किया ही जा रहा था कि शत्रु ने भारी और प्रभावी गोलीबारी कर दी । यद्यपि ये उस ग्रनेड के एक टुकड़े से घायल हो गए थे कि जो शत्रु की खाई में से इन पर फैंका गया था । तब भी इन्होंने उस खाई में जाकर शत्रु के दो सिपाहियों को बायोनेट से मार गिराया । इनके इस साहसपूर्ण कार्य को देखकर इनके साथी अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिये इनके पीछे होकर शत्रु पर टूट पड़े ।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार रछपाल सिंह ने अनुकरणीय साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

54. जे० सी० 39317 नायब सूबेदार रमेश्वर सिंह
कुमाऊं रेजिमेन्ट ।

6 दिसम्बर, 1971 को कुमाऊं रेजिमेन्ट की एक बटालियन के नायब सूबेदार रमेश्वर सिंह को शत्रु के मोर्चे से केवल 15 गज की दूरी पर शत्रु की गोलीबारी में घिरी हुई एक प्लाटून को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने का काम सौंपा गया था । ये असाधारण कुशलता और साहस से अपने साथियों को आगे ले गए और शत्रु की मशीनगनों को दोनों छोरों से उलझाए रखा । शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद भी इन्होंने अपनी उस प्लाटून से सम्बन्ध स्थापित कर लिया और न केवल उसे शत्रु के चंगुल से निकाला अपितु घायल कार्मिकों को भी वहां से बाहर निकालने में सफल हुए ।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार रमेश्वर सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

55. जे० सी० 57352 नायब सूबेदार रामा चन्द्रन
कोर आफ इंजीनियर्स ।

10 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को इंजीनियर रेजिमेन्ट के नायब सूबेदार रामा चन्द्रन को पूर्वी क्षेत्र में पारीकोट-लक्षम मार्ग से सुरंगें हटाने का काम सौंपा गया था, जोकि शत्रु ने पीछे हटते समय भारी संख्या में इस मार्ग में बिछा दी थी । दो इंजीनियर सैक्शनों को साथ लेकर इन्होंने शीघ्र काम शुरू कर दिया, इन्होंने सुरंगें नष्ट करने वाले दल के आगे रहकर इस काम को पूरा करने के लिए दल के सदस्यों को प्रेरणा दी और उन्हें उत्साहित किया ।

घने अन्धेरे में और असाधारण कुशलता से सुरंगें हटाने में नायब सूबेदार रामा चन्द्रन ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

56. 4154794 लांस हवलदार यशवन्त सिंह
पैराशूट रेजिमेन्ट ।

4 दिसम्बर 1971 की रात्रि को पाकिस्तानी कमाण्डों ने ऊंचाई पर स्थित इलाके पर धावा कर उसे अपने कब्जे में कर लिया, जहां से कि पश्चिमी क्षेत्र में पुंछ में नागली साहिब सामने ही नजर आता था । इन ऊंचाइयों पर से शत्रु ने हमारे सैनिकों पर भारी और प्रभावी गोलाबारी की । इस नाजुक स्थिति में पैराशूट रेजिमेन्ट (कमाण्डों) के लांस हवलदार यशवन्त सिंह एक अन्य पैराशूट को साथ लेकर रेंगते हुए शत्रु के पीछे हो लिए और उन पर हावी हो गये । बाद में हुई मुठभेड़ में इन्होंने और इनके साथी ने शत्रु के चार सैनिकों को मार गिराया और मशीनगन पर कब्जा कर लिया ।

इस कार्रवाई में लॉस हवलदार यशवन्त सिंह ने अनुकरणीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

57. 2947852 हवलदार छोटे सिंह,
राजपूत रेजिमेन्ट ।

4 दिसम्बर, 1971 को हवलदार छोटे सिंह एक प्लाटून के कमांडर थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में अखौड़ा में बटालियन द्वारा कब्जा

करने के शीघ्र पश्चात् टीटास पुल पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। शत्रु ने इस पुल को नष्ट करने के लिए तैयारियां कर रखीं थी । सामने शत्रु के होते हुए भी ये अपनी प्लाटून को लेकर पुल के दूसरी ओर निकल पड़े जिससे शत्रु अचम्भित रह गया । खाइयों में से यद्यपि शत्रु इन पर भारी गोलीबारी कर रहा था फिर भी इन्होंने अपनी स्थिति को सुदृढ़ बनाया और चार्जों को काट डाला ताकि इनकी कम्पनी पुल के पार आ सके ।

इस कार्रवाई में हवलदार छोटे सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

58. 5435167 हवलदार नारायण सिंह गुरुंग
5 गोरखा राइफल ।

पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रियाओं के दौरान हवलदार नारायण सिंह गुरुंग उस कम्पनी में प्रतिक्षेप रहित राइफल टुकड़ी के कमांडर थे जिसने शत्रु को एक सुरक्षित ठिकाने से पीछे खदेड़ दिया था । जब शत्रु ने ती. सौ गज दूर से मशीन गन और मोर्टार से गोली चलानी शुरू कर दी तो ये शत्रु के दो बंकरों को नष्ट कर दिया । इसके पश्चात् राइफल में कुछ खराबी आ जाने के कारण ये उसे छोड़ कर तीसरे बंकर की ओर रेंगकर गए और उसमें एक ग्रेनेड फेंककर शत्रु के सभी सैनिकों को मार डाला ।

इस कार्रवाई में हवलदार नारायण सिंह गुरुंग ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

59. 1025792 दफादार मीत सिंह
63 कैवलरी ।

11 दिसम्बर, 1971 को 63 कैवलरी के दफादार मीत सिंह पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन की सहायता के लिए एक टैंक कमान्डर के रूप में तैनात थे । इस बटालियन के पिछले भाग को काटने के लिए शत्रु ने एक कम्पनी भेजी । ये अपने टैंक के साथ इन्फैन्ट्री प्लाटून के साथ-साथ शत्रु की टुकड़ी को रोकने के लिए आगे बढ़े । शत्रु द्वारा की जाने वाली भारी गोलाबारी के बावजूद ये अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपनी इन्फैन्ट्री प्लाटून के साथ अपने टैंक को लेकर शत्रु के ठिकाने की ओर बढ़े । शत्रु अपने पीछे काफी संख्या में मृत सैनिकों और बड़ी मात्रा में हथियार छोड़ कर भाग गया था ।

इस कार्रवाई में दफादार मीत सिंह ने साहस, और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

60. 1141436 हवलदार बस्ती राम
रेजिमेन्ट आफ आर्टिलरी ।

9 दिसम्बर, 1971 को एक माउंटेन रेजिमेन्ट की उन दो गनों को हैलोपेड से एक ढके हुए स्थान पर ले जाना था जिन्हें उससे पिछली रात को ही हैलिकाप्टर से वहां उतारा गया था । शत्रु ने तोपखानों की जबरदस्त और प्रभावी गोलाबारी करके उस क्षेत्र में हमारा आगे बढ़ना मुश्किल कर दिया । हवलदार बस्ती राम ने, जो गन के चालक-दल के साथ थे, अपने साथियों को प्रेरित और उत्साहित किया और गन को एक आड़ पर ले गए । अपने साथियों को दूसरी गन लाने में सहायता करने के लिए भेजने के पश्चात् शत्रु के ठिकाने पर सीधा गोलाबारी करने के लिए इन्होंने अकेले अपनी गन को चलाया ।

इस कार्रवाई में हवलदार बस्ती राम ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

61. 1563252 हवलदार सुरिन्दर दास
कोर आफ इंजीनियर्स ।

12 दिसम्बर, 1971 को एक इंजीनियर टुकड़ी के साथ हवलदार सुरिन्दर दास को पूर्वी क्षेत्र में सादी नदी के ऊपर एक काम चलाऊ पुल बनाने का काम सौंपा गया था । इस पुल को शत्रु ने पीछे हटते हुए उड़ा दिया था । इस पुल की अत्यन्त आवश्यकता को समझते हुए, ये तत्काल काम में जुट गए । शत्रु की गोलाबारी के बावजूद इन्होंने असाधारण कुशलता और पटुता दिखायी और काम चलाऊ पुल बना दिया और गन और गाड़ियों को अविलम्ब नदी पार करवाया ।

इस कार्रवाई में हवलदार सुरिन्दर दास ने व्यावसायिक कुशलता, नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

62. 2847486 हवलदार लटूर सिंह राणा
राजपूताना राइफल्स ।

6 दिसम्बर, 1971 को हवलदार लटूर सिंह राणा को पूर्वी क्षेत्र में बहादुरगढ़ पर आक्रमण के समय राजपूताना राइफल की एक बटालियन को एक कम्पनी में प्रक्षेपरहित राइफल टुकड़ी के कमाण्डर थे । शत्रु ने आक्रमणकारी सैनिकों पर भारी मशीनगन और मोर्टारों से गोलाबारी की । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए ये अपनी टुकड़ी को सड़क पर एक ऐसे स्थान पर ले गए, जहां शत्रु प्रभावशाली ढंग से गोलाबारी कर रहा था । असाधारण साहस और कुशलता दिखाते हुए इन्होंने शत्रु के तीन बंकरों को नष्ट कर दिया । घायल होने के बावजूद भी ये तब तक अपनी टुकड़ी को उत्साहित और प्रेरित करते हुए उसका नेतृत्व करते रहे, जब तक कि लक्ष्य प्राप्त नहीं हो गया ।

इस कार्रवाई में हवलदार लटूर सिंह राणा ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

63. 3344915 हवलदार शमशेर सिंह, एस० एम०
सिख रेजिमेन्ट ।

15 दिसम्बर, 1971 को हवलदार शमशेर सिंह सिख रेजिमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी के प्रक्षेपरहित राइफल टुकड़ी के कमांन्डर थे, जिसे पूर्वी क्षेत्र में एक ठिकाने पर कब्जा करने के पश्चात् वहां पर अपनी स्थिति मजबूत करने का काम सौंपा गया था । इस स्थान पर शत्रु के जवाबी हमले के होते हुए भी इन्होंने राकेट लांचर उठाया और रेंगकर आगे बढ़ते हुए शत्रु के टैंक के निकट गये और टैंक को राकेट से नष्ट कर दिया ।

इस कार्रवाई में हवलदार शमशेर सिंह ने साहस और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया ।

64. 1315998 हवलदार जार्ज,
कोर आफ इन्जीनियर्स ।

10 दिसम्बर, 1971 को हवलदार जार्ज एक इन्जीनियर दल के साथ थे । जब यह दल पूर्वी क्षेत्र में हाजीगंज को जाने वाली सड़क पर पहले से बने हुए एक पुल की मरम्मत करने जा रहा था, तो शत्रु ने घात लगाकर उस पर हमला कर दिया । असाधारण सूझ-बूझ और साहस का परिचय देते हुए, हवलदार जार्ज ने अपने साथियों से नीचे उतरने और शत्रु का मुकाबला करने के लिए कहा और पुश्ते की ओर आगे आकर स्वयं शत्रु की गोलीबारी के सामने आ गए और इससे शत्रु का ध्यान बट गया । पार्श्व में मोर्चा लेकर इन्होंने अपने साथियों के साथ शत्रु पर गोलीबारी की और उसे अपना घात-स्थान छोड़ना पड़ा । ऐसा करने में वे गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

इस कार्रवाई में हवलदार जार्ज ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

65. 1152901 हवलदार (गनर) गुरुबख्श सिंह,
आर्टिलरी ।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार गुरुबख्श सिंह पूर्वी क्षेत्र में बुरची इलाके में एक मीडियम रेजिमेन्ट के साथ थे । 8 दिसम्बर 1971 को लगभग 1000 बजे एक माउंटेन आर्टिलरी ब्रिगेड की वैगनों पर शत्रु की गोलाबारी के कारण गोलाबारूद से भरे हुए वाहनों में आग लग गयी । हवलदार गुरुबख्श सिंह ने, जो इस घटना स्थल से 30 गज की दूरी पर एक गन का संचालन कर रहे थे, तत्काल कार्रवाई की ओर इन्होंने फटते हुए गोलाबारूद के बीच अपने साथियों की मदद से आग को फैलने से रोका और इस प्रकार अपनी गन, सैनिकों गोलाबारूद तथा उपस्कर को नष्ट होने से बचा लिया ।

इस कार्रवाई में हवलदार गुरुबख्श सिंह ने साहस, सूझ-बूझ तथा कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

66. 6759456 हवलदार नर्सिंग असिस्टेन्ट
कुसुम कुमार दास,
आर्मी मेडिकल कोर ।

हवलदार नर्सिंग असिस्टेन्ट कुसुम कुमार दास 1 नवम्बर से 16 दिसम्बर 1971 तक पूर्वी क्षेत्र के एक जनरल अस्पताल के अत्यावश्यक सर्जिकल वार्ड में नर्सिंग ड्यूटी के इंचार्ज थे । उस समय तक अस्पताल में कोई नर्सिंग अफसर नहीं रखा गया था और उनके अधीन जो नर्सिंग सिपाही थे वे अनुभवहीन थे । इन कठिनाइयों के बावजूद हवलदार कुसुम कुमार दास ने बड़ी कुशलतापूर्वक अपने कर्तव्य को निभाया और बड़े कारगर ढंग से अपने कनिष्ठ कर्मचारियों का मार्ग-दर्शन किया । नर्सिंग ड्यूटी के अलावा इन्होंने अस्पताल में लड़ाई से लाए गए हताहतों की सुख-सुविधा की ओर भी ध्यान दिया ।

इस प्रकार हवलदार कुसुम कुमार दास ने व्यावसायिक कौशल, पहलशक्ति और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

67. 4150390 हवलदार दीवान सिंह,
कुमायूं रेजीमेन्ट ।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार दीवान सिंह पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन के साथ थे । यह अपनी कम्पनी के एक पुल पर हमले के समय एक प्लाटून का नेतृत्व कर रहे थे । जब इनकी प्लाटून पुल से 50 गज की दूरी पर रह गयी तो शत्रु ने उस पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी । यह शत्रु की इस कार्रवाई से घबराये नहीं और अपने सैनिकों को शत्रु के विभिन्न बंकरों तक बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित करते रहे तथा उनमें से अनेक बंकरों को नष्ट कर दिया । बहुत भारी जोखिम उठाकर इन्होंने शत्रु के बंकरों को नष्ट करने के लिए अपनी ग्रेनेड टीमों का स्वयं नेतृत्व किया ।

इस कार्रवाई में हवलदार दीवान सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

68. 6271672 हवलदार बख्शीश सिंह,
सिगनल ।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार बख्शीश सिंह पूर्वी क्षेत्र में एक सिगनल रेजीमेन्ट के साथ थे । इन्हें मुख्य केबल मार्ग बनाने का काम सौंपा गया ताकि एक माउंटेन डिवीजन शत्रु के क्षेत्र में घुस सके । इन्होंने यह कार्य अनथक परिश्रम तथा बड़ी बहादुरी और साहस से किया । इन्हें ऐसे क्षेत्रों में काम करना पड़ा जो शत्रु के भटके हुए लोगों और उखाड़ी न गयी सुरंगों से भरा पड़ा था । इस केबल मार्ग को बनाने के लिए यह कभी-कभी दिन में 18 घंटे तक काम करते रहे, जिससे इनके साथियों को इससे बड़ी प्रेरणा मिली ।

इस कार्य में हवलदार बख्शीश सिंह ने साहस, पहल-शक्ति और नेतृत्व का परिचय दिया ।

69. 6588234 हवलदार बमन चन्द्र महापात्र,
इन्टैलीजेन्स कोर ।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार बमन चन्द्र महापात्र पूर्वी क्षेत्र में एक माउंटेन डिवीजन की खुफिया और क्षेत्र सुरक्षा कम्पनी के साथ थे । इन्होंने स्थालाकृति (टोपोग्राफी), शत्रु की शक्ति और व्यूह-रचना के सम्बन्ध में काफी सही जानकारी प्राप्त की जो कि सामर्थ्य का अनुमान लगाने में डिवीजन हैडक्वार्टर के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुई । इन्हें ऐसे क्षेत्रों में काम करना पड़ा जहां शत्रुदल के तोड़-फोड़ करने वाले ऐजेन्ट और रज़ाकार बड़े सक्रिय थे । इन्होंने अपने काम को त्याग की भावना और निजी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए पूरा किया ।

इस काम में हवलदार बमन चन्द्र महापात्र ने साहस और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया ।

70. 6872884 हवलदार (एस० के० टी०/एम्यूनीशन)
कृष्ण पिल्ले,
आर्मी आर्डनेन्स कोर ।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार कृष्ण पिल्ले पूर्वी क्षेत्र में गोलाबारूद स्टोरकीपर के रूप में एक कोर आर्डनेन्स मेन्टेनेन्स

प्लाटून के साथ थे। 19 दिसम्बर 1971 को जब वह अपनी यूनिट लाइनों में वापस लौट रहे थे तो इन्होंने एक विस्फोट की आवाज सुनी। यह विस्फोट शत्रु से पकड़े गए गोलाबारूद के पांच वाहनों में हुआ था। हवलदार पिल्ले अपनी जान को खतरे में डालकर रेंगते हुए घटनास्थल पर पहुंचे जहां गोले फट रहे थे और मलवा तथा प्रक्षेपणास्त्र इधर-उधर उड़ रहे थे। इन्होंने एक शव को आग में से बाहर निकाला और अन्य लोगों की सहायता से इस भीषण आग को बुझाया और घायलों को वहां से बाहर निकाला।

इस कार्रवाई में हवलदार कृष्ण पिल्ले ने साहस, दृढ़ता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

71. 2838433 कम्पनी हवलदार मेजर जय लाल, राजपूताना राइफल्स। (**मरणोपरान्त**)

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में कम्पनी हवलदार मेजर जय लाल पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन के साथ थे। 15 दिसम्बर 1971 को शत्रु के कड़े प्रतिरोध तथा सही गोलीबारी के कारण रेल अक्ष के समानान्तर तांगी की ओर बटालियन का बढ़ना रुक गया। कम्पनी हवलदार मेजर जय लाल ने दो राइफलमैनों के साथ प्रचण्ड वेग से शत्रु के एम० एम० जी० बंकरों पर धावा बोल दिया और उसके पांच सैनिकों को मार डाला और मझौली मशीनगन को अपने कब्जे में ले लिया। इस मुठभेड़ में वह स्वयं भी बुरी तरह घायल हो गए लेकिन फिर भी वह 20 मिनट तक अपनी प्लाटून के साथ आगे बढ़ते गये और वीरगति प्राप्त करने से पूर्व शत्रु का सफाया करते हुए उसके ठिकाने तक पहुंच गए। शत्रु दल जिसमें 100 से अधिक सैनिक थे, दहशत में अपने सभी मृत और घायल सैनिकों को छोड़कर भाग खड़ा हुआ।

इस कार्रवाई में कम्पनी हवलदार मेजर जय लाल ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

72. 2944513 हवलदार प्रयाग सिंह, राजपूत रेजीमेन्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार प्रयाग सिंह पूर्वी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन के साथ थे। ये एक इन्फैन्ट्री कम्पनी के सैक्शन कमाण्डर थे और इन पर एक फौज की सुरक्षा का भार सौंपा गया था जो कि दिघी में एक सड़क पर रुकावट पैदा किए हुए वहां डटे हुए थे। जब पाकिस्तानी सेना ने वहां पर हमला किया तो फौज पीछे हट गयी। हवलदार प्रयाग सिंह ने शत्रु को पीछे खदेड़ने/भगाने के लिए अपने सैनिकों को प्रोत्साहित किया। जब शत्रु का एक मशीनगनर अपनी मझौली मशीन गन के साथ उनकी खाई के पास आया तो ये खाई से बाहर निकल आए और इन्होंने गनर को मार कर उसकी मझौली मशीनगन को अपने कब्जे में ले लिया। यदि वह इतना अदम्य साहस न दिखाते तो शत्रु सड़क में पैदा की गई रुकावट को साफ कर देता और समूची योजना को खतरा पैदा हो जाता।

इस कार्रवाई में हवलदार प्रयाग सिंह ने सेना की सर्वोत्तम परम्परा के अनुरूप अदम्य साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

73. 1138323 हवलदार राम चन्द्र, आर्टिलरी।

पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रिया के दौरान हवलदार राम चन्द्र एक माउंटेन रेजीमेन्ट के साथ थे। इन्हें शत्रु से उलझने का आदेश दिया गया जो कि एक रेलवे स्टेशन की रक्षा कर रहा था और सुदृढ़ तथा अभेद बंकरों से छोटे हथियारों व मशीनगनों से कारगर गोलीबारी द्वारा हमारे सैनिकों को आगे बढ़ने से रोके हुए था। ये बड़े साहस के साथ अपनी गन को आगे ले गए और उसे शत्रु के बिल्कुल पास लाकर चलाना शुरू किया। इन्होंने शीघ्र ही शत्रु के तेरह बंकरों को नष्ट कर दिया, उसके काफी सैनिकों को हताहत और हथियारों को बेकार कर दिया। शत्रु अपने मोर्चों को छोड़ने तथा लड़ाई से पीछे हट जाने पर विवश हो गया।

इस कार्रवाई में हवलदार राम चन्द्र ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

74. 1028678 दफादार उत्तम सिंह, 70 आरमर्ड रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में दफादार उत्तम सिंह फाजिल्का क्षेत्र में एक आरमर्ड रेजीमेण्ट के साथ थे। ये एक भू-प्रक्षेपणास्त्र टुकड़ी की कमान कर रहे थे। 7 दिसम्बर 1971 की सुबह जब इन्हें एक इनफैन्ट्री बटालियन के पास शत्रु के एक टैंक की मौजूदगी का पता चला तो यह अपनी गन टुकड़ी को वहां ले गये और शत्रु के टैंक को नष्ट कर दिया। बाद में उसी दिन एक पिल बाक्स से शत्रु के दो और टैंकों से भिड़ गए। इस कार्रवाई में उनकी रेजीमेण्ट के कुछ अफसर और सैनिक हताहत हुए। अपनी जान की परवाह न करते हुए वह अपनी रेजीमेण्ट के तीन घायल अफसरों को खतरे के क्षेत्र से बाहर निकाल ले गये और इस प्रकार उनकी जान बचा ली।

इस कार्रवाई में दफादार उत्तम सिंह ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

75. 1169602 हवलदार (गनर) मुथिया नागालिंगन्, 63/45 एयर डिफैन्स रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार (गनर) मुथिया नागालिंगन् पश्चिमी क्षेत्र में एक एयर डिफैन्स रेजीमेण्ट के साथ थे। इनकी टुकड़ी बख्तरबन्द ब्रिगेड टैंकों की शत्रु के हवाई आक्रमण से रक्षा कर रही थी। 14 दिसम्बर 1971 की शाम को शत्रु के चार मिग विमानों ने इन पर भारी गोले बरसाये। लेकिन इन्होंने बड़ी सूझ-बूझ से काम लिया और शत्रु के विमानों पर गोले फैंकते रहे तथा उनके एक विमान को मार गिराया जो आकाश में जलता हुआ देखा गया।

इस संक्रिया में हवलदार (गनर) मुथिया नागालिंगन् ने साहस और व्यावसायिक कुशलता का परिचय दिया।

76. 1120003 हवलदार (गनर) एन० जे० जार्ज, 63/65 एयर डिफैन्स रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हवलदार (गनर) एन० जे० जार्ज पश्चिमी क्षेत्र में एक एयर डिफैन्स रेजीमेण्ट के साथ थे।

इनकी टुकड़ी बख्तरबन्द ब्रिगेड के कुछ टैंकों की शत्रु के हवाई हमले से रक्षा कर रही थी। 14 दिसम्बर 1971 को लगभग 1230 शत्रु के चार मिग विमानों ने इन पर हमला किया। हवलदार (गनर) जार्ज शत्रु के विमानों पर गोले फेंकते रहे और उनमें से एक को मार गिराया।

इस संक्रिया में हवलदार (गनर) एन० जे० जार्ज ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

77. 4238627 लांस हवलदार राम कठिन पांडे, बिहार रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में लांस हवलदार राम कठिन पांडे अखोरा क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन के साथ थे। 3/4 दिसम्बर 1971 की रात को एक गांव पर हमले के दौरान जब यह अग्रिम कम्पनी में अपने कमांडिंग अफसर के साथ जा रहे थे उनके सिर पर एक किरच आकर लगी और जोरों से खून बहने लगा। लेकिन इन्होंने वहां से हटाए जाने से इन्कार कर दिया और अनुरोध किया कि उनके जख्म पर पट्टी बांध दी जाय। खून बहने और उसके परिणामस्वरूप कमजोरी आ जाने के बावजूद वह तब तक अपने दल के साथ आगे बढ़ते रहे जब तक कि उसने अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लिया।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार राम कठिन पांडे ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

78. 1563792 लांस हवलदार राम राव मोरे, इन्जीनियर्स।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में लांस हवलदार राम राव मोरे पूर्वी क्षेत्र में एक इन्जीनियर्स रेजीमेण्ट के साथ थे। 6 दिसम्बर 1971 को ये एक इन्जीनियर प्लाटून के सैक्शन कमाण्डर थे जिसे एक सुरंग क्षेत्र में एक निरापद पथ बनाने का काम सौंपा गया था। जब यह दल उस क्षेत्र में 100 गज तक आ गया तो शत्रु ने उस पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी। लेकिन हवलदार राम राव मोरे आगे बढ़ते ही रहे। शीघ्र ही शत्रु ने बंकर से बी० एम० जी० से उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। गम्भीर खतरे की परवाह किये बिना वह सीधे बी० एम० जी० तक गये और गोली चलाकर उसके पीछे बैठे शत्रु को मार डाला। जब शत्रु के एक और सैनिक ने बी० एम० जी० को चलाने की कोशिश की तो इन्होंने उसे भी मार डाला। शत्रु के कुछ हथियार और गोला-बारूद भी हमारे हाथ लगा।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार राम राव मोरे ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

79. 4442263 नायक गुरबचन सिंह, सिख लाइट इन्फैन्ट्री। (**मरणोपरान्त**)

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में नायक गुरबचन सिंह उड़ी क्षेत्र में एक इन्फैन्ट्री बटालियन के साथ थे। 4/5 दिसम्बर 1971 की रात को वे उस कम्पनी के अगले सेक्शन की कमान कर रहे थे जिसे एक हिमाच्छादित स्थल को अपने कब्जे में लेने का आदेश दिया गया। उन्होंने जबरदस्त लड़ाई के दौरान अपनी कार्रवाई में बाधक शत्रु के एक मशीनगन बंकर पर हमला किया और एक हथगोला फेंक कर उसे शांत कर दिया और स्वयं भी घायल हो गए और काफी खून बहने लगा। लेकिन फिर भी वे अपने उस कम्पनी कमाण्डर की मदद के लिए गए जिस पर कि शत्रु की मशीनगन की गोली लगी थी। जब यह अपने कम्पनी कमाण्डर को उठाकर ला रहे थे तो उन पर शत्रु की मशीनगन की गोलियों की बौछार आकर लगी और वे वहीं पर वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस कार्रवाई में नायक गुरबचन सिंह ने उत्कृष्ट साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

80. 6278578 नायक गोपाल सिंह, सिगनल्स।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में नायक गोपाल सिंह पश्चिमी क्षेत्र में सिगनल रेजीमेण्ट की एक इनफैन्ट्री ब्रिगेड सिगनल कम्पनी के साथ थे। 3/4 दिसम्बर 1971 की रात को शत्रु ने एक इनफैन्ट्री बटालियन की तीन प्लाटूनों पर तोपखानों से गोलाबारी की और हमारी सिगनल संचार-व्यवस्था को भंग कर दिया। नायक गोपाल सिंह अपनी जान की किंचित् परवाह किये बिना एक खम्बे से दूसरे खम्बे पर जा-जाकर टेलीफोन तार की जांच करते गये। इन्होंने शीघ्र ही संचार-व्यवस्था को ठीक करने में सफलता प्राप्त कर ली।

इस कार्रवाई में नायक गोपाल सिंह ने दृढ़ता और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

81. 4336015 नायक लाल बुआंगा लुभाई, 2 असम।

दिसम्बर 1971 की संक्रियाओं में नायक लाल बुआंगा लुभाई एक कम्पनी में सैक्शन कमाण्डर थे जो पश्चिमी क्षेत्र में एक मोर्चा सम्भाले हुए थी। इस मोर्चे पर शत्रु से भिड़कर इन्होंने उसके सात जवानों को मार डाला। शत्रु के एक शव को उसके छः मैगजीनों सहित एक लाइट मशीनगन, एक राइफल तथा दो हथगोले से जाने में श्रेय इन्हीं को ही था।

इस कार्रवाई में नायक लाल बुआंगा लुभाई ने साहस और नेतृत्व का परिचय दिया।

82. 1320293 नायक गोविन्द रमाकान्त चन्द्र कामथ, 5 इन्जीनियर रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में नायक गोविन्द रमाकान्त चन्द्र कामथ एक ब्रीचिंग दल के इन्चार्ज थे जिसे पूर्वी क्षेत्र में बस्तर नदी के साथ-साथ शत्रु सुरंग क्षेत्र में से रास्ता निकालने का काम सौंपा गया था। तोपखाने से हो रही भारी गोलाबारी की परवाह किये बिना ये अपने दल को सुरंग क्षेत्र में ले गये और अपना काम पूरा कर दिया। चूंकि उस निरापद मार्ग के सीमांकन के लिए समय नहीं था, अतः इन्होंने टैंकों को पार कराने के लिए मार्ग के दोनों ओर अपने सैनिक खड़े कर दिये। इन्होंने यह काम तोपखाने की भारी गोला-बारी के होते रहने के बावजूद पूरा किया और सभी टैंकों को वहां से गुजार दिया।

इस कार्रवाई में नायक गोविन्द रमाकान्त चन्द्र कामथ ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

83. 1174635 नायक राम कृष्ण यादव,
आर्टिलरी।

8 दिसम्बर 1971 को लक्षम पर हमले में सहायता कर रही एक लाइट बटालियन के सामान ले जाने वाले वाहनों पर शत्रु की भारी गोलाबारी होने लगी। सामनपुर के पास गोलाबारूद से लदे एक वाहन में आग लग गयी। वह आग पास ही खड़े दूसरे वाहनों के साथ-साथ फूस की झोपड़ियों में भी फैल गयी जिसके फलस्वरूप गोलाबारूद में विस्फोट होने लगा। नायक राम कृष्ण यादव अपनी जान की परवाह किये बिना एक खाई से दूसरे खाई में गये और ड्राइवरों से अपने वाहन हटा लेने का अनुरोध किया। इस सामयिक कार्रवाई और पहल के कारण वह तीन वाहनों और अन्य महत्वपूर्ण उपस्करों को विनाश से बचाने में सफल रहे।

इस कार्रवाई में नायक राम कृष्ण यादव ने साहस और कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

84. 4155986 नायक नारायण सिंह, (**मरणोपरान्त**)
कुमाऊं रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में कुमाऊं रेजीमेण्ट की बटालियन की एक प्लाटून को कुमुक के रूप में कलिरहाट जाने का आदेश दिया गया। यह पूर्वी क्षेत्र को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण स्थान था जिस पर शत्रु ने घेरा डाल रखा था और वहां जोरों की लड़ाई चल रही थी। नायक नारायण सिंह के अधीन इस प्लाटून का अगुवा सेक्शन तेजी से उस स्थान पर पहुंचा। जब इन्हें यह आदेश मिला कि वे घेरा डाले हुए शत्रु से दक्षिणी भाग से भिड़ जाय तो उन्होंने सेक्शन की हल्की मशीनगन उठाई और तुरन्त अपने सेक्शन को आगे ले गए भले ही उस समय शत्रु तेज गोलीबारी कर रहा था। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते गये, उन्होंने गोलीबारी जारी रखी। जब ये 500 गज से भी अधिक आगे बढ़ चुके तो इन्हें एक गोली आ लगी और ये घायल हो गये। गिरते-गिरते भी इन्होंने कारगर ढंग से गोली चलाना जारी रखा और मरते दम तक गोली चलाते रहे।

इस कार्रवाई में नायक नारायण सिंह ने उच्च कोटि के साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

85. 3147611 नायक बजरंग लाल, (**मरणोपरान्त**)
जाट रेजीमेण्ट।

नायक बजरंग लाल पूर्वी क्षेत्र में बान्दर रेलवे स्टेशन पर हमले के दौरान जाट रेजीमेण्ट की बटालियन के एक सेक्शन का नेतृत्व कर रहे थे। जब वह अपने लक्ष्य से केवल 20 गज दूरी पर थे तो पश्चिमी की ओर से शत्रु मझौली मशीनगन से भारी गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी संख्या में हमारे सैनिकों को हताहत कर दिया। प्लाटून का नेतृत्व करते हुए उन्होंने निर्भीकतापूर्वक हमला किया और मझौली मशीनगन को शान्त कर दिया। लेकिन वह स्वयं घायल हो गये। फिर भी वे दिलेरी से अपने मूल लक्ष्य पर हमला करते रहे और उनकी प्लाटून ने उसे प्राप्त करने में सफलता प्राप्त कर ली। इसी बीच अत्यधिक खून बहने से उनकी मृत्यु हो गयी।

इस कार्रवाई में नायक बजरंग लाल ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता परिचय दिया।

86. 2851602 नायक राम सिंह, (**मरणोपरान्त**)
राजपूताना राइफल्स।

पूर्वी क्षेत्र में संक्रिया के दौरान नायक राम सिंह अपनी कम्पनी की एक मझौली मशीनगन टुकड़ी के कमाण्डर थे। शत्रु की एक मझौली मशीनगन की गोलीबारी के कारण तालूतिया रेलवे स्टेशन के पास हमारी कम्पनी को रुक जाना पड़ा। नायक राम सिंह ने शत्रु की मझौली मशीनगन के ठिकाने पर हमला किया और आग बढ़ते-बढ़ते वह शत्रु के बंकर तक पहुंच गए। उन्होंने बंकर में हथगोला फेंक कर शत्रु की मझौली मशीनगन का मुंह बन्द कर दिया। इस कार्रवाई में इन्हें शत्रु को गोली लगी जिससे इनकी मृत्यु हो गयी।

इस कार्रवाई में नायक राम सिंह ने अति उच्च कोटि के साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

87. 3950128 नायक रोशन लाल,
डोगरा रेजीमेण्ट।

4 दिसम्बर 1971 को डोगरा रेजीमेण्ट की एक बटालियन को पूर्वी क्षेत्र में मदारबरे के उत्तर में रेलवे के पुल से शत्रु को हटाने का काम सौंपा गया। जब हमला किया गया तो शत्रु ने एकाएक चारों ओर से गोलीबारी शुरू कर दी। शत्रु की एक मझौली मशीनगन बड़ी संख्या में हमारे सैनिकों को हताहत कर रही थी। नायक रोशन लाल प्लाटून के एक सेक्शन का नेतृत्व कर रहे थे जिसे इस मझौली मशीनगन को नष्ट करने का आदेश दिया गया था। इन्होंने कूल्हे से अपनी हल्की मशीनगन से गोलीबारी करते हुए शत्रु पर हमला किया। जब ये शत्रु के बंकर से 100 गज दूर थे तो इनके एक गोला आकर लगा। घावों के बावजूद वह तब तक आगे बढ़ते रहे जब तक कि शत्रु का बंकर निष्क्रिय नहीं कर दिया गया।

इस कार्रवाई में नायक रोशन लाल ने साहस, दृढ़ता और नेतृत्व का परिचय दिया।

88. 2553087 नायक मथाई जैकब मैथ्यू,
मद्रास रेजीमेण्ट।

16 दिसम्बर 1971 को मद्रास रेजीमेण्ट की एक बटालियन का पूर्वी क्षेत्र में मिलातला ग्राम में शत्रु से सामना हुआ। जब डोगरो की एक कम्पनी इस जगह के पास हमले की तैयारी कर रही थी तो शत्रु ने उस पर तोपखाने से भारी और सही गोलाबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप हमारे बहुत से सैनिक हताहत हो गये। नायक मथाई जैकब मैथ्यू ने, जो मद्रास रेजीमेण्ट की बटालियन के साथ थे, आगे बढ़े और शत्रु की भारी गोलीबारी के बावजूद घायलों को घसीटते हुए पास ही सुरक्षित स्थानों में ले जाना शुरू किया। ऐसा करते हुए एक किरच के आ लगने से इनकी बायीं भुजा जाती रही।

अपनी जान पर खेलकर दूसरी बटालियन के घायल कार्मिकों को बचाने में नायक मथाई जैकब मैथ्यू ने भारतीय सेना की सर्वोत्तम परम्परा के अनुरूप साहस और मैत्री भावना का परिचय दिया।

89. 3145533 नायक बलजीत सिंह, जाट रेजीमेण्ट। **(मरणोपरान्त)**

6 दिसम्बर 1971 को नायक बलजीत सिंह और उनकी टैंकमार टुकड़ी को पूर्वी क्षेत्र में कण्डीरपुर के पास पीछे हटते हुए शत्रु के मार्ग में पड़ने वाली सड़क को रोकने का काम सौंपा गया था। पीछे हटते हुए शत्रु ने इस अवरोध को दूर करने के लिए पूरे जोर से हमला किया। नायक बलजीत सिंह ने अपनी हल्की मशीनगन से शत्रु के सैनिकों को कड़ी संख्या में हताहत किया और सड़क-अवरोध को हटाने से उसके प्रयत्न को विफल किया। इसी दौरान घायल होने पर इनकी मृत्यु हो गयी।

इस कार्रवाई में नायक बलजीत सिंह ने साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

90. 7044870 नायक राजपाल सिंह, कोर आफ इलैक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल इन्जीनियर्स।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में हिल्ली क्षेत्र में रक्षात्मक कार्रवाई के दौरान नायक राजपाल सिंह ने शत्रु के नजदीक हमारे फंसे टैंकों को वापस निकाल लाने के लिए अपनी सेवायें अर्पित कीं। शत्रु के सामने ही उसकी लगातार तोपखाने और छोटे हथियारों की गोलाबारी के बीच ये दो टैंकों को वापस निकाल लाए। शत्रु द्वारा भारी और कारगर गोलीबारी के दौरान यदि नायक राजपाल सिंह तत्काल और त्वरित गति से यह कार्रवाई न करते तो शत्रु इन टैंकों को नष्ट कर देता।

इस कार्रवाई में नायक राजपाल सिंह ने साहस, दृढ़ता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

91. 1518755 नायक बचन चवण, इंजीनियर्स। **(मरणोपरान्त)**

1971 की संक्रिया के दौरान नायक बचन चवण नौशेरा क्षेत्र में, जहां शत्रु की सुरंगें बिछी हुई थीं, एक निरापद पथ निकालने वाले एक दल का नेतृत्व कर रहे थे। इन्होंने अनेक स्थानों से सुरंगें साफ कीं। 5 दिसम्बर 1971 को उन्होंने राजौरी थानाभण्डी सड़क की एक पुलिया पर शत्रु के एजेन्टों द्वारा बिछाई गई सुरंगों के फ्यूज बड़ी कुशलता और फुर्ती से अलग कर दिए। बाद में 20 दिसम्बर 1971 को शत्रु से छीनी एक जगह पर इन्फैन्ट्री के लिए निरापद पथ बनाते समय एक सुरंग दुर्घटना में इनकी मृत्यु हो गयी।

नायक बचन चवण ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

92. 4240236 लांस नायक राम चन्द्र पाण्डे, बिहार रेजीमेण्ट।

15/16 दिसम्बर 1971 की रात को लांस नायक राम चन्द्र पाण्डे पूर्वी क्षेत्र में बाजल में शत्रु के एक ठिकाने पर एक कम्पनी द्वारा किये गये हमले के दौरान सैक्शन कमाण्डर थे। जब शत्रु की मशीनगन से भारी गोलीबारी के कारण इनके सैक्शन का आगे बढ़ना कठिन हो गया तो यह रेंगते हुए आगे बढ़े और एक हथगोला फेंककर शत्रु की मशीनगन को शान्त कर दिया।

इस कार्रवाई में लांस नायक राम चन्द्र पाण्डे ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

93. 4339957 लांस नायक सांगथंगा लुशाई, असम रेजीमेण्ट।

7/8 दिसम्बर 1971 को लांस नायक सांगथंगा लुशाई पूर्वी क्षेत्र में शत्रु की स्थितियों के बहुत भीतर टोह लगा रहे एक गश्ती दल के सदस्य थे। जब यह गश्ती दल अपना काम सफलतापूर्वक पूरा करके वापस लौट रहा था तो यह एक सुरंग क्षेत्र में भटक गया। सुरंग क्षेत्र को पार करते हुए गश्ती दल के नेता और एक और जवान घायल हो गए। लांस नायक लुशाई के भी मुंह, टांग और बाहों में किरच से चोटें आईं। अपनी चोटों की उपेक्षा करके और जान की परवाह न करते हुए इन्होंने गश्ती दल के नेता तथा उस जवान को सुरंग क्षेत्र से बाहर निकाला और उन्हें वहां से पीछे भेजने की व्यवस्था की। इस प्रकार उन्होंने अपने साथियों की बहुमूल्य जान की रक्षा की।

इस कार्रवाई में लांस नायक सांगथंगा लुशाई ने साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

94. 9405856 लांस नायक गुरुदास राय, 11 गोरखा राइफल्स।

पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रिया के दौरान लांस नायक गुरुदास राय को एक विशेष गश्तीदल के कमाण्डो ग्रुप के साथ लगाया गया था जिसे एक मंझौली मशीनगन को नष्ट करने का काम सौंपा गया था। शत्रु के बंकर से लगभग 100 गज की दूरी पर गश्ती दल के नेता ने अपने दल को रोक दिया ताकि शत्रु को उसका पता न चल सके और वह स्वयं केवल लांस नायक राय को साथ लेकर आगे बढ़ा। अब उन्हें पता चला कि मंझौली मशीनगन के बंकर के साथ ही एक और बंकर से शत्रु हल्की मशीनगन से भी गोलीबारी कर रहा है और जब तक इस मशीनगन का मुंह बन्द नहीं किया जाता, आगे बढ़ना असम्भव है। लांस नायक राय रेंग कर आगे बढ़े और इन्होंने एक हथगोला फेंक कर हल्की मशीनगन को शान्त कर दिया। इस दौरान शत्रु के एक गोले से गश्ती दल के नेता गम्भीर रूप से घायल हो गये। लांस नायक गुरुदास राय तुरन्त उनकी मदद के लिए आये और उन्हें सुरक्षित कमांडिंग चौकी पर पहुंचा दिया।

अपने गश्ती दल के नेता की सहायता करने में लांस नायक गुरुदास राय ने बड़े साहस, अटूट दृढ़ता, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की पूर्ण उपेक्षा एवं अगाध मैत्री भावना का परिचय दिया।

95. 1341568 लांस नायक रमण, 4 इंजीनियर रेजीमेण्ट।

13 दिसम्बर 1971 को लांस नायक रमण अपनी कम्पनी के साथ पूर्वी क्षेत्र में ब्राह्मण बारिया में पांच स्टीमर लांचरों के लिए रास्ता बनाने के काम में लगे हुए थे। तेज धारा और कड़ी सर्दी की परवाह किये बिना ये लगातार 16 घण्टे तक पानी में रहे और मोटर लांचरों के लिए अपेक्षित नौसंचालन मार्ग की गहराई को बढ़ाने के लिए पानी में से पड़े-पड़े पत्थरों को निकालने के लिए बार-बार गोता लगाते रहे।

इस संक्रिया में लांस नायक रमण ने साहस, दृढ़ता और कर्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

96. 4158281 लांस नायक उमेद सिंह, (**मरणोपरान्त**)
14 कुमाऊं रेजीमेण्ट।

लांस नायक उमेद सिंह कुमाऊं रेजीमेण्ट में एक बटालियन की एक प्लाटून के एक सेक्शन के सेकण्ड-इन-कमाण्ड थे। इस सेक्शन को पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक संक्रिया के दौरान, नीलाकायी में स्थित एक चौकी पर कब्जा करने का आदेश दिया गया था। हमले के दौरान शत्रु की तोपखाने और स्वचालित हथियारों की गोलीबारी के कारण उनका सेक्शन आगे नहीं बढ़ पा रहा था। लेकिन इन्होंने हल्की मशीनगन की गोलीबारी से शत्रु को उलझाए रखा। जब उनकी हल्की मशीनगन का चालक जख्मी होने से मारा गया तो वह रेंग कर गन के पास पहुंचे और स्वयं उस गन से शत्रु पर गोलीबारी करने लगे। यद्यपि गोली लगने से इनकी बांह में घाव हो गया था, लेकिन फिर भी यह शत्रु पर गोलीबारी करते रहे। तभी शत्रु की एक गोली उन पर आ लगी और वे वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस कार्रवाई में लांस नायक उमेद सिंह ने अनुकरणीय साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

97. 1526465 लांस नायक सम्भाजी भोंसले,
इंजीनियर्स।

13/14 दिसम्बर 1971 की रात को 9 पैरा कमाण्डोज़ को पश्चिमी क्षेत्र के पुंछ इलाके में मण्डहोल में स्थित शत्रु की गनों को नष्ट करने का आदेश दिया गया था। लांस नायक सम्भाजी भोंसले ने एक अन्य रैंक के साथ शत्रु की गनों पर हमला किया और शत्रु को तोपों से परे तक खदेड़ते हुए हुई मुठभेड़ में तीन को मृत्यु के घाट उतार दिया। हमला जारी रखते हुए इन्होंने शत्रु की 122 एम० एम० की एक और गन को नष्ट कर दिया तथा उसके गोलाबारूद के एक ढेर को उड़ा दिया।

इस कार्रवाई में लांस नायक सम्भाजी भोंसले ने साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

98. 3951963 लांस नायक रफी राम,
डोगरा रेजीमेन्ट।

14/15 दिसम्बर 1971 की रात को लांस नायक रफी राम डोगरा रेजीमेन्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी में स्ट्रेचर स्कवाड के इंचार्ज थे। हमले के दौरान शत्रु की सुरंगों और स्वचालित तथा छोटे हथियारों की गोलाबारी से इस कम्पनी के बहुत से सैनिक हताहत हो गए थे। अपनी जान को हथेली में रखकर लांस नायक रफी राम सुरंग क्षेत्र में घुस गए और उन्होंने शत्रु की गोलाबारी के बावजूद हताहतों को वहां से निकालना शुरू कर दिया। जब वे सुरंग क्षेत्र से एक आहत सैनिक को ला रहे थे तो उनका पैर कार्मिक-रोधी सुरंग पर पड़ गया और उनका पांव उड़ गया।

इस कार्रवाई में लांस नायक रफी राम ने उत्कृष्ट साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

99. 6610254 लांस नायक (ड्राइवर एम० टी०)
सुरेश पाल,
आर्मी सर्विस कोर।

17 दिसम्बर 1971 को शंकरगढ़ क्षेत्र में हमारी एक इन्फैन्ट्री बटालियन पर शत्रु ने बहुत दबाव डाल रखा था। लांस नायक सुरेश पाल को इस बटालियन को सुरंगें पहुंचाने का काम सौंपा गया। जब ये सुरंगें को वाहन में ले जा रहे थे तो शत्रु ने इन पर जबरदस्त हवाई हमला किया और ये गम्भीर रूप से घायल हो गए। अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इन्होंने अपने घावों की परवाह नहीं की और अपने वाहन को लेकर तब तक आगे बढ़ते रहे जब तक कि शत्रु के एक और गोले के सीधे आ लगने से वह वाहन नष्ट नहीं हो गया।

इस कार्रवाई में लांस नायक सुरेश पाल ने अनुकरणीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

100. 2963472 सिपाही मकसूद खान,
राजपूत रेजीमेण्ट।

13/14 दिसम्बर 1971 की रात को सिपाही मकसूद खान राजपूत रेजीमेण्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी के साथ थे जिसने फाजिल्का क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमला किया। जब हमले का दबाव बढ़ाया गया तो शत्रु ने दोनों छोरों से मशीनगन से गोलाबारी की जिससे हमारे सैनिक बड़ी संख्या में हताहत होने लगे। सिपाही मकसूद खान ने हल्की मशीनगन पर हमला करके तथा उसके सैनिकों को मार कर अनुकरणीय साहस का परिचय दिया। इन्होंने हल्की मशीनगन को भी छीन लिया और इस प्रकार कम्पनी द्वारा किए जाने वाले हमले के लिए रास्ता खोल दिया।

इस कार्रवाई में सिपाही मकसूद खान ने सराहनीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

101. 3967854 सिपाही अंगत राम, (**मरणोपरान्त**)
डोगरा रेजीमेण्ट।

10/11 दिसम्बर 1971 की रात को डोगरा रेजीमेण्ट की एक कम्पनी की एक बटालियन ने फिरोजपुर क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमला किया। थोड़ी जगह पर कब्जा कर लेने के बाद हमारी कम्पनी पर शत्रु की मशीनगन और छोटे हथियारों से भारी गोलाबारी शुरू हो गयी। सिपाही अंगत राम एक अन्य सिपाही को लेकर अपने कम्पनी कमाण्डर के साथ मशीनगन का मुंह बन्द करने के लिए गये। जब वे रेंग कर आगे बढ़ रहे थे तो उनके बायें कंधे पर आघात लगा लेकिन फिर भी अपनी जान पर खेल कर वे रेंगते हुए आगे की ओर बढ़ते रहे और मशीनगन पर ग्रेनेड फेंक कर उसे नष्ट करने में सफलता प्राप्त की। इस कार्रवाई में उनके एक और घाव लगा और वे वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके साहसपूर्ण कार्य के फलस्वरूप ही कम्पनी ने अपना लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

इस कार्रवाई में सिपाही अंगत राम ने अनुकरणीय साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

102. 2451285 सिपाही चमेल सिंह,
पंजाब रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में रक्षात्मक कार्रवाई के रूप में पंजाब रेजीमेण्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी ने अगरत्तला क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमला किया। शत्रु की भारी गोलीबारी के कारण लक्ष्य के पास पहुंच कर हमारा हमला रुक गया। सिपाही चमेल सिंह दौड़कर शत्रु के पहले बंकर की ओर गये और वहां हल्की मशीनगन की नली को पकड़कर खींच लिया और फिर बंकर में एक हथगोला फेंक कर उसके सभी सैनिकों को मार डाला।

इस वीरतापूर्ण कार्रवाई में सिपाही चमेल सिंह ने सराहनीय साहस, बड़ी सूझ-बूझ और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

103. 3161165 सिपाही ऊधमी राम,
जाट रेजीमेण्ट।

दिसम्बर 1971 की संक्रिया में जाट रेजीमेण्ट पूर्वी क्षेत्र में रक्षात्मक कार्रवाई के दौरान एक रक्षित ठिकाने पर कब्जा किए हुए थी। सिपाही ऊधमी राम एक ऐसे सेक्शन के साथ थे जिसका संचार सम्पर्क टूट गया था और जो अलग-अलग पड़ गया था। ये उस समय सन्तरी की ड्यूटी पर थे जब इन्होंने कुछ व्यक्तियों को अपनी ओर आते देखा। जब शत्रु का एक सिपाही काफी नजदीक आ गया तो ये उस पर झपट पड़े और उसकी हल्की मशीनगन छीनकर इन्होंने तीन गैर-फौजी मार्गदर्शकों सहित उसे आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। 15 मिनट बाद इन्होंने बड़ी संख्या में शत्रु के सैनिकों को अपनी ओर आते देखा। शत्रु के नजदीक आने तक इन्होंने अपने सेक्शन को डटे रहने का सिगनल दिया जैसे ही शत्रु पास आया उन्होंने बड़े जोरों से गोलाबारी शुरू कर दी जिसके परिणामस्वरूप शत्रु के दस और सैनिकों को अपने हथियारों सहित आत्मसमर्पण कर दिया। इस कार्रवाई में सिपाही ऊधमी राम ने सराहनीय साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

104. 3960184 सिपाही राम चन्द्र,
डोगरा रेजीमेण्ट।

11 दिसम्बर 1971 को डोगरा रेजीमेण्ट की एक बटालियन की एक कम्पनी ने खुलना क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमला किया। उन पर शत्रु की भारी गोलाबारी और छोटे हथियारों से गोलाबारी हो रही थी। शत्रु की एक हल्की मशीनगन हमें आगे नहीं बढ़ने दे रही थी और उसकी गोलियों से हमारे अनेक सैनिक हताहत हो गए थे। सिपाही राम चन्द्र, जो प्लारी हवलदार कम्पनी की प्लाटून के हल्की मशीनगन नम्बर एक के चालक थे अपनी जान हथेली पर रख कर शत्रु पर टूट पड़े और उसकी मशीनगन को शांत कर दिया। लेकिन इस कार्रवाई में उन्हें गम्भीर चोटें आयीं।

इस कार्रवाई में सिपाही राम चन्द्र ने सराहनीय साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

105. 13911001 सिपाही/नर्सिंग सहायक राम चन्द,
आर्मी मेडिकल कोर।

16 दिसम्बर 1971 को डोगरा रेजीमेन्ट की एक बटालियन को खुलना क्षेत्र में शत्रु के मोर्चे पर हमला करके उसे तोड़ने का काम सौंपा गया था। बटालियन ने यह काम कर डाला लेकिन उसके बहुत से सैनिक हताहत हो गये थे। शत्रु की गोलाबारी अभी भी चल रही थी। अतः सिपाही/नर्सिंग सहायक राम चन्द को अपने दल के साथ घायलों का प्रथमोचार करने और उन्हें वहां से निकालने का काम सौंपा गया। लड़ाई वाले क्षेत्र में वह शत्रु द्वारा जबरदस्त गोलाबारी के बीच में एक घायल से दूसरे घायल के पास पहुंचकर उसका प्रथमोचार कर उसका उत्साहवर्धन करते रहे। उनकी समयोचित एवं साहसपूण कार्रवाई के फलस्वरूप अनेक सैनिकों की जानें बच गयीं।

इस कार्रवाई में सिपाही/नर्सिंग सहायक राम चन्द ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

106. 13831396 सिपाही ड्राइवर (एम० टी०) नारायण सोनजी काकुल्टे,
आर्मी सर्विस कोर।

दिसम्बर 1971 में पूर्वी क्षेत्र में खासी हाट की संक्रिया के दौरान सिपाही ड्राइवर नारायण सोनजी काकुल्टे को सैनिक हथियार आदि लाने का काम सौंपा गया था। शत्रु भारी गोलाबारी कर रहा था। फिर भी सिपाही ड्राइवर नारायण सोनजी काकुल्टे ने अग्रिम स्थानों को यह समान पहुंचाने के लिए स्वेच्छा से अपनी सेवाएं समर्पित की। दूसरे फेरे में इनका वाहन कीचड़ में फंस गया लेकिन शत्रु द्वारा भारी गोलाबारी के बावजूद इन्होंने अपना वाहन बाहर निकाल लिया और अपने गंतव्य की ओर चल पड़े। अगले वाहन पर एक गोला सीधा आकर पड़ा और वह उड़ गया। इसके बावजूद वे अपने वाहन को नियत स्थान पर ले गये और सामान को वहां पहुंचा दिया। बाद में ये स्वेच्छा से अपने मृत साथी के शव की खोज के लिए गये और शत्रु द्वारा भारी गोलाबारी के बावजूद उसे खोज निकाला।

इस कार्रवाई में सिपाही ड्राइवर नारायण सोनजी काकुल्टे ने साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

107. 1526174 सैपर बाबूराव पाटिल,
इंजीनियर्स।

1971 की संक्रिया में सैपर बाबूराव पाटिल एक इंजीनियर टास्क फोर्स के साथ थे जो खुलना में पंजाब रेजीमेण्ट की एक बटालियन को नजदीक से सहायता दे रहा था। 11/12 दिसम्बर 1971 की रात को बटालियन का आगे बढ़ना रुक गया क्योंकि पीछे हटती हुई सेना ने एक पुल उड़ा दिया था और साथ ही यह पुल शत्रु के छोटे हथियारों की गोलीबारी के रेंज में भी था। सैपर बाबूराव पाटिल को अन्य तीन सैपरों के साथ पुल की क्षति का जायजा लगाने का आदेश दिया गया। शत्रु द्वारा तोपखाने और छोटे हथियारों की भारी गोलीबारी के बीच में सैपर बाबूराव पाटिल रेंगते हुए पुल की ओर बढ़े। पुल से लगभग

50 गज की दूरी पर जब उनके एक साथी की गोला लगने से मृत्यु हो गयी तो इन्होंने अन्य सैपरों को जहां वे थे वहीं पोजीशन लेने के लिए कहा और स्वयं पुल की ओर रेंगते रहे। इस प्रकार इन्होंने पुल की हुई क्षति का पूरा जायजा लेने में सफलता प्राप्त की।

इस कार्रवाई में सैपर बाबूराव पाटिल ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

108. 2754589 सिपाही जानू आजगेकर,
मराठा लाईट इन्फैन्ट्री

13 दिसम्बर 1971 को मराठा लाइट इन्फैन्ट्री की एक बटालियन की एक कम्पनी को खुलना क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने से 50 मीटर के भीतर जमे रहने का आदेश दिया गया। जब कम्पनी खाइयां खोद रही थी तो शत्रु की एक हल्की मशीनगन ने प्रभावी गोलीबारी करके कम्पनी की दाहिनी प्लाटून के दो सैनिकों को हताहत कर दिया। शत्रु की हल्की मशीनगन के कारण हमारे सैनिकों को काम करना, असम्भव हो रहा था। सिपाही जानू आजगेकर स्वेच्छा से, गोलीबारी की सहायता से, रेंगते हुए शत्रु के बंकर की ओर बढ़े और उसमें दो हथ गोले फेंककर शत्रु के दो सैनिकों को मार डाला तथा मशीनगन का मुंह बन्द कर दिया। इनके साहसपूर्ण कार्य से कम्पनी के और सैनिक हताहत होने से बच गए।

इस कार्रवाई में सिपाही जानू आजगेकर ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

109. 1039153 सवार दौलत सिंह, (**मरणोपरान्त**)
7 कैवेलरी।

4 दिसम्बर 1971 को सवार दौलत सिंह को पूर्वी क्षेत्र में शत्रु के जबरदस्त मोर्चाबन्दी वाले रक्षात्मक क्षेत्र में से अपने बख्तरबन्द लड़ाकू वाहन को ले जाने का आदेश दिया गया। अपनी जान की बिल्कुल परवाह किये बिना वह बड़ी कुशलता से शत्रु के सुरंग क्षेत्र, गोलाबारी और टैंक-रोधी गन फायर से बचते हुए अपने वाहन को ले गये। इसी बीच इसी स्क्वाड्रन के एक और बख्तरबन्द लड़ाकू वाहन में गोला लगा और सवार दौलत सिंह ने अपनी जान को खतरे में डालकर उस वाहन के कार्मिकों को सुरक्षित स्थान पर निकालने में मदद की। वापसी में उनका अपना बख्तरबन्द लड़ाकू वाहन भी शत्रु की दो टैंक-रोधी सुरंगों से उड़ गया और वे वहीं वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस कार्रवाई में सवार दौलत सिंह ने अनुकरणीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

110. 7070418 क्राफ्ट्समैन/वाहन मैकेनिक लेजर नादर थोबियास,
इलैक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल इंजीनियर्स।

क्राफ्ट्समैन/वाहन मैकेनिक लेजर नादर थोबियास बोगरा क्षेत्र में आर्मी सर्विस कोर की एक बटालियन का इलैक्ट्रिकल और मैकेनिकल की इंजीनियरी का काम सम्हाली हुई एक अग्रिम वर्कशाप टुकड़ी के सदस्य थे। इन्होंने प्रति दिन लगभग 16 से 18 घंटे तक काम किया ताकि प्रत्येक वाहन को अविलम्ब काम के लिए सुलभ कराया जा सके। ये कोई भी कार्य उत्साहपूर्वक स्वीकार करने के लिए सदैव तत्पर रहे। इन्होंने अपने काम के प्रति बड़ा उत्साह दिखाया और ये किसी भी समय किसी भी स्थान पर मरम्मत का काम करने के लिए तैयार रहे। यह इनके उत्साह और प्रेरणादायक उदाहरण का ही परिणाम था कि अग्रिम वर्कशाप टुकड़ी अपना काम बड़ी तेजी और कुशलता से कर सकी और आगे के दस्ते तेजी से आगे बढ़ सके।

क्राफ्ट्समैन/वाहन मैकेनिक लेजर नादर थोबियास ने साहस, सूझ-बूझ और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

111. 2459989 सिपाही मिलाप चन्द,
पंजाब रेजीमेण्ट।

सिपाही मिलाप चन्द फिरोजपुर क्षेत्र में एक गश्ती दल के सदस्य थे। एक भूभाग को अपने कब्जे में लेने के लिए पार्श्व सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शत्रु एक प्लाटून सैनिक लेकर हमारे क्षेत्र में घुस आया। हमारा गश्ती दल शत्रु की प्लाटून के पीछे आ गया जो रक्षात्मक स्थिति बनाये हुए था। शत्रु की मझौली मशीनगन द्वारा गोलीबारी के बावजूद सिपाही मिलाप चन्द ने अपनी जान की बिल्कुल भी परवाह किये बिना अपनी संगीन को ताना और शत्रु पर हमला किया। इन्होंने शत्रु के एक मझौली मशीनगनर को पकड़ लिया। इससे शत्रु एक दम हैरत में आ गया और उसने गश्तीदल के सामने आत्म-समर्पण कर दिया।

इस कार्रवाई में सिपाही मिलाप चन्द ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

112. 2863656 सिपाही राम पाल,
राजपूताना राइफल्स।

3/4 दिसम्बर, 1971 की रात को मेघार क्षेत्र में राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी की एक रक्षित क्षेत्र पर कब्जा किये हुये थी। उस क्षेत्र पर पाकिस्तानी सेना ने हमला किया और रक्षित क्षेत्र के एक भाग पर अधिकार कर लिया। कम्पनी कमाण्डर ने तुरन्त अपने सैनिकों को इकठ्ठा किया और सिपाही रामपाल ने अपनी हल्की मशीनगन को संभाल कर शत्रु पर तेजी से गोलाबारी की। शत्रु दो हल्की मशीनगन और एक मझौली मशीनगन ले आया और इनकी ओर गोलाबारी शुरू कर दी। लेकिन ये तीन बार अपनी स्थिति बदलकर शत्रु पर भारी गोलाबारी करते रहे तथा हमलावर को पीछे खदेड़ दिया।

इस कार्रवाई में सिपाही राम पाल ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

113. 1280853 गनर (जी०डी०) राम मूर्ति,
आर्टिलरी।

गनर (जी०डी०) राम मूर्ति पुंछ क्षेत्र में कम रेंज पर शत्रु के बंकरों की सीधी मुठभेड़ के लिये लगायी गयी एक बैटरी के साथ थे। 9 दिसम्बर, 1971 को इन्हें शत्रु के पांच पिल बाक्सों और बंकरों

को नष्ट करने का काम सौंपा गया, इन्हें अगर नष्ट न किया जाता तो वे उसी रात को आयोजित एक आक्रमण में बाधा डालते। इस काम को करने के लिये जल्दी जल्दी बनाए गए मोर्चों पर गन फिट कर दी गयी। ये मोर्चे शत्रु की हल्की मशीनगनों और मार्टरों की रेंज के भीतर थी। ज्योंही गनर राम मूर्ति ने गोलाबारी शुरू की शत्रु ने इनके ठिकानों पर स्वचालित मशीनगन तोपों और मार्टरों से जोर की गोलाबारी शुरू कर दी। यद्यपि इनकी स्थिति बड़ी नाजुक थी फिर भी अपनी जान हथेली पर रखकर यह अपनी जगह पर तब तक डटे रहे जब तक कि इन्होंने शत्रु के पांचों पिल बाक्सों को नष्ट नही कर दिया।

इस कार्रवाही में गनर राम मूर्ति ने साहस, और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

114. 5237629 राइफलमैन देव बहादुर छेत्री,
3 गोरखा राइफल्स।

16 दिसम्बर, 1971 को गोरखा राइफल्स की एक बटालियन की एक कम्पनी ने कार्गिल क्षेत्र में एक चौकी पर हमला करना था जो कि मुख्य मार्ग पर अधिकार जमाए हुए थी। इस चौकी पर कब्जा किए बिना आगे की सक्रियाएं संभव नहीं थी। इस पर कब्जा करने के लिये पहले किये तीन प्रयास असफल रहे थे। राइफल्समेन देव बहादुर छेत्री एक तंग रास्ते से होते हुए कम्पनी के आक्रमण का नेतृत्व कर रहे थे। जब इनका सेक्शन अपने लक्ष्य के निकट पहुंच रहा था तो शत्रु ने उस पर मझौली मशीनगन से तीव्र और कारगर गोली-बारी शुरू कर दी। और ये आगे नहीं बढ़ सके। ये शत्रु की मंझौली मशीनगन को नष्ट करने के लिये आगे झपटे लेकिन बुरी तरह घायल हो गये फिर भी यह निर्भीक होकर रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे और एक हथगोला फेंक कर शत्रु की मझौली मशीनगन का मुंह बन्द कर दिया इस प्रकार कम्पनी का आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

इस कार्रवाही में राइफलमैन देव बहादुर छेत्री ने साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

115. 4159154 सिपाही समाई सिंह
कुमाऊं रेजीमेंट।

5 दिसम्बर, 1971 को सिपाही समाई सिंह के दल को सुचेत-गढ़ क्षेत्र में शत्रु के एक ठिकाने पर हमला करने को कहा गया था। जब यह दल उस ठिकाने के पास पहुंचा तो सिपाही समाई सिंह के पास एक हथगोला गिरा जिससे इनकी दायीं जांघ पर बड़ा घाव हो गया। फिर भी यह विचलित नहीं हुए और शत्रु के बंकर की ओर बढ़े और एक झरोखे से इन्होंने उनके पास एक हथगोला फेंक दिया ज्योंही यह चौकी में घुसे शत्रु के दो सैनिक इन पर आ झपटे। वह पीछे हट गये और फिर हमलावरों पर आक्रमण करके इन्होंने दोनों को संगीन से मार डाला। घाव के दौरान इन्होंने शत्रु के तीन और सैनिकों को मार डाला। इस कार्रवाही में ये स्वयं भी घायल हो गये।

इस कार्रवाही में सिपाही समाई सिंह ने अनुकरणीय साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

116. 4153407 सिपाही जगत सिंह (मरणोपरान्त)
कुमाऊं रेजीमेंट।

छम्ब क्षेत्र में अपना हमला विफल हो जाने पर पाकिस्तानी सेना अपने छोटे छोटे दलों को हमारे सैनिकों पर घात लगाने के लिये छोड़ गयी थी। सिपाही जगत सिंह उनका पता लगाने वाले एक दल के सदस्य थे। जब वे उनका पता लगा रहे थे तो उन पर शत्रु की एक हल्की मशीन गन की गोली लगी और वे घायल हो गये। घाव के बावजूद उन्होंने शत्रु की हल्की मशीनगन वाले ठिकाने पर हमला किया और वहां हथगोले फेंककर उसके सैनिकों को मार डाला। लेकिन इसके तुरन्त बाद ही सिपाही जगत सिंह घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गये।

इस कार्रवाही में सिपाही जगत सिंह ने सराहनीय साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

117. 4243447 सिपाही प्रभुधन हेमब्रम, (मरणोपरान्त)
बिहार रेजीमेंट

दिसम्बर, 1971 की संक्रिया के दौरान सिपाही प्रभुधन हेमब्रम एक दल के सदस्य थे जिसकी संख्या एक कम्पनी के बराबर थी। इस दल को पूर्वी क्षेत्र में मैमन सिंह में एक महत्वपूर्ण स्थिति पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था जहाँ शत्रु ने जबरदस्त मोर्चाबन्दी की हुई थी। इस काम को सफलतापूर्वक पूरा कर लेने बाद यह दल अपने लक्ष्य पर फिर इकठ्ठा हो रहा था जब कि शत्रु ने उस जगह को पुनः अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया। सिपाही प्रभुधन हेमब्रम ने आगे बढ़ते शत्रु पर कारगर गोलाबारी की लेकिन ऐसा करते हुए वे स्वयं शत्रु के सामने आ गये। बहुत पास से मंझोली मशीन गन का एक गोला उनपर आ लगा और बुरी तरह घायल हो गए। फिर भी वह निर्भीक होकर मशीनगन की ओर रेंगते रहे और उस पर एक हथगोला फेंककर उसे नष्ट कर दिया। इसके तुरन्त बाद घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

इस कार्रवाही में सिपाही प्रभुधन हेमब्रम ने साहस और दृढ़ता का परिचय दिया।

118. श्री धान बहादुर सुब्बा,
कमाण्डेंट, 73 बटालियन, सीमा सुरक्षा दल।

1971 की संक्रिया के दौरान सीमा सुरक्षा दल की एक बटा-लियन के कमांडेंट श्री धान बहादुर सुब्बा को अकेले ही अपनी दो कम्पनियों के पीछे से बिना तोपों की सहायता से अतबारी ठाकुरगांव अक्ष के किनारे किनारे आगे ले जाने का काम सौंपा गया था। वीरगंज पर कब्जा हो जाने के बाद इन्हें फिर अकेले विरल की ओर अपनी कम्पनियों को बढ़ाने का आदेश मिला। इन्होंने इन कार्यों को बड़ी तेजी के साथ पूरा किया और बलाईडांगी में शत्रु के 222 सैनिकों की एक टुकड़ी सहित उसके बहुत से अधिकार क्षेत्र से उनके स्थलों को खाली करा लिया। इस प्रकार नियमित सेना की टुकड़ियों के लिए अपना ध्यान मुख्य अक्ष पर केन्द्रित करना सम्भव हो गया।

इन संक्रियाओं के दौरान श्री धान बहादुर सुब्बा ने साहस, दृढ़ता और नेतृत्व का परिचय दिया।

119. श्री जोगिन्दर सिंह सिंधू,
डिप्टी कमाण्डेंट, 77 बटालियन, सीमा सुरक्षा दल।

श्री जोगिन्दर सिंह सिधु सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन की एक कम्पनी का नेतृत्व कर रहे थे। 12/13 नवम्बर, 1971 की रात को शत्रु ने खानपुर में अपनी चौकी से इनकी कम्पनी पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। यद्यपि शत्रु भारी गोलाबारी कर रहा था, फिर भी इन्होंने तुरन्त अपनी कम्पनी को यथा स्थान तैनात किया और शत्रु की चौकी पर धावा बोल दिया। इनके वीरतापूर्ण नेतृत्व में इनकी कम्पनी ने शत्रु के साथ घमासान लड़ायी करके उसके 13 बड़े मजबूत और गहरे खुदे हुए बंकरों का सफाया कर दिया और शत्रु की चौकी पर कब्जा कर लिया।

इस कार्रवाही में श्री जोगिन्दर सिंह सिन्धु ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

120. सं० 60844009 उप-निरीक्षक गोपाल सिंह (मरणोपरान्त)
86 बटालियन, सीमा सुरक्षा दल।

12 दिसम्बर 1971 को सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन को दावकी-सिलहट अक्ष पर हरिपुर-बेलीपाड़ा क्षेत्र में एक ऐसी जगह से शत्रु को दिन दहाड़े हटाने का काम सौंपा गया था जिस पर उसकी स्थिति बड़ी मजबूत थी। 1540 बजे हमला किया गया। शत्रु की तीव्र और सही गोलाबारी के कारण आक्रमण कर रही कम्पनी की दो प्लाटूनों को शत्रु के ठिकाने से लगभग 200 गज दूरी पर रुक जाना पड़ा। इस स्थिति में उप-निरीक्षक गोपाल सिंह अपनी प्लाटून के साथ आगे की ओर झपटे और इन्होंने शत्रु को दहला दिया। ये शत्रु की मशीनगन मार्टर गन की गोलाबारी के दायरे में आ गये लेकिन फिर भी ये निर्भीक होकर आगे बढ़ते रहे। जब वे झपटते हुए आगे बढ़ रहे थे, उन पर शत्रु की गोलियों की बौछार होने लगी और ये वहीं धराशायी हो गये। लेकिन उनके साहसपूर्ण धावे से हमले को पहले ही गति मिल चुकी थी जिसके कारण शत्रु अपनी स्थिति से भाग खड़ा हुआ और कम्पनी ने उस स्थिति पर कब्जा कर लिया।

इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक गोपाल सिंह ने साहस, दृढ़ता और नेतृत्व का परिचय दिया।

121. सं० 49310004 उप-निरीक्षक इकबाल सिंह, (मरणोपरान्त)
31 बटालियन, सीमा सुरक्षा दल।

उप-निरीक्षक इकबाल सिंह उन प्लाटूनों में से एक प्लाटून के कमाण्डर थे जिन्हें ममदोत क्षेत्र में राजा मोहतम पर शत्रु की एक चौकी पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। इस चौकी पर दिसम्बर 1971 की संक्रिया के दौरान शत्रु ने कब्जा कर लिया था। शत्रु मशीनगन से जबरदस्त गोलीबारी कर रहा था। फिर भी वह सुरंगों और कांटेदार तारों से भरे बाधापूर्ण क्षेत्र में से अपने सैनिकों को लेकर कृत संकल्प अपने लक्ष्य की ओर बढ़े। उन पर सभी दिशाओं से गोलियों की बौछार हो रही थी। फिर भी उन्होंने निर्भीक होकर शत्रु पर हमला किया और उसे भारी क्षति पहुंचाई आमने सामने की लड़ाई में उन्होंने स्वयं शत्रु के एक सैनिक को पकड़ लिया। उनकी कम्पनी के हमले ने पूरी तरह शत्रु का हौसला तोड़ दिया और वह भारी मात्रा में हथियार तथा गोलाबारूद छोड़कर भाग खड़ा हुआ। 10 दिसम्बर 1971 को शत्रु ने उस चौकी पर पुनः कब्जा करने का एक और प्रयास किया। उसने तोपखाने और मशीनगन से जबरदस्त गोलाबारी की। उप-निरीक्षक इकबाल सिंह, जिनकी प्लाटून इस चौकी की रक्षा कर रही थी, अपनी जान की बिल्कुल भी परवाह किये बिना अपने सैनिको का हौसला बढ़ाने के लिए वह एक बंकर से दूसरे बंकर में गये ताकि शत्रु के हमले को विफल किया जा सके। इस कार्य में वह शत्रु का एक गोला लगने से घायल हो गये और बाद में उनकी मृत्यु हो गयी।

इस कार्रवाई में उप-निरीक्षक इकबाल सिंह ने साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

122. सं० 667770423 हैड-कांस्टेबल देवी सिंह,
77 बटालियन, सीमा सुरक्षा दल।

1971 की संक्रिया के दौरान खानपुर में शत्रु की एक चौकी पर हमले के समय हैड-कांस्टेबल देवी सिंह सीमा सुरक्षा दल की एक प्लाटून के सैक्शन कमाण्डर थे। इनके वीरतापूर्ण नेतृत्व में इनका सेक्शन शत्रु की भारी गोलाबारी के बावजूद एक बंकर से दूसरे बंकर की ओर बढ़ता गया और जबरदस्त लड़ाई के बाद उसने शत्रु को वहां से खदेड़ दिया जब ये अन्तिम बंकर में शत्रु से जूझ रहे थे तो इनकी दायीं टांग पर एक गोली लगी। अपनी चोट की परवाह किये बिना ये अपने सैनिकों का मार्ग दर्शन और उत्साहवर्धन करते रहे और लक्ष्य की प्राप्ति तक इन्होंने वहां से हटाये जाने से इंकार कर दिया। इन्हें वहां से तभी हटाया जा सका जब ये बहुत खून बह जाने के कारण बेहोश हो गये।

इस कार्रवाई में हैड-कांस्टेबल देवी सिंह ने साहस, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

123. सं० 66006559 हैड कांस्टेबल सुलतान सिंह,
103 बटालियन, सीमा सुरक्षा दल।

1971 की संक्रियाओं के दौरान हैड-कांस्टेबल सुलतान सिंह के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा दल की एक बटालियन की मशीनगन टुकड़ी की एक प्रेक्षण चौकी की रक्षा का काम सौंपा गया था जिस पर शत्रु भारी गोलाबारी कर रहा था। जबरदस्त गोलाबारी के कारण चौकी की इमारत पूर्णतः ध्वस्त हो गयी। हैड-कांस्टेबल सुलतान सिंह अपनी टुकडी के साथ उस क्षेत्र में डटे रहे, हालांकि शत्रु उस पर जोरदार गोलाबारी कर रहा था और जब तक शत्रु की गोलाबारी बन्द नहीं हुई वह वहीं जमे रहे।

इस कार्रवाई में हैड-कांस्टेबल सुलतान सिंह ने उच्च कोटि के साहस, दृढ़ता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया।

124. सं० 713100120 कांस्टेबल राम सिंह, (मरणोपरांत)
31 बटालियन, सीमा सुरक्षा दल ।

कांस्टेबल राम सिंह सीमा सुरक्षा दल की एक प्लाटून के राइफलमैन थे जिसे 6/7 दिसम्बर, 1971 की रात को ममदोत क्षेत्र में राजा मोहतम फिगेट पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था । शत्रु द्वारा तोपखाने और मशीनगन की भारी गोलीबारी के बावजूद प्लाटून यथा स्थान तैनात हो गई और उसने हमला कर दिया । इस हमले में कांस्टेबल राम सिंह को गोली लगी । चोटों तथा शत्रु द्वारा जबरदस्त और सही गोलीबारी के बावजूद कांस्टेबल राम सिंह सुरंगों और कांटेदार तारों के भरे बाधापूर्ण क्षेत्र में से रेंगते हुए आगे बढ़े और शत्रु पर धावा बोल दिया । इन्होंने शत्रु को बड़ी क्षति पहुंचाई और उसकी एक मशीनगन को, उसके चलाने वाले सिपाही को मार कर, हथिया लिया । बाद में चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई ।

इस कार्रवाई में कांस्टेबल राम सिंह ने साहस, दृढ़ता और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया ।

125. जे० सी०—229 नायब सूबेदार अब्दुल गनी बख्शी,
जम्मू एण्ड कश्मीर मिलिशिया ।

8/9 दिसम्बर, 1971 की रात को नायब सूबेदार अब्दुल गनी बख्शी को अपनी प्लाटून के साथ जम्मू और कश्मीर में कलाल क्षेत्र में शत्रु की एक चौकी पर धावा करके उसे नष्ट करने का काम सौंपा गया था । शत्रु रात के समय इस चौकी पर आकर हल्की मशीनगन और छोटे हथियारों से गोलीबारी करके हमारे पिकेटों को परेशान किया करता था । नायब सूबेदार अब्दुल गनी बख्शी अपनी प्लाटून के साथ चोरी छिपे शत्रु के ठिकाने की ओर बढ़े लेकिन जब वह केवल 100 गज दूर थे तो शत्रु ने इन्हें देख लिया । जब शत्रु ने गोलीबारी शुरू की तो इन्होंने अपनी प्लाटून को चौकी पर जोर का हमला बोलने के लिए कहा । अपनी स्टेनगन से गोलीबारी करते हुए इन्होंने प्लाटून का स्वयं नेतृत्व किया । शत्रु के छक्के छुट गये और वह भाग खड़ा हुआ । शत्रु चौकी को नष्ट कर दिया गया । साथ ही अपनी रक्षित स्थिति पर वापस लौटते हुए इन्होंने तीन ऐसे घरों में भी आग लगा दी जहां छिपकर शत्रु दिन के समय हमारे गश्ती दलों पर गोली चलाया करता था ।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार अब्दुल गनी बख्शी ने अनुकरणीय साहस और सूझ-बूझ का परिचय दिया ।

126. सं० 68158006 जमादार जगमेहर सिंह,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

जमादार जगमेहर सिंह जम्मू और काश्मीर में नारायणपुर क्षेत्र में, एक चौकी की कमाण्ड संभाले हुए थे । दिसम्बर 1971 की संक्रिया के दौरान इन्होंने असाधारण साहस और नेतृत्व का परिचय दिया । यह इनके प्रेरणादायक नेतृत्व का ही परिणाम था कि चौकी पर उनके सैनिक शत्रु की गोलाबारी, बमबारी और छोटे हथियारों से गोलीबारी का वीरतापूर्वक सामना करते रहे और अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से मुश्किल से 400 गज की दूरी पर इस बहुत कमजोर चौकी को इन्होंने बचा लिया ।

127. सं० 65016144 कांस्टेबल डेविड वर्गीज,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

5 दिसम्बर, 1971 को कांस्टेबल डेविड वर्गीज को साम्बा के एक गोलाबारूद डिपो पर एक प्लाटून को एक सन्देश पहुंचाने का काम सौंपा गया । शत्रु के हवाई जहाजों ने गोलाबारूद डिपो पर राकेटों से हमला किया जिसके कारण इस महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान के एकदम पास एक जगह पर आग लग गयी । कांस्टेबल डेविड वर्गीज ने सहज ही स्थिति की गम्भीरता को समझ लिया और वह सबसे पहले आग वाले स्थल की ओर दौड़े । वहां पहुंचकर इन्होंने अपनी जान की बिल्कुल भी परवाह किये बिना तेजी से फैल रही आग को बुझाना शुरू कर दिया । इन्होंने सराहनीय साहस और सूझबूझ का परिचय दिया जिसके कारण गोलाबारूद डिपो आग द्वारा नष्ट होने से बच गया ।

अशोक मित्र
राष्ट्रपति के सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय
(कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 29 जून 1974

नियम

सं० 11013/1/74-स्था० (ङ)—निम्नलिखित सेवाओं में ग्रेड II की रिक्तियों को भरने के लिये 1975 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिये प्रकाशित किये जा रहे हैं :—

(i) भारतीय अर्थ सेवा, और

(ii) भारतीय सांख्यिकीय सेवा

2. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भर्ती की जाने वाली रिक्तियों की संख्या का उल्लेख आयोग के द्वारा निकाली गई सूचना में किया जायगा । अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिये आरक्षण भारत सरकार द्वारा निश्चित संख्या के अनुसार किया जायेगा ।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित आदिम जातियों से अभिप्राय निम्नांकित में उल्लिखित जातियों/आदिम जातियों से किसी एक से है, अर्थात संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951, संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) आदेश, 1950 संविधान (अनुसूचित आदिम जातियां) (भाग ग राज्य) आदेश, 1951 (बम्बई पुनर्गठन अधिनियम 1960 और पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के साथ पठित अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों (सूचियों का संशोधन) आदेश, 1956 द्वारा यथा संशोधन संविधान (जम्मू और काश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश, 1956 संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1956 संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित जातियां आदेश, 1962 संविधान (दादरा और नगर हवेली) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1962 और

संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जातियां आदेश, 1964 संविधान (अनुसूचित जातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967 संविधान (गोवा, दमन और दीव) अनुसूचित जातियां, 1968 संविधान (गोवा दमन और दीव) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1968 और संविधान (नागालैंड) अनुसूचित आदिम जातियां आदेश, 1970।

3. संघ लोक सेवा आयोग यह परीक्षा नियमों के परिशिष्ट-II में विहित रीति से लेगा।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा नियत किये जायेंगे।

4. उम्मीदवार को या तो :—

(क) भारत का नागरिक होन चाहिये या

(ख) सिक्किम की प्रजा, या

(ग) नेपाल की प्रजा, या

(घ) भूटान की प्रजा, या

(ङ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो, या

(च) मूल रुप से भारतीय व्यक्ति हो, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, (पहले सिलोन के नाम से विख्यात) और पूर्वी अफ्रीका के कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य टंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार) देशों से आया हो।

परन्तु ऊपर की (ग), (घ) और (ङ) और (च) कोटियों के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा दिया गया पात्रता (एलिजिबिलिटी) प्रमाण पत्र होना चाहिये।

परीक्षा में उस उम्मीदवार को भी बैठने दिया जा सकता है जिसके लिये पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो और उसे सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिये जाने की शर्त के साथ अंतिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है।

5(क) इस परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार के लिये आवश्यक है कि उसकी आयु 1 जनवरी, 1975 को 21 वर्ष की पूरी हो गई हो किंतु 26 वर्ष की न हुई हो, अर्थात उसका जन्म 2 जनवरी, 1949 से पहले और 1 जनवरी 1954 के बाद न हुआ हो।

(ख) ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जा सकती है :—

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक पाँच वर्ष,

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद किंतु 25 मार्च, 1971 से पहले भारत में आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(iii) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जातियों का हो और वह 1 जनवरी, 1964 को या उसके बाद किंतु 25 मार्च, 1971 से पहले भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आया वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(iv) यदि उम्मीदवार संघ राज्य क्षेत्र पाँडचेरी का निवासी हो तथा उसने किसी स्तर तक फ्रांसिसी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त की हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(v) यदि उम्मीदवार अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद, श्रीलंका (पहले सीलोन के नाम से विख्यात) से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर, भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक 3 वर्ष,

(vi) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही अक्तूबर, 1964 से भारत–श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद श्रीलंका (पहले सिलोन के नाम से विख्यात) से वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित होकर भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(vii) यदि उम्मीदवार गोवा, दमन व दीव, संघ राज्य क्षेत्र का निवासी हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(viii) यदि उम्मीदवार कीनिया, उगांडा, तथा संयुक्त गणराज्य टंजानिया (भूतपूर्व टंगानिका तथा जंजीबार) से आया मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(ix) यदि उम्मीदवार 1 जून, 1963 को या उसके बाद, बर्मा से वास्तव में प्रत्यावर्तित होकर, भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(x) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का हो और साथ ही 1 जून, 1963 को या उसके बाद, बर्मा से, प्रत्यावर्तित होकर, भारत में आया हुआ मूल रूप से भारतीय व्यक्ति हो, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष,

(xi) यदि उम्मीदवार रक्षा सेवाओं में किसी बाह्य देश के साथ संघर्ष में या अशांति-ग्रस्त क्षेत्र में सैनिक कार्यवाही के समय विकलांग होकर निर्मक्त हुआ सैनिक हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष,

(xii) यदि उम्मीदवार रक्षा सेवकओं में किसी बाह्य देश के साथ संकर्ष में या अशांतिग्रस्त क्षेत्र में सैनिक कार्यवाही के समय विकलांग होकर नियुक्त हुआ सैनिक हो और अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित

आदिम जाति का हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष ।

(xiii) भारत-संघर्ष, 1971 के दौरान हमलों में विकलांग हुए तथा उस के परिणामस्वरूप नियुक्त हुए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष, और

(xiv) भारत-पाक संघर्ष, 1971 के दौरान हमलों में विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मक्त हुए सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों जो अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित आदिम जाति के हों, के मामले में अधिकतम आठ वर्ष ।

उपर्युक्त परिस्थितियों को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जायगी ।

6. (क) भारतीय अर्थ सेवा के लिये उम्मीदवार के पास परिशिष्ट-1 में उल्लिखित किसी विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र या सांख्यिकी विषय सहित उपाधि होनी चाहिये ।

(ख) भारतीय सांख्यिकीय सेवा के लिये उम्मीदवार के पास परिशिष्ट-1 में उल्लिखित किसी विश्वविद्यालय की सांख्यिकीय या गणित या अर्थशास्त्र विषय सहित उपाधि होनी चाहिये, अथवा उसके पास परिशिष्ट-1 में उल्लिखित अर्हताओं में से कोई एक अर्हता होनी चाहिये ।

टिप्पणी (1)—यदि कोई उम्मीदवार किसी ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे उत्तीर्ण कर लेने पर वह इस परीक्षा में बैठ सकता है किन्तु अभी उसे परीक्षा परिणाम की सूचना न मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह उस परीक्षा में बैठने के लिये आवेदन कर सकता है । जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हता परीक्षा (क्वालीफाइंग एक्जामिनेशन) में बैठना चाहता हो, वह भी आवेदन कर सकता है, बशर्ते कि वह अर्हता परीक्षा इस परीक्षा के आरम्भ होने से पहले समाप्त हो जाये, ऐसे उम्मीदवारों को यदि वे अन्य शर्तें पूरी करते हों तो इस परीक्षा में बैठने दिया जायेगा । परन्तु परीक्षा में बैठने की अनुमति अनन्तिम मानी जायेगी और यदि वे अर्हता परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में इस परीक्षा के प्रारम्भ होने के पश्चात् अधिक से अधिक 2 महीने के भीतर प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द की जा सकती है ।

टिप्पणी (2)— विशेष परिस्थितियों में, संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश का पात्र माना जा सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई भी अर्हता न हो बशर्ते कि उस उम्मीदवार ने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित कोई ऐसी परीक्षायें पास की हों जिनके स्तर को देखते हुये आयोग उसको परीक्षा में प्रवेश देना उचित समझे ।

टिप्पणी (3)— यदि कोई उम्मीदवार अन्यथा परीक्षा में प्रवेश का पात्र हो किंतु उसने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालय से उपाधि ली हो जो परिशिष्ट-1 में सम्मिलित न हो तो वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और आयोग यदि उचित समझे तो उसे परीक्षा में प्रवेश दे सकता है ।

7. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के परिशिष्ट-1 में निर्धारित शुल्क अवश्य देना होगा ।

8. जो उम्मीदवार स्थायी या अस्थायी रूप में अथवा नैमित्तिक या दिहाड़ी वाले कर्मचारी को छोड़कर कार्य प्रभारी कर्मचारी के रूप में पहले से ही सरकारी सेवा करता हो, उसे इस परीक्षा में बैठने से पहले अपने विभाग के अध्यक्ष की अनुमति अवश्य लेनी होगी ।

9. परीक्षा में बैठने के लिये उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जायगा, जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमिशन) नहीं होगा ।

11. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिये दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छद्म रूप में कार्य साधन कराया है, अथवा

(iv) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये हैं जिन में तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिये किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(vii) परीक्षा भवन में अनुचित तरीके अपनाये हैं अथवा

(viii) परीक्षा भवन में अनुचित आचरण किया है, अथवा

(ix) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया ह तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिये अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिये (i) आयोग द्वारा, ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिये,

(ii) केंद्रीय सरकार द्वारा उसके अधीन किसी भी नौकरी से बारित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है ।

12. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में उतने न्यूनतम अर्हता अंक (क्वालीफाइंग मार्क्स) प्राप्त कर लेगा जितने आयोग अपने निर्णय से निश्चित करे, तो उसे आयोग मौखिक परीक्षा के लिये बुलायेगा ।

13. परीक्षा के बाद आयोग उम्मीदवारों के द्वारा अंतिमरूप से प्राप्त कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम से उनकी सूची बनायेगा और उसी क्रम से उन उम्मीदवारों में से जितने लोगों को आयोग परीक्षा के आधार पर योग्य समझेगा नियुक्तियों के लिये सिफारिश करेगा । ये नियुक्ति उतनी अनारक्षित रिक्तियों पर की जायगी, जितनी का निर्णय परीक्षा के परिणाम के आधार पर किया जायगा ।

लेकिन शर्त यह है कि यदि स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के लिये आरक्षित पद नहीं भरे जा सकते हैं तो आरक्षित कोटे को पूरा करने के लिये स्तर, में छूट देकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों को नियुक्त करने के लिये, सेवा के लिये योग्य होने पर, परीक्षा की योग्यता सूची में उनकी श्रेणी को ध्यान में रखे बिना ही आयोग द्वारा सिफारिश की जा सकती है ।

14. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाय, उसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा । आयोग परीक्षाफल के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा ।

15. यदि कोई उम्मीदवार दोनों सेवाओं के लिये प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ रहा हो, तो उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन पत्र देते समय व्यक्त किये गये अधिमान क्रम (प्रेफरेंस) के अनुसार उस पर उचित रूप से विचार किया जायगा ।

16. परीक्षा में पास हो जाने से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलेगा जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद संतुष्ट ना हो जाय कि उम्मीदवार सेवा में नियुक्ति के लिये हर प्रकार से योग्य है ।

17. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिये और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिये जिससे वह संबंधित सेवा में अधिकारों के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलता पूर्वक न निभा सके । यदि सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित शारीरिक परीक्षा के बीच किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हो कि वह आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जायगी । आयोग द्वारा मौखिक परीक्षा के लिये बुलायेगा गये किसी भी उम्मीदवार से शारीरिक परीक्षा की जांच करवाने की अपेक्षा की जा सकती है ।

नोट :—बाद में निराश न होना पड़े इसलिये उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिये आवेदन पत्र भेजने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी जांच करवा ले । नियुक्ति पहले उम्मीदवारों की किस प्रकार की डाक्टरी जांच होगी और उसके लिये स्वास्थ्य का स्तर किस प्रकार का होना चाहिय, ऐसे ब्यौरे इन नियमों के परिशिष्ट में दिये गए है । रक्षा सेवाओं में विकलांग हुए भूतपूर्व सैनिकों के लिये स्वास्थ्य स्तर में सेवाओं की आवश्यकताओं के अनुसार छूट दी जायगी :—

18(क) जिसने ऐसी महिला/ऐसे पुरूष से विवाह करने का करार किया हो अथवा विवाह कर लिया हो जिसका पति/जिसकी पत्नी जीवित हो, अथवा

(ख) जिसने जीवित पत्नी / पति के होते हुए किसी अन्य व्यक्ति के साथ विवाह करने का करार किया हो अथवा विवाह कर लिया हो वह उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/ होगी ।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति पर अथवा जिससे विवाह किया गया हो उस पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं तो ऐसे व्यक्ति को ऐसे कानून से छूट दे सकती है ।

19. इस परीक्षा के द्वारा जिन सेवाओं के लिए भर्ती की जा रही है उनका संक्षिप्त ब्यौरा परिशिष्ट III में दिया गया है ।

एम० आर० भारद्वाज,
उप सचिव

परिशिष्ट-I

भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्वविद्यालय की सूची

(नियम 6 के अनुसार)

भारतीय विश्वविद्यालय

कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय जो भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम से निगमित किया गया हो अथवा अन्य शिक्षा संस्थाएं जिन्हें संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया है अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 की धारा 3 के अन्तर्गत विश्व-विद्यालय मान लिये जाने की घोषणा की जा चुकी है ।

बर्मा के विश्वविद्यालय

रंगून विश्वविद्यालय
मांडले विश्वविद्यालय

इंगलैण्ड के वेल्स के विश्वविद्यालय

बर्मिंघम, ब्रिस्टल, केम्ब्रिज, डरहम, लीड्स, लिवरपूल, लंदन, मैंचेस्टर, ऑक्सफोर्ड, रिडिंग, शेफिल्ड तथा वेल्स के विश्वविद्यालय

स्काटलैंड के विश्वविद्यालय

एबरडीन, एडिनबरा, ग्लासगो, और सैंट एन्ड्रूज विश्वविद्यालय

आयरलैंड के विश्वविद्यालय

डबलिन विश्वविद्यालय (त्रिनिटी कालेज)

आयरलैंड नैशनल विश्वविद्यालय

क्वीन्स विश्वविद्यालय, बैल्फास्ट

पाकिस्तान विश्वविद्यालय

पंजाब विश्वविद्यालय

सिंध विश्वविद्यालय

बंगला के विश्वविद्यालय

ढाका विश्वविद्यालय

राजशाही विश्वविद्यालय

नेपाल विश्वविद्यालय

त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू

परिशिष्ट-I-'क'

केवल भारतीय सांख्यिकीय सेवा की परीक्षा में बैठने के लिए मान्यता प्राप्त अर्हताओं की सूची (नियम 6(ख) के अनुसार)

(I) भारतीय सांख्यिकीय संस्थान कलकत्ता का संख्याविद् - डिप्लोमा (स्टेटिस्टीशियन डिप्लोमा) और

(II) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान सांख्यिकीय संस्था का व्यवसायिक संख्याविद प्रमाण पत्र (प्रोफैसनल स्टेटिस्टिशियन सर्टिफिकेट)

परिशिष्ट II

खण्ड-I

लिखित परीक्षा की रूप रेखा

भारतीय अर्थ सेवा और भारतीय सांख्यकीय सेवा की परीक्षा के विषय :—

(क) लिखित परीक्षा :—

(I) निम्नलिखित खण्ड-2 के उपखण्ड क्रमश: (क) (क) और (ख) (ख) में दिये गये अनिवार्य विषय जिनके अधिकतम अंक 700 होंगे।

(II) निम्नलिखित खण्ड 2 के उप खण्ड क्रमश: (क) (ख) और (ख) (ख) में दिये गये ऐच्छिक विषयों में से चुने गये विषय। प्रत्येक सेवा के उम्मीदवार उन उपखण्डों के उपबन्धों के अधीन 400 अंक तक के ऐच्छिक विषय ले सकते हैं।

(ख) मौखिक परीक्षा :— (इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग (ख) को देखिए)।
उन उम्मीदवारों के लिये अधिकतम 250 अंक होंगे जिनको आयोग बुलाएगा।

खण्ड-II

परिक्षा के विषय

(क) भारतीय अर्थ सेवा

(क) अनिवार्य विषय (देखिये ऊपर खण्ड I का उपखण्ड (क) का खण्ड (I)।

	पूर्णांक
(1) सामान्य अंग्रेजी . . .	150
(2) सामान्य ज्ञान . . .	150
(3) अर्थशास्त्र-1 . . .	200
(4) अर्थशास्त्र-2 . . .	200

(ख) ऐच्छिक विषय (देखिए ऊपर खण्ड-1 के उपखण्ड (1) (1)

(1) तुलनात्मक आर्थिक विकास . .	200
(2) द्रव्य तथा लोक वित्त .	200
(3) ग्राम अर्थशास्त्र तथा सहकारिता .	200
(4) अन्तर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र . .	200
(5) सांख्यिकी -1 . . .	200
(6) सांख्यिकी -2 . . .	200
(7) गणितीय अर्थ-शास्त्र तथा ज्यामिति ,	200
(8) नमूना सर्वेक्षण . . .	200
(9) औद्योगिक अर्थशास्त्र . .	200
(10) व्यापार के सिद्धांत और अभ्यास .	200
(11) व्यवसाय वित्त तथा लेखा . .	200
(12) व्यवसाय प्रबंध तथा वाणिज्य नियम .	200

शर्त यह है कि किसी उम्मीदवार को 'अन्तर्राष्ट्रीय अर्थ-शास्त्र (4) और व्यापार के सिद्धांत तथा अभ्यास (10) दोनों विषय चुनने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

इस विषय में निम्नलिखित पांच शाखाओं में से प्रत्येक पर भिन्न भिन्न प्रश्न पत्र होंगे, अर्थात् (i) औद्योगिक सांख्यिकी, (सांख्यिकीय गुण नियंत्रण सहित) (ii) आर्थिक सांख्यकी (iii) शैक्षिक सांख्यिकी (मनोमिति सहित) (iv) जनन सांख्यिकी तथा (v) जनविद्या और जन्म मरण सांख्यिकी। इनमें से उम्मीदवार को किन्हीं दो का चुनाव करना है। प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिये अधिकतम अंक 100 होंगे।

(ख) भारतीय सांख्यिकी सेवा

(क) अनिवार्य विषय (ऊपर खण्ड-1) के उप खण्ड (क) के उपखण्ड (1) को देखिए)।

	पूर्णांक
(1) सामान्य अंग्रेजी . . .	150
(2) सामान्य ज्ञान . . .	150
(3) सांख्यिकी -1 . . .	200
(4) सांख्यिकी -2 . . .	200

(ख) ऐच्छिक विषय (ऊपर खण्ड 1 उप खण्ड (I) (II) को देखिये)।

(1) उच्च संभावित तथा यादृच्छिक प्रक्रिया .	200
(2) सांख्यिकीय अनुमीति . .	200
(3) प्रयोग अभिकल्पना . .	200
(4) नमूना सर्वेक्षण . . .	200
(5) अर्थशास्त्र -1 . . .	200
(6) अर्थशास्त्र -2 . . .	200
(7) गणितीय अर्थशास्त्र तथा अर्थमिति .	200
(8) तुलनात्मक आर्थिक विकास . .	200
(9) शुद्ध गणित -I . . .	200
(10) शुद्ध गणित -II . .	200
(11) शुद्ध गणित -III . .	200
(12) प्रयुक्त गणित . . .	200

इस विषय में निम्नलिखत पांच शाखाओं में से प्रत्येक पर भिन्न भिन्न प्रश्न पत्र होंगे, अर्थात् (i) औद्योगिक सांख्यिकीय (सांख्यिकीय गुण नियंत्रण सहित (ii) आर्थिक सांख्यिकी (iii) शैक्षिक सांख्यिकीय (मनोमिति सहित) (iv) जनन सांख्यिकी तथा (v) जन विद्या और जन्म मरण सांख्यिकीय। इनमें से उम्मीदवार को किन्हीं दो का चुनाव करना है। प्रत्येक प्रश्न-पत्र के लिए अधिकतम 100 अंक होंगे।

नोट :— इस खण्ड में दिये हुए विषयों का पाठ्य विवरण और स्तर इस परिशिष्ट अनुसूची के भाग (क) में दिया गया है।

खण्ड III

सामान्य

1. सभी प्रश्न पत्र के उत्तर अंग्रेजी में ही लिखने होंगे।

2. सांख्यिकी- II को छोड़कर उपर्युक्त खण्ड II में दिये गये प्रत्येक विषय के प्रश्न पत्र के लिए 3 घण्टे का समय दिया जायेगा। सांख्यिकी II में इस परिशिष्ट की अनुसूची के भाग (क) की मद (आइटम) 6 पर इस विषय के नीचे दिये गये नोट के अनुसार डेढ़-डेढ़ घंटे के पांच प्रश्न पत्र होंगे :

3. उम्मीदवारों को प्रश्नों का उत्तर अपने हाथ से लिखना होगा। उन्हें किसी भी हालत में उत्तर लिखने के लिये किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नही दी जायेगी।

4. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक (क्वालिफाइंग मार्क्स) निर्धारित कर सकता है।

5. भारतीय अर्थ सेवा के लिये केवल उन्हीं उम्मीदवारों के. दो एच्छिक प्रश्न पत्रों तथा निम्नलिखित अनिवार्य विषयों अर्थात् सामान्य अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों को जांचा और अंकित किया जायेगा जो लिखित परीक्षा के अर्थशास्त्र-I और अर्थशास्त्र-II विषयों में एक निश्चित न्यूनतम स्तर प्राप्त करेंगे, जैसा कि आयोग द्वारा अपने निर्णय से निर्धारित किया जायेगा।

भारतीय सांख्यिकीय सेवा के लिये केवल उन्हीं उम्मीदवारों के दो ऐच्छिक प्रश्न पत्रों तथा निम्नलिखित अनिवार्य विषयों, अर्थात सामान्य अंग्रेजी तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों को जांचा और अंकित किया जायेगा जो लिखित परीक्षा के सांख्यिकीय-I और सांख्यिकीय-II विषयों में एक निश्चित न्यूनतम स्तर प्राप्त करेंगे जैसा कि आयोग द्वारा अपने निर्णय से निर्धारित किया जायेगा।

6. यदि किसी उम्मीदवार की लिखावट आसानी से पढ़ने लायक नहीं होगी तो उसे अन्यथा मिलने वाले कुछ नम्बरों में से कुछ नम्बर काट लिये जायेंगे।

7. केवल सतही ज्ञान के लिए नम्बर नहीं दिये जायेंगे।

8. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई हो।

9. उम्मीदवारों से तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली की जानकारी की आशा की जाती है। प्रश्नों के उत्तर जहां कहीं ऐसा आवश्यक हो, तौल और माप की मीट्रिक प्रणाली का ही उपयोग किया जाये।

अनुसूची

(भाग क)

अंग्रेजी भाषा तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्रों का स्तर यही होगा जिसकी भारतीय विश्वविद्यालय के स्नातक से अपेक्षा की जा सकती है।

अन्य विषयों के प्रश्न पत्र किसी भारतीय विश्वविद्यालय के संबद्ध व्यवस्थाओं के अंतर्गत 'मास्टर' डिग्री परीक्षा स्तर के होंगे। उम्मीदवारों के तथ्यों द्वारा सिद्धांत की व्याख्या करने और सिद्धांतों द्वारा समस्याओं का विश्लेषण करने की अपेक्षा की जाएगी उनसे अर्थशास्त्र सांख्यिकी के क्षेत्र (क्षेत्रों) में भारतीय समस्याओं से संबंधित विशेष रूप से निपुणता की अपेक्षा की जाएगी।

1—सामान्य अंग्रेजी

उम्मीदवारों को अंग्रेजी भाषा में एक निबंध लिखना होगा। अन्य प्रश्न उम्मीदवारों को अंग्रेजी संबंधी योग्यता एवं अंग्रेजी शब्दों के सामान्य प्रयोग की जांच करने के लिये रखे जाएंगे। साधारणतया सारांश अथवा सारलेखन के लिये गद्यांश रखे जायेंगे।

2—सामान्य ज्ञान

इस प्रश्न पत्र के दो भाग होंगे :—

पहले भाग में उम्मीदवारों से ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें सामयिक घटनाओं का और दिन प्रति दिन देखी और अनुभव की जाने वाली बातों के वैज्ञानिक पक्ष का ऐसा ज्ञान सम्मिलित है जिसकी किसी ऐसे शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है जिसने वैज्ञानिक विषयों का विशेष अध्ययन न किया हो । इस प्रश्न पत्र में भारतीय इतिहास और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवारों को विशेष अध्ययन के बिना ही आना चाहिए ।

दूसरे भाग में ऐसे प्रश्न पूछे जाएंगे जिनके द्वारा उम्मीदवारों को तथ्यों और आंकड़ों का प्रयोग करने तथा उनसे तर्क संगत निष्कर्ष निकालने, जटिलताओं को प्रत्यक्ष जान लेने की योग्यता एवं महत्वपूर्ण और कम महत्वपूर्ण के बीच अंतर करने की योग्यता की जांच की जा सके ।

3—अर्थ-शास्त्र—1

क्षेत्र तथा रीतिविधान
संतुलन विश्लेषण

उपभोक्ता की मांग का सिद्धांत । तटस्थ रेखाओं का विश्लेषण अधिमान संबंधी विचार धाराएं, उपभोक्ता की बचत, उत्पत्ति के सिद्धांत, उत्पत्ति के कारक । उत्पत्ति फलन । उत्पत्ति के नियम । फर्म तथा उद्योग के अन्तर्गत साम्य ।

विभिन्न प्रकार के बाजार संगठनों में मूल्य निर्धारण । समाजवादी अर्थ व्यवस्था में मूल्य निर्धारण । मिश्रित अर्थव्यवस्था में मूल्य निर्धारण ।

लोकोपयोगी सेवाएं : लोकोपयोगिताओं की आर्थिक विशेषताएं ।

लोकोपयोगिताओं में मूल्य निर्धारण, लोकोपयोगिताओं का नियतन ।

वितरण का सिद्धांत । उत्पत्ति कारकों का मूल्य निर्धारण लगान मजदूरी ब्याज तथा लाभ के सिद्धांत । समाविष्ट वितरण सिद्धांत । राष्ट्रीय आय में मजदूरी का भाग । लाभ और आर्थिक प्राप्ति । आय वितरण में असमानताएं ।

रोजगार और उत्पादन का सिद्धांत:—क्लासिकल तथा नव-क्लासिकल विचार धाराएं । कीन्स का रोजगार सिद्धांत । कीन्स के बाद के सिद्धांत । आर्थिक उतार चढ़ाव । व्यापार चक्रों के सिद्धांत । व्यापार चक्रों को नियंत्रित करने के लिये वित्तीय तथा मौद्रिक नीतियां ।

कल्याणकारी अर्थशास्त्र—कल्याणकारी अर्थशास्त्र का क्षेत्र, क्लासिकल तथा नव-क्लासिकल विचार धाराएं । नवीन कल्याण कारी अर्थशास्त्र तथा क्षतिपूर्ति के सिद्धांत । अनुकूलतम दशाएं, नीति संबंधी भाषाएं ।

4—अर्थशास्त्र—1

आर्थिक विकास की संकल्पना तथा उसका मापन सामाजिक लेखा राष्ट्रीय आय लेखा । निधि प्रवाह का लेखा, निर्दिष्ट नियम का लेख ।

सामाजिक विचारधाराएं तथा आर्थिक विकास ।

विकासोन्मुखी अर्थव्यवस्था की विशेषताएं तथा समस्याएं ।

जनसंख्या की वृद्धि तथा आर्थिक विकास ।

विकास के सिद्धांत । विकास के प्रतिमान ।

आयोजन—संकल्पना तथा विधियां । समाजवादी तथा पूंजीवादी आर्थिक संगठन के आयोजन । मिश्रित अर्थव्यवस्था के आयोजन । ठोस (पर्सपैक्टिव) आयोजन । क्षेत्रीय आयोजन । विनियोग के सिद्धांत तथा पद्धतियां का चयन । लागत लाभ विश्लेषण । योजना माडल ।

भारत में आयोजन । आयोजन का प्रारम्भ । पंचवर्षीय योजनाएं । उद्देश्य तथा पद्धतियां । संस्थानों की गतिशीलता, प्रशासन तथा जन सहयोग । मौद्रिक और वित्तीय नीतियों का योगदान । मूल्य नीति, नियंत्रण तथा बाजार विन्यास व्यापार नीति तथा भुगतान संतुलन । सार्वजनिक उद्योगों का योगदान ।

5—सांख्यिकी

विभिन्न प्रकार के सांख्यिकीय सन्निकटन, परिमित अंतर, मानक अंतर्वेशन, सूत्र तथा परिशुद्धताएं प्रतिलोग अन्तर्वेशन । अवकलन तथा समाकलन की सांख्यिकीय विधियां ।

संभविता की परिभाषा—क्लासिकल मत, कार्यसिद्ध मत । प्रतिचयन अवकास । पूर्ण एवं मिश्रित समाविता का सिद्धांत । प्रतिबंधी टोकिय की असमता । प्रतिबंधित बंटन । बृहत संख्याओं के नियम तथा केन्द्रीय सीमित प्रमेय ।

मानक बंटन: द्विपद न्यासें, प्रसामान्य, आयताकार, पातीय, विलोम द्वीप प्रतिगुणोत्तर, कोशी लापलास, वीटा तथा गामा बंटन । द्विचर तथा बहुचर प्रसामान्य बंटन ।

बृहत और लघु प्रतिचयन सिद्धांत:—प्रनन्त स्पर्शीय बंटन तथा बृहत प्रतिचयन परीक्षण । मानक प्रतिचयन बंटन जैसे टी, एक्स-2, एफ (tx^2, F) तथा उन पर आधारित सार्थकता-साहचर्य तथा आसंग सारणियों का विश्लेषण ।

सह-संबंध गुणांक तथा उसका बंटन । फिशर का 'जेड' स्थांतरण गुणांक ।

समाश्रवण:—प्रासंजन रेखा बहुपद । आंशिक समाश्रवण तथा आंशिक सह संबंध गुणांक—नल मामलों में उनका बंटन । अंतवर्गीय सह-संबध वक्र आसंजन तथा लम्बकोणीय को बहुपद ।

प्रसरण विश्लेषण । एक घातीय प्राक्कलन का सिद्धांत । अन्तक्रिया प्रभाग सहित दिक् वर्गीकरण । महप्रसरण विश्लेषण । प्रयोग अभिकल्पना के मूल सिद्धांत । सामान्य अभिकल्पनाओं का अभिन्यास तथा विश्लेषण जैसे यादृच्छिकीकृत खंड तथा लेटिन वर्ग चित्र । उपादानय प्रयोग तथा संकरण लुप्त क्षेत्र प्रविधियां ।

प्रतिचयन विधियां—प्रतिस्थापन युक्त तथा प्रतिस्थापन रहित सरल यादृच्छ प्रतिचयन समाश्रयण तथा अनुपात प्राक्कलन । सामुहिक प्रतिचयन बहुक्रम प्रतिचयन तथा व्यवस्थित प्रतिचयन । प्रतिचयन त्रुटियां ।

प्राक्कलन:—मूल संकल्पनाएं । एक अच्छे प्राक्कलन की विशेषताएं बिंदु प्राक्कलन तथा अंतराल प्राक्कलन । अधिकतम संभाविता प्राक्कलन तथा उनके गुण वर्ग ।

परिकल्पनाओं के परीक्षण—सांख्यिकीय परिकल्पनाएं। सरल तथा संयुक्त परिकल्पना। सांख्यिकीय परीक्षण की संकल्पना। त्रुटियों के दो प्रकार। घात फलन। संभाविता अनुपात परीक्षण विश्वास अंतराल।

प्राक्कलन। अनुकूलतम विश्वास परिबंध।

असमष्टीय परीक्षण जैसे-संकेत परीक्षण, माध्यिका परीक्षण तथा चाल परीक्षण। सरल विकल्पना के विपरीत सरल परिकल्पना परीक्षण के लिये वाल्ड का अनुक्रमिष्ट संभाविता अनुपात परीक्षण। 'ओ सी' तथा ए एस० एन० फलन तथा उनके सन्निकट।

6 सांख्यिकी II

नोट:—इस विषय में निम्नलिखित पांच शाखाओं में से प्रत्येक पर भिन्न प्रश्न पत्र होंगे, अर्थात् (i) औद्योगिक सांख्यिकी (सांख्यिकीय गुण नियंत्रण सहित) (ii) आर्थिक सांख्यिकी (iii) शैक्षिक सांख्यिकी (मनोमिति सहित) (iv) जनन सांख्यिकी तथा (v) जनविद्या और जन्म मरण सांख्यिकी।

जो उम्मीदवार इस विषय को अनिवार्य या ऐच्छिक विषय के रूप में लेंगे उन्हें उपर्युक्त किन्हीं दो का चुनाव करना होगा, जिसको उन्हें अपने प्रार्थना पत्र में बताना होगा। एक बार प्रश्न पत्र चुनने के बाद परिवर्तन की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।

I सांख्यिकीय प्रकार नियंत्रण सहित औद्योगिक आंकड़े

उद्योग के अंतर्गत प्रकार नियंत्रण का सैद्धांतिक आधार। सहन सीमाएं विभिन्न प्रकार के नियंत्रण चार्ट ऐक्स और चार्ट 'पी' और सी चार्ट, वर्ग नियंत्रण चार्ट।

स्वीकार प्रतिचयन। एक पक्षीय, द्विपक्षीय, बहुपक्षीय तथा अनुक्रमिक प्रतिचयन योजना। 'ओ सी' तथा ऐ० एम० एन० फलन गुणों (Attributes) तथा चरों (Variables) द्वारा प्रतिचयन ग्रोजरो रोमिंग तथा अन्य सारणियों।

औद्योगिक सम्परीक्षण डिजाइन। उद्योगों में समाश्रयण विधियों का प्रयोग तथा प्रसरण विधियों का विश्लेषण। उद्योगों में एकजातिया कार्यक्रम सहित संक्रियात्मक अनुसंधान विधियों का प्रयोग।

II अर्थ-सांख्यिकी

मूल्य और परिमाण के सूचकांक। सूचकांको के विभिन्न प्रकार, जैसे:— थोक मूल्यों के सूचकांक तथा जीवन निर्वाह सूचकांक। सूचकांकों का सिद्धांत।

आय-वितरण। पैरेटो वक्र तथा अन्य वक्र। एक केन्द्रीय वक्र तथा उनके प्रयोग।

राष्ट्रीय आय। राष्ट्रीय आय के विभिन्न क्षेत्र। राष्ट्रीय आय के प्राक्कलन की विधियां। अंतर्क्षेत्रीय आय प्राक्कलन वर्ग समस्याएं। अन्तर्उद्योग सारिणी। निविष्ट-निष्ट विश्लेषण तथा एकजातीय कार्यक्रम का प्रयोग।

आर्थिक काल—श्रेणियों का विश्लेषण तथा निर्वचन आर्थिक काल श्रेणीयों के चार संघटक। गुणात्मक तथा संयोज्यात्मक माडल। वक्र आसंजन तथा चल माध्यविधि उपनति निर्धारण। स्थित तथा चल सामयिक सूचकांकों का निर्धारण। स्वसंबंध। आवर्तिनावर्क विश्लेषण। यदृच्छिका परीक्षण।

उपभोग और मांग का सिद्धांत मांग के कार्य, मांग की तोल, काल श्रेणी तथा पारिवारिक बजट आंकड़ों द्वारा मांग का सांख्यिकीय विश्लेषण।

III शिक्षा सांख्यिकी मनोमितिसहित :-

परीक्षण मदों का मापन। प्राप्तांक मानक प्राप्तांक सामान्य प्राप्तांक (ट) तथा 'सी' मान, स्टेमीन, मान, शततमकमान।

मानसिक परीक्षण, परिक्षणों की विश्वसनीयता और संसगति। विश्वसनीयता की संगणना की विभिन्न विधियां। विश्वसनीयता का सूचक। सुसंगति निर्धारण की प्रक्रियाएं। परीक्षण बैटरी को मान्यकरण। चाल बनाम घात परीक्षण।

उत्पादन विश्लेषण। मद विश्लेषण। अभिरुचि परीक्षाओं में सह-संबंध विधियों का उपयोग।

स्मरण तथा विस्मरण का माप, स्मरण माडल। अभिवृति तथा मत का माप। समूहगत व्यवहार के माप।

IV जनन आंकड़े :

आनुवंशिकता का भौतिक आधार। मेन्डल के नियम। लिंकेज। पृथकरण का विश्लेषण। लिंकेज की पहिचान तथा प्राक्कलन।

बहुजनन आनुवंशिकी। बृहत्तम विचलन के संघटक।
अनुवंशिकता का प्राक्कलन, चयन,। चयन का आधार। प्रजनन परीक्षण चरित्र सामिश्रण के लिये चयन।
जनसंख्या जनन। जनन बारंबारता। अपः प्रजनन। यादृच्छिक उपागम। लिंकेजस का विम्य।
मानक जनन के तत्व। रक्त वर्गों का अध्ययन। रोग विशेषताएं तथा विपथन।

V जनांकिकी तथा जन्म मरण संबंधी आंकड़े

जीवन सारिणी, उसका निर्माण तथा गुण। मेकेहम तथा गोमपर्ट्स वक्र, मृत्यु संख्या की वार्षिक तथा केन्द्रीय दरों की व्युत्पत्ति। राष्ट्रीय जीवन सारणियां। यू० एन० आदर्श जीवन सारणियां। संक्षिप्त जीवन सारणियां। स्थिर जनसंख्या /स्थावर जनसंख्या।

अशोधित प्रजनन दरें, विशिष्ट प्रजनन दरें, मूल और शुद्ध जन्म दरें। परिवार का आकार। अशोधित मृत्यु दरें, कुल और शुद्ध जन्म दरें। बाल मृत्यु दरें। सकारण मृत्यु संख्या। प्रमाणीकृत दरें।

आंतरिक तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रत्यावर्तन। विशुद्ध प्रत्यावर्तन, पिछली तथा उन्नत अतिजीविता अनुपात सिद्धांत।

जनांकीय संक्रमण। जनसंख्या निर्धारण के सामाजिक तथा आर्थिक निर्धारण। जनसंख्या प्रक्षेत्र। गणितीय तथा संघटक विधियाँ वृद्धि घातवक्र आसजन।

7. तुलनात्मक आर्थिक विकास

विभिन्न सामाजिक व्यवस्थाओं के अन्तर्गत विशेष रूप से भारत, जापान, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा सोवियत रूस के संदर्भ में आधुनिक आर्थिक विकास का तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक अध्ययन। उम्मीदवारों से विभिन्न प्रकार की अर्थ व्यवस्थाओं, जैसे क्रय विक्रय प्रधान स्वतंत्र उद्यम अर्थ व्यवस्था केन्द्रीय योजनाबद्ध अर्थ व्यवस्था उनमें हुए परिवर्तन, विशेष रूप से विकासशील अर्थ व्यवस्थाओं को प्रदान करने योग्य शिक्षाओं की दृष्टि से ऐतिहासिक विकास तथा क्रियात्मक लक्षणों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने की अपेक्षा की जायेगी।

8. मुद्रा तथा सार्वजनिक वित्त

मुद्रा का स्वरूप तथा कार्य। मुद्रा का मूल्य। मुद्रा उत्पति और मूल्य गुणक तथा आय उत्पादन की प्रक्रिया। व्यापारचक्र और मूल्य व्यापार। मुद्रा स्फीति।

मौद्रिक नीति के उद्देश्य तथा रचना। बैंक दर तथा खुले बाजार की कार्यवाही। केन्द्रीय बैंक पद्धति। सामान्य तथा सुविशिष्ट शाखा नियंत्रण विकासशील अर्थव्यवस्था के अंतर्गत अपनाई जाने वाली मौद्रिक नीति। विकसित तथा विकासशील अर्थव्यवस्था में मुद्रा तथा पूंजी बाजार। भारतीय मुद्रा बाजार का संगठन।

सार्वजनिक वित्त :—स्वरूप, क्षेत्र, महत्व और उद्देश्य।

कराधान के सिद्धांत:—करारोपण तथा महत्व परकर योग्य क्षमता तथा दोहरा कराधान, सार्वजनिक व्यय का प्रभाव और महत्व। पूर्ण रोजगार और आर्थिक विकास की वित्तीय नीति। घाटे की वित्त व्यवस्था। सार्वजनिक उद्यमों से प्राप्त आय।

सार्वजनिक ऋण के सिद्धांत। आन्तरिक और विदेश ऋण। ऋण व्यवस्था। संघीय वित्त व्यवस्था के सिद्धांत।

9. ग्रामीण अर्थ शास्त्र तथा सहकारिता

आर्थिक विकास में कृषि का योगदान।

कृषि उत्पादन तथा संसाधनों का उपयोग, उत्पादन फलन, उत्पादन माप, लागत और पूर्तिचक्र अनिश्चितता की स्थिति में उत्पादन कारकों का संयोजन तथा उत्पादन विधियों का चयन। फसल आयोजना।

उत्पादन कारकों का क्रय विक्रय :— भूमि का क्रय विक्रय, भूमि का मूल्य और लगान। श्रम का क्रय विक्रय। मजदूरी और रोजगार, बेरोजगार तथा अल्प रोजगार। पूंजी बाजार, बचत और पूंजी का निर्माण।

वस्तुओं की मांगें। खाद्यान की मांग।

कृषि अन्य पदार्थों का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मूल्य टैरिफ वस्तु संबंधी समझौते। कृषि विकास संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम।

भारतीय ग्राम्य-अर्थव्यवस्था की समस्याएं

कृषि जोत। भूमि का अधिग्रहण। फसल पद्धति कृषि निपज की समस्याएं। भूमि सुधार। सामुदायिक विकास और पंचायती राज्य। कृषि संबंधी धंधे और ग्रामीण उद्योग। ग्रामीण ऋण प्रसनाना कृषि साख कृषि विपणन और मूल्य प्रसार। वस्तुओं की मांग और खाद्यानों की मांग। मूल्य आवलंब और स्थिरता। कृषि भूमि तथा कृषि आय कर करारोपण/आयोजन के अंतर्गत भारतीय कृषि को विकास कर।

पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि का स्थान। कृषि विकास के मूल्य कार्यक्रम।

सहकारिता: सिद्धांत, उद्गम तथा विकास। भारत तथा दूसरे देशों के सहकारिता आंदोलनों का तुलनात्मक अध्ययन। भारत में विभिन्न प्रकार की सहकारी संस्थाओं का रूप, संगठन तथा कार्यप्रणाली। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इन संस्थाओं का महत्व। राज्य तथा सहकारी आंदोलन। रिजर्व बैंक आफ इंडिया का योगदान।

10. अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार क सिद्धांत। व्यापार के लाभ। व्यापार की शर्तें। व्यापार नीति। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास। टैरिफ का सिद्धांत। परिभाषात्मक व्यापार नियंत्रण। सीमाशुल्क संघ। मुक्त व्यापार क्षेत्र। यूरोपीय साझा बाजार।

भुगतान शेष। भुगतान शेष के असंतुलन। समायोजन की प्रक्रिया। विदेशी व्यापार गुणक। विनिमय दर। आयात और निर्यात नियंत्रण। व्यापार समझौते। प्रमुख करेंसी प्रमाप। बाह्य और आंतरिक संतुलन।

अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं। अंतर्राष्ट्रीय वृणनिस्तारण और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष। अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक सुधार। विकासशील देशों के संबंध में भेदभाव रहित प्रवृत्तियां। निर्यात अस्थिरता और वस्तुओं के बाजार भाव की स्थिरता। अंतर्राष्ट्रीय निजी और सार्वजनिक पूंजी से संबंधित जी० ए० टी० टी० का योगदान। आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहायता। अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (I.B.R.D.) एवं तत्संबंधी संस्थाएं। एशियाई विकास बैंक।

11. गणितीय अर्थशास्त्र और अर्थमिति

अर्थशास्त्र में गणित और सांख्यिकी का महत्व। अर्थशास्त्र में मापों का प्रयोग: अर्थशास्त्र में गणित का महत्व: आर्थिक सहयोग के मापन में सांख्यिकीय अनुमति की विधियों और पद्धतियों का प्रयोग।

मांग विश्लेषण:—मांग का सामान्य सिद्धांत और मांग की मान: गत्यात्मक और स्थैतिक मांग फलन: आयोजन की स्थिति में अंत:—संबंधित मांग और पूर्तिफलन: मांग और पूर्ति प्राक्कलन की विधियां। मांग प्रक्षेप तथा मांग और मूल्य के प्रति अल्पकालीन दृष्टिकोण।

उत्पत्ति फलन :—उत्पादन और उत्पादन संभावना फलन की संकल्पना, उत्पादन फलन लागू करने की विधियां। उत्पादन आयोजन और उत्पादन नियंत्रण की गणितीय विधियां।

एक घातीय कार्यक्रम:—क्रिया विश्लेषण। एक घातीय कार्यक्रम और उसका उपयोग। निविष्ट निपज विश्लेषण। गेम सिद्धांत के तत्व, आर्थिक आयोजन में उनका प्रयोग।

कीन्सवादी अर्थशास्त्र और क्लासिकल अर्थशास्त्र के गणितीयमाडल

गुणक संकल्पना। त्वरक सिद्धांत। साम्य विश्लेषण। उपभोक्ता साम्य। स्थिर दशाएं, आय और मूल्य वृद्धि की मांग पर प्रभाव, पूरक और स्थानापन्न वस्तुएं।

बाजार मांग:—विनियम संतुलन, व्यवसाय संतुलन। अर्थव्यवस्थापक के अन्तर्गत उत्पादन और विनियम का साम्य, मांग और पूर्ति का सामान्यीकृत नियम।

निर्मिति (Structure) और माडल की संकल्पना

निर्मिति की विभिन्न संकल्पनाओं—निर्मित और माडल में भेद। स्वतंत्र समीकरण और सम्मिलित समीकरण माडलों में समष्टि प्राक्कलन।

आयोजन माडल : —विभिन्न प्रकार के विकास माडल, पूंजी निपज अनुपात और आर्थिक आयोजन में उनका उपयोग। आयोजन माडल दीर्घकालीन प्रक्षेप और संदर्श। अल्पकालीन आर्थिक पूर्वानुमान।

12. प्रतिचयन सर्वेक्षण

जनगणना और सर्वेक्षण में प्रतिचयन का स्थान। ढांचे और प्रतिचयन ईकाई की संकल्पना।

प्रतिचयन की विधियां : यादृच्छिक प्रतिचयन, स्तरित प्रतिचयन, स्तरण का चयन, बहुखण्डीय प्रतिचयन, सामूहिक प्रतिचयन, क्रमबद्ध प्रतिचयन, दुहरा प्रतिचयन, चर-प्रतिचयन भिन्न आकार के अनुपात में संभाविता के साथ प्रतिचयन, बहुपदीय प्रतिचयन, प्रतिलोग प्रतिचयन।

प्राक्कलन की प्रक्रियाएं:—कुल और औसत जन संख्या का प्राक्कलन। प्राक्कलन में अभिनति। प्राक्कलन की त्रुटि। अनुपात समाश्रयण और गुणन प्रतिचयन।

अनुमूलतम अभिकल्पनाएं। लागत और प्रसरण फलन, पथप्रदर्शी सर्वेक्षण का उपयोग। परिचयन इकाइयों का अनुमूलतम आकार और गठन। स्तरित, बहुभेदीय, और बहुखण्डीय अभिकल्पनाओं में अनुकूलतम विनिवान आवृत्ति सर्वेक्षण में अनुकूलतम प्रतिस्थापन भिन्न।

गैर प्रतिचयन त्रुटियां और उनका नियंत्रण, अनुक्रिया अभाव का सिद्धांत अन्देशी प्रतिचयन।

अभिकल्पना और पथप्रदर्शी तथा बड़े पैमाने के आवृच्छिक प्रतिचयन का संगठन। प्रतिचयन के रेखांकन की परिचालन की प्रक्रियाएं यादृच्छिक प्रतिचयन संख्याओं का उपयोग। 'पी० पी० एस०' प्रतिचयन के रेखांकन की विभिन्न विधियां। आंकड़ों के संग्रहण और सारणयन की प्रक्रियाएं। सर्वेक्षण आंकड़ों का विश्लेषण और प्रतिवेदनों का निर्माण।

13. औद्योगिकी अर्थशास्त्र

उद्योग प्रतिस्पर्धी उद्योग का गठन। औद्योगिक इकाई के आकार का सिद्धांत। औद्योगिक स्थान का निर्धारण। क्षेत्रीय औद्योगिक विकास। औद्योगिक समाकलन। संघ और एकाधिकार।

औद्योगिक उत्पादन की समस्याएं : उत्पादकता —संकल्पना और मापन उत्पादकता वृद्धि की विधियां। लागत रचना और मूल्य निर्धारण की नीतियां।

भारतीय उद्योगों का गठन—आकार, स्थिति, एकीकरण और क्षेत्रीय संतुलन।

भारतीय उद्योगों की समस्याएं—वित्त, निविष्टियां, क्षमता का उपयोग। औद्योगिक नीति। सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र। औद्योगिक लाईसेन्स की नीति। विदेशी पूंजी और तकनीकी सहयोग। सार्वजनिक उद्यम की समस्याएं। संगठन प्रबंध नियंत्रण और उनका लेखा-जोखा।

छोटे पैमाने के उद्योगों की समस्याएं और औद्योगिक संपत्ति।

श्रम और आर्थिक विकास। श्रम उत्पादकता और प्रेरण स्रोत। भारत औद्योगिक संबंध। मजदूर संघों का गठन और संगठन। मजदूर संघ और राज्य औद्योगिक झगड़ों का निपटारा। न्यूनतम और उचित मजदूरी। मजदूरी और कार्य करने की दशाओं का राज्य द्वारा निर्धारण। श्रम कल्याण।

14. व्यापार सिद्धांत और व्यापार कार्य

क्रय-विक्रय। क्रय विक्रय की संकल्पना। बाजार की विशेषताएं। विपणन कार्य। विपणन क्रिया। केन्द्रीयकरण और विस्तार, क्रय, विक्रय माल यातायात भंडारण, कोटीक्रम और वित्त। ग्राहक का स्वभाव और निर्णय। बाजार संबंधी जानकारी और अनुसंधान। वितरण के स्रोत। बाजार लागत और बाजार क्षमता। बिक्री पूर्वानुमान और आयोजन। बिक्री प्रोत्साहन विज्ञापन और विक्रेता के गुण। राज्य नियंत्रित बाजार।

भारतीय बाजार। कृषि उपज और औद्योगिक वस्तुओं का बाजार, भारत में संयुक्त बाजार। स्टाक एक्सचेंज और उपज एक्सचेंज, उनके कार्य और क्रियाविधि। सरकारी नीति। सरकारी विपणन, संगठन और राजकीय व्यापार।

विदेशी व्यापार। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की विशेषताएं : घरेलू, व्यापार के भिन्न व्यापार की विशेष समस्याएं। यातायात, वित्त और बीमा, साख से संबंधित जोखिम, विनियम दर में उतार चढ़ाव और भुगतान स्थान। विदेशी व्यापार में प्रयुक्त अभिलेख। आयात और निर्यात केन्द्रों का गठन और संगठन। निर्यात और आयात नियंत्रण के तरीके।

भारत के विदेशी व्यापार की मुख्य विशेषताएं —वस्तु संरचना, मुख्य दिशाएं गत दशक में निर्यात और आयात नियंत्रण

की क्रियाएं। लाइमेन्स प्रक्रियाएं और उसका आधार। विदेशी व्यापार वित्त। निर्यात जोखिम गारंटी पद्धति। हाल ही के वर्षों में निर्यात वृद्धि के लिये अपनाई गई विधियां भारत के व्यापार समझौते। राज्य व्यापार निगम के कार्य।

15. व्यवसाय वित्त और लेखे

आधुनिक उद्योग की वित्तीय आवश्यकताएं। भारत में औद्योगिक वित्त के साधन। भारतीय पूंजी बाजार। संस्थाओं द्वारा वित्त प्रबंध। विदेशी पूंजी, स्रोत, ब्याज की दरें और भुगतान की शर्तें। किसी एक फर्म की बजट पूंजी संबंधी आवश्यकताएं। पूंजी का उत्तम ढांचा किसी फर्म में अंतर्गत निधियों के स्रोत और उपयोग। निजी वित्त मूल्य ह्रास की नीति। संचित कोष और लाभांश। करारोपण और वित्तीय नीति।

पूंजी की बजट व्यवस्था। वित्तीय विवरणों की तैयारी, विश्लेषण और निर्वचन। साख और शेयरों का मूल्यांकन। पुनर्निर्माण एकीकरण और विलयन योजनाओं का निर्माण। लेखा बही में अनाहृत हुंडियों का इन्दराज।

लागत निवरणों का निर्माण :—खर्चे की व्यवस्था और नियंत्रण। बजटीय नियंत्रण के सिद्धांत। प्रमाणिक लागत। वित्तीय और लागत लेखों का मिलान।

16. व्यवसाय प्रबन्ध और वाणिज्य विधि

प्रबन्ध पद्धति और प्रबंधीय कार्य। नीति निर्धारण और व्यवसाय के उद्देश्य। नेतृत्व और साहस, नियंत्रण और निर्णय की शक्ति। प्राधिकारी संबंध, प्राधिकार शिष्टमण्डल, प्राधिकार के स्तर और उत्तरदायित्व, नियंत्रण का विस्तार, पर्यवेक्षक की भूमिका।

संचार और प्रेरणा स्रोत की समस्याएं।

उत्पादन और वस्तु सूचक नियंत्रण। प्रकार नियंत्रण। समय और गति का अध्ययन। संयम की स्थापना और कार्य की माप जोख।

17. उच्च संभाविता और यादृच्छिक क्रियाविधियां

(क) उच्च संभाविता, संभाविता माप, यादृच्छ पद, बंटन फलन का विघटन, यादृच्छ पदों की प्रत्याशी। प्रतिबंधी संभावित और प्रतिबंधी प्रत्याशाएं, अनुक्रम का एकीकरण और स्वतंत्र यादृच्छ पदों का योग कोलमोंगोरोव की विषमता, बहुत संस्थाओं का कठोर और कमजोर नियम बंटन में एकीकरण, अथविद्ता और सातत्य के सिद्धान्त गुणनफल अद्वितीय सिद्धान्त प्रतिव्योम सूच, केन्द्रीय सीमा सिद्धान्त, पूर्ण की समस्याएं।

(ख) **यादृच्छिक क्रियाविधियां**

यादृच्छिक क्रियाविधियों की परिभाषा और वर्गीकरण

अनुक्रम (वास्तविक समय का इंटरयल या विविकल) से इंडेक्स की हुई वास्तविक यादृच्छ पद के समूह के रूप में यादृच्छिक क्रियाविधियां/सीमित आयोग वितरण कार्यों की श्रेणी और उससे संबंधित कोलमोगोरोव का साक्षेपता संबंधी विवरण।

यादृच्छ पदों में निर्भरता के विभिन्न प्रकार, स्वतन्त्रता, स्वतन्त्र विकास मारटिंगेल्स। मार्को निर्भरता, विस्तृता और संकुचित प्रकार की अबलता।

मार्को व क्रियाविधियां :—डिस्क्रीट पैरोमीटर सहित और सीमित व डीन्यूमिरेबल्व स्टेट स्थेसिस सहित पूर्णतः अचल मार्कोव कार्याविधि (मार्कोव चेंस के नाम से भी विख्यात) संक्रमण संभावना, मैट्रिसेसस : स्थितियों का वर्गीकरण और स्थितियों की श्रेणियां।

लगातार पैरोमीटर सहित मार्कोव कार्याविधि डिस्ट्रीट स्टेट स्पेस : कोलमोंगोरोव का फोवर्ड और बैकवर्ड समीकरण, मोंगो

जनसंख्या की वृद्धि से संबंधित साधारण, समयोपेक्षी यादृच्छिक कार्य विधियां : मत्स्य कार्याविधि। विशुद्ध जन्म कार्यविधियां जन्म मृत्यु कार्य विधियां, जन्म मत्यु कार्याविधि (बाद के दो प्रकार की लाइनियर प्रोसेस के मामले में पूर्ण हल)।

विस्तृत कार्यों में अचल कार्याविधि और डिस्क्रीट पैरामीटर

सहविमेदीकरण कार्य, सहविमेदीकरण कार्य और कार्याविधि का स्पेक्ट्रेल रिप्रेजनटेशन, अचल कार्यविधियों के पारस्परिक निष्पादनों के उदाहरण सामान्य राशनल स्पेक्ट्रेल डेंसीटी के उदाहरण।

18. सांख्यिकीय अनुमान

नोट :—उम्मीदवार को खण्ड 'क' और 'ख' अथवा खण्ड 'क' 'ग' प्रश्नों का उत्तर देना होगा।

(क) (I) **प्राक्कलन**

प्राक्कलन की विभिन्न विधियां, अधिकतम संभाविता की विधि, न्यूनतम वर्ग विधि पूर्ण की विधि, लघुतम वर्गों की विधि, अधिकतम संभावित आगणक के अनंतस्पर्शयी गुण धर्म।

कमर राव असमता और बहु समष्टिक मामलों में उसका सामान्यीकरण भट्टाचार्य परिबंध। पर्याप्त सांख्यिकी गुण खण्डन प्रमेय, पिटमैन—कूपमेने—डरमोहस प्रकार के बंटलन पर्याप्त सांख्यिकी के न्यूनतम सेट, राव ब्लेक वेक्त का प्रमेय। संभाविता बंटन का पूर्ण परिवार पूर्ण सांख्यिकीय। न्यूनतम प्रसरण प्राक्कलन पर लेहमान शेफे का सिद्धान्त।

(II) **परिकल्पनाओं का परीक्षण**

परिकल्पना परीक्षण का नैमेनर्यिसन सिद्धान्त। यादृच्छिक अयादृच्छिक परीक्षण।

अति शक्ति और समानतः अधिशक्त परीक्षण। 'नेमेन पियर्सन की मूल प्रमेयिका। अनामिनत त्रुटि, परीक्षणों की सांमजस्यता और उक्षता। समान क्षेत्र, स्थानीय अनुकूलतम गुणधर्म सहित परीक्षा 'ए' 'ए' व 'ए'/'बी' 'सी' तथा 'डी' किसम के संशय अंतराल। पूर्णतया और एकरूपता वाले सिद्धातों में संबंध। परीक्षण विन्यास का संभाविता अनुपात सिद्धांत और उसके कुछ प्रयोग।

(III) **गैर-प्राचलिक परीक्षण**

क्रम आंकड़े लघु प्रति चयन और दीर्घ प्रतिचयन बंटन यक्त विश्वस्त अतराल। निम्नलिखित के लिए बंटन मुक्त क्षेत्र :—

(I) आसजन सोष्ठव का वर्गीय परीक्षण, कोलमोगोराव सिम्रनोव परीक्षण।

(II) दो जनसंख्याओं की तुलना : चाल परीक्षण, डिक्सन का परीक्षण, विलकाक्सन का परीक्षण, माध्यिका परीक्षण, लक्षण परीक्षण, फिसरपिटमैन का परीक्षण।

(III) स्वातंत्र्य, असंगता, का वर्ग स्पयरमेन और केंडल का कोटि सह संबंध गुणांक।

असमष्टीय परीक्षणों के बृहत् प्रतिचयन गुणधर्म। द्विशूलीय न्यास (यूस्टेटिक्टिस) और उनके सीमांत बंटन।

(**ख**) **निर्णय फलन**

सांख्यिकीय योजना और उससे संबंधित चयन के सिद्धांत। सांख्यिकीय योजना के रूप में सांख्यिकीय समस्याओं का निरूपण, निर्णय फलन, यादृच्छिक और अयादृच्छिक निर्णय के नियम। मिनियक्स बोर्ड के न्यूनतम खेद निर्णय नियम। वर्ग त्रुटि हानि फलन में ग्राह्म और मिनिमेक्स प्राक्कलन। परीक्षार्थी के बलिष्ट पूर्ण वर्ग।

पर्याप्त का सिद्धान्त और अप्रसरण का सिद्धांत। हंट स्टीम प्रमेय। मिनिमेक्स अप्रसरण निर्णय नियम।

